
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-80 ❐ सोमवार, 20 अप्रैल 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण गारू से बात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुझे यकीन है कि वह जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगे। उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। नरेन्द्र मोदी

चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी सामग्री पर सख्ती की 11

शिक्षा बोर्ड का पाठ्यक्रम न पढ़ाने वाले मदरसे होंगे बंद 12

## संक्षेप

### पटाखा फैक्टरी में धमाका, 16 लोगों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के कट्टनारपट्टी इलाके में पटाखा फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है और छह अन्य घायल हुए हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब कुछ दिन पहले ही इसी जिले में एक और फैक्टरी में धमाका हुआ था। धमाका इतना जोरदार था कि फैक्टरी के कई हिस्से पूरी तरह तबाह हो गए। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचा और अब तक कई शव मलबे से निकाले जा चुके हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अंदर फंसे लोगों को निकालने का अभियान जारी है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। फैक्टरी में विस्फोट उस समय हुआ जब कर्मचारी काम कर रहे थे। अचानक हुए धमाके से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग तेजी से फैल गई और कई लोग अंदर ही फंस गए। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया और बचाव अभियान चलाया। फायर और रेस्क्यू विभाग के अनुसार, अब तक कई शव बरामद किए जा चुके हैं और बाकी लोगों को खोजने का काम जारी है। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और जांच शुरू कर दी है कि विस्फोट कैसे हुआ। इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और उन्हें इससे गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और कहा कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। साथ ही प्रशासन को राहत और सहायता कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

### दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग तीन दिन की भारत की राजकीय यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचे। यह दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने राष्ट्रपति ली का स्वागत किया । यह यात्रा दक्षिण कोरिया और भारत की विशेष रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। राष्ट्रपति म्युंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर आए हैं और वह 21 अप्रैल तक यहां रहेंगे। उनके साथ प्रथम महिला किम हीया क्यूंग और मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति म्युंग श्री मोदी के साथ पोत निर्माण, व्यापार, निवेश, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अर्धचालक, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, जन-संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

# इंडी गठबंधन की हंसी ने द्रौपदी चीर हरण की याद दिला दी: योगी

## मुख्यमंत्री ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक गिरने पर समूचे विपक्ष को आड़े हाथों लिया

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



- ❐ मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की मांग संविधान विरोधी
- ❐ कांग्रेस ने हमेशा किया प्रगतिवादी सोच का विरोध
- ❐ 17 अप्रैल काला दिवस के रूप में जाना जाएगा : अन्नपूर्णा देवी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक गिरने पर रविवार को समूचे विपक्ष को आड़े हाथों लिया। विधेयक गिरने के बाद विपक्षी दलों द्वारा जश्न मनाया गया। गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां की गई। इससे उभरे दृश्य से भारतीय इतिहास के उस पीड़ादायक प्रसंग की याद दिला दी, जब भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण हुआ था। मुख्यमंत्री ने रविवार को भाजपा कार्यालय में बातचीत में कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा किया गया कृत्य न केवल नारी सम्मान के खिलाफ है, बल्कि अक्षम्य पाप है। संसद में विपक्ष के नारी-विरोधी आचरण से आधी आबादी के मन में भारी आक्रोश है। यह आक्रोश कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों, समाजवादी पार्टी, आरजेडी, टीएमसी, डीएमके और अन्य उन दलों के प्रति है, जो इस पाप में भागीदार थे।

देश की नारी शक्ति उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के आचरण के विरुद्ध महिलाएं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रही हैं। उनके हर लोकतांत्रिक विरोध कार्यक्रम का भाजपा समेत एनडीए के घटक दल सहयोग करेंगे। अगर सर्वसम्मति से यह पास हो जाता तो स्वाभाविक रूप से पूरे सदन को इसका श्रेय मिलता। नारियों के सम्मान, सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए जो कदम उठाए जा रहे थे, उससे महिलाओं को वह हक मिलता जो उनका स्वाभाविक अधिकार है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, एनडीए घटक दलों से सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी प्रमुख डा. संजय निषाद, प्रदेश सरकार में मंत्री व लोकदल नेता अनिल कुमार, अपना दल विधायक राम निवास वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा ने मुद्दा उठाया कि मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण क्यों नहीं दिया जा रहा है। ये संविधान की दुहाई देते हैं, लेकिन बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की भावनाओं के प्रतिकूल आचरण यहां भी देखने को मिला। संविधान बनाते वक्त भी धर्म के नाम पर आरक्षण की मांग उठी थी। सभी ने इसका विरोध किया था। बाबा साहब ने इस पर बहुत तीखी टिप्पणी की थी कि एक बार विभाजन हो गया है, अब भारत दूसरे विभाजन के लिए तैयार नहीं हो सकता। वे आज जो मुस्लिम महिलाओं की बात करते हैं, लेकिन तब कहां थे जब शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस की सरकार ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को वंचित कर दिया था? नरेंद्र मोदी जब तीन तलाक विरोधी कानून लाए तब भी इन्होंने विरोध किया था।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रगतिवादी सोच का विरोध किया। संशोधित विधेयक पर कुछ राज्यों ने मांग उठाई थी कि कहीं ऐसा न हो कि इससे उनके हक को कम कर दिया जाए। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए संसद और विधासभाओं में सीटें बढ़ाने का प्रावधान किया था। यह आश्वस्त किया गया था कि 2011 की जनगणना के अनुसार जो व्यवस्था है, उसी के तहत जैसे उत्तर और पूर्व के राज्यों में सीटें बढ़ेंगी, वैसे ही दक्षिण के राज्यों में भी उसी अनुपात में सीटें बढ़ाई जाएंगी। कांग्रेस को सबसे ज्यादा वक्त तक शासन का अवसर मिला, लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई गई चार जातियों (महिला, गरीब, किसान और युवा) के लिए कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकारों महिला कल्याण के लिए की गई पहलों को सिलसिलेवार बताया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके ने बिल का विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई। 17 अप्रैल काला दिवस के रूप में जाना जाएगा। महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उसका अधिकार नहीं दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा यूपी का किया शुभारंभ

# सदियों के आक्रमणों के बावजूद आज भी अडिग है सनातन आस्था



**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदियों के आक्रमणों और चुनौतियों के बावजूद भारत की सनातन आस्था आज भी अडिग है और निरंतर नए गौरव के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी उसी अजर-अमर पथ का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को लखनऊ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने यात्रा को भारत की सांस्कृतिक चेतना, एकता और आस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली विरासत और आधुनिक विकास के नए युग में एक साथ आगे बढ़ रहा है। यह समय भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का कालखंड है, जिसमें देश अपनी जड़ों से जुड़ते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति पर अनेक बार हमले हुए, मंदिरों को तोड़ा गया, आस्था को अपमानित करने का प्रयास हुआ, लेकिन हमलावर भारत की आत्मा को न तो झुका सके और न ही समाप्त कर सके। उन्होंने कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिरपर हुए आक्रमण के बावजूद सनातन श्रद्धा जीवित रही और आज वही आस्था विश्व के सामने पुनः स्वाभिमान के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद केवल राजनीतिक आजादी ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाधीनता की भी आवश्यकता थी। इसी भावना से सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार का संकल्प लिया और उसे साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर राष्ट्रीय चेतना का ● शेष पेज 11 पर

# राजस्व रिकॉर्ड पूरी तरह डिजिटल ऑनलाइन मिलेंगी प्रमाणित कॉपियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**सुविधा**

- ❐ पांच तहसीलों के कुल 898 गांवों के 22.51 लाख से ज्यादा दस्तावेजों का हुआ

लखनऊ। जिले में जमीन-जायदाद के कागजात और राजस्व रिकॉर्ड प्राप्त करने की दशकों पुरानी व्यवस्था अब इतिहास बनने जा रही है। सभी पांच तहसीलों के रिकॉर्ड को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। अब नागरिकों को खतौनी या बंदोबस्त अभिलेखों के लिए कलेक्ट्रेट या तहसील के दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जिलाधिकारी विशाख जी ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। प्रशासन ने जिले की पांचों तहसीलों, सदर, मलिहाबाद, मोहनलालगंज, बीकेटी और सरोजनीनगर के अंतर्गत आने वाले सभी सात परगनाओं (लखनऊ, मलिहाबाद, मोहनलालगंज, निगोहां, महोना, बिजनौर और काकोरी) के कुल 898 गांवों का डेटा डिजिटल कर दिया है। कुल 22,51,696 (22.51 लाख) रिकॉर्ड्स को स्कैन और डिजिटाइज किया गया है, जिनमें खतौनी, अधिकार अभिलेख, बंदोबस्त अभिलेख और चकबंदी रिकॉर्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। 15 अप्रैल से सभी प्रकार के राजस्व अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियां केवल इसी वेबसाइट से जारी कर दी गई हैं। इस व्यवस्था से दलालों और तहसील में होने वाली अनावश्यक देरी पर लगाम लगेगी। अब एक क्लिक पर प्रमाणित प्रति मिलने से न केवल समय बचेगा, बल्कि धोखाधड़ी की संभावना भी कम होगी। इन सभी अभिलेखों को देखने और उनकी प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए एक विशेष वेबसाइट https://lucknowbhulekh.in तैयार की गई है। अभियान की तरह हुआ प्रयासरिकॉर्ड ऑनलाइन करने की प्रक्रिया 2016 में शुरू हो गई थी। मौजूदा एडीएम प्रशासन शुभी सिंह ने इसे अभियान की तरह रखा। कोर्ट, ● शेष पेज 11 पर

# तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक

लखनऊ। प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने शक्ति भवन, लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, उपभोक्ता हितैषी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से स्मार्ट मीटर व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में गठित तकनीकी समिति जब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। मंत्री शर्मा ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए कहा कि जहां स्मार्ट मीटर अभी तत्काल में लगे हैं, वहां लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि तथा उसके बाद 30 दिन यानी कुल लगभग 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम 03 दिन या 200 ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत के लिए यूएस टीम आज पहुंचेगी इस्लामाबाद

**एजेंसी**



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि सोमवार को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचेगा, जहां ईरान के साथ द्विपक्षीय संघर्ष को समाप्त करने के लिए दूसरा दौर की तकनीकी स्तर की बातचीत होने वाली है। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में बातचीत आगे बढ़ रही है और अमेरिका इस्लामाबाद जाने को इच्छुक है। उन्होंने पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ करते हुए उन्हें 'शानदार' बताया और कहा कि उनकी भूमिका के कारण इस्लामाबाद में बातचीत की संभावना बढ़ गई है।

ट्रंप ने अपने पोस्ट में यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका इस आमने-सामने की वार्ता में किन अधिकारियों को भेज रहा है। वाइट हाउस और उपराष्ट्रपति जेडी कैंस के कार्यालय (जिन्होंने पहले दौर की वार्ता का नेतृत्व किया था) ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। ट्रंप ने ईरान पर शनिवार को होर्मुज स्ट्रेट में गोलीबारी कर युद्धविराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान अमेरिका द्वारा प्रस्तावित समझौते को स्वीकार नहीं करता तो अमेरिका ईरान के नागरिक बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। ट्रंप ने लिखा कि अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिका ईरान के हर एक पावर प्लांट और हर एक पुल को नष्ट कर देगा।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस्लामाबाद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। क्षेत्रीय सूत्रों के अनुसार, मध्यस्थता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अमेरिकी सुरक्षा दल पहले ही पहुंच चुके हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि उनका देश दोनों पक्षों के बीच मतभेद दूर करने के लिए सक्रिय प्रयास कर रहा है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख की यात्रा के दौरान अमेरिका की ओर से नए प्रस्ताव आए हैं, जिनकी ● शेष पेज 11 पर

# गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के खुले कपाट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। उत्तराखंड के चार धामों में शामिल गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पारंपरिक पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा 2026 का भी श्रीगणेश हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम मंदिर में पहली पूजा प्रधानमंत्री के नाम से की।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गये। इसी तरह मां यमुना की डोली भी शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि- विधान के साथ 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनात्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर ● शेष पेज 11 पर

## बंगाल में तृणमूल का 'भय काल' समाप्त होगा और भाजपा का 'भरोसा काल' शुरू होगा : प्रधानमंत्री

# टीएमसी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के खिलाफ

**एजेंसी**

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को पारित कराने में विफल रहने के बाद बंगाल में अपनी पहली रैली में तृणमूल कंग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के खिलाफ है।

रविवार को बांकुड़ा के बरजोरा-बिष्णुपुर क्षेत्र में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उमड़ती भीड़ 'क्रूर सरकार के खिलाफ गुस्से की अभिव्यक्ति' है। उन्होंने कहा, ''भीड़ हर दिन बड़ी होती जा रही है। लोग इस रैली में शामिल होने के लिए घंटों इंतजार कर रहे हैं। यह लोगों के गुस्से का इज़हार है।''

तृणमूल पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया कि भाजपा शासन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया, ''हम देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी चाहते हैं। हम चाहते हैं कि महिलाएं और बेटियां राजनीति में आएं। भाजपा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण चाहती थी, लेकिन तृणमूल ऐसा नहीं चाहती थी, क्योंकि महिलाएं उनके 'महा जंगलराज' को चुनौती दे रही हैं।'' उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने और विभाजनकारी नीतियों को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा, यह वही तृणमूल है, जो घुसपैठियों को देश में घुसने देती है और धर्म के आधार पर आरक्षण चाहती है। वे घुसपैठियों की बात सुन रहे हैं, कुर्मी समाज की नहीं।'' उन्होंने जोड़ा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को भी नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में विफल हुए संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 का मुद्दा भी उठाया, जिसका उद्देश्य नये परिसीमन अभ्यास के साथ जोड़कर संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना था। यह विधेयक 17 अप्रैल को लोकसभा में आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल करने में विफल रहा, जिससे 12 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का प्रस्तावित कोई संवैधानिक संशोधन पारित नहीं हो सका। इस कानून ने तीखी बहस छेड़ दी थी, जिसमें विपक्षी दलों ने केंद्र पर महिला आरक्षण को विवादास्पद परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ने का आरोप लगाया था। इस प्रक्रिया के तहत 2011 की जनगणना के आधार पर चुनाव क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण किया जाना है, जिससे लोकसभा की सदस्य संख्या 543 से बढ़कर लगभग 850 होने की संभावना है। श्री मोदी ने कहा, ''महिला आरक्षण विधेयक लागू होना चाहिए, लेकिन तृणमूल ऐसा नहीं चाहती। वे नहीं चाहते कि राज्य की महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। वे नहीं चाहते कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। उन्हें इसकी सजा मिलनी चाहिए। सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हुई हालिया घटना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''आपने देखा कि जब राष्ट्रपति यहां आयीं तो तृणमूल ने उनका किस तरह अपमान किया। यह न केवल देश या संविधान का अपमान है, बल्कि महिलाओं, विशेषकर आदिवासी महिलाओं का अपमान है।'' उन्होंने कहा, ''आपको यह जानकर हैरानी होगी कि यह तृणमूल चाहती थी कि राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू की हार हो, ठीक उसी तरह जैसे जवाहरलाल नेहरू ने बी.आर. अंबेडकर का विरोध किया था। राज्य में सत्ता में आने पर भाजपा के वादों के बारे में बताते हुए श्री मोदी ने कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा की। ● शेष पेज 11 पर

### पीएम ने बंगाल में झालमुड़ी खाई

पीएम मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे। झाड़ग्राम में उन्होंने रैली की। इस दौरान रास्ते में वह एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई। झालमुड़ी बनाते हुए दुकानदार ने पूछा कि आप प्याज खाते हैं। पीएम ने जवाब दिया- हां प्याज खाता हूं बस दिमाग नहीं। यह सुनकर दुकानदार हंसने लगा। पीएम ने दुकानदार से इस मुलाकात का करीब 40 सेकेंड का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। साथ ही कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं।



# नवनियुक्त एसडीएम गणेश कनौजिया ने संभाला कार्यभार

प्रयागराज । जिले में नवनियुक्त एसडीएम गणेश कनौजिया ने पदभार ग्रहण करते ही सख्त तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। चार्ज लेते ही उन्होंने प्रशासनिक सक्रियता बढ़ाते हुए स्पष्ट संकेत दे दिए कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और जमीन से जुड़े मामलों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद एसडीएम ने नायब तहसीलदार बारा के साथ एक हाई लेवल मीटिंग की, जिसमें क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में उन्होंने भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए और सरकारी जमीनों को जल्द से जल्द कब्जा मुक्त कराने का आदेश दिया। एसडीएम गणेश कनौजिया ने साफ शब्दों में कहा कि उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार और लापरवाही बिल्कुल भी सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की बात कही, जिससे प्रशासनिक सख्ती का स्पष्ट संदेश क्षेत्र में पहुंच गया है।

# भाजपा सरकार जनता की इच्छा का नहीं कर रही प्रतिनिधित्व : अखिलेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरकार की बदनीयत की हार हुई है, परिसीमन बिल पास नहीं हो पाया है। संसद में हार का सीधा मतलब होता है कि सरकार जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही है। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संसद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास न होने को लेकर कही। अखिलेश यादव ने रविवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपाई का सीएमएफ फॉर्मूला (क्रिएट मिस्ट्रेस ऑफ फियर) अब पिट चुका है। भाजपाइयों का सामाज के बीच भय और अविश्वास पैदा करने का सामाजिक षडयंत्र अब और नहीं चलेगा। भाजपाई सोचते हैं कि समाज में जो महिलाएं पुरानी सोच की हैं उन्हें कम से कम अपने तरफ कर लें, क्योंकि जागरूक सोच वाली कोई नारी भाजपा को वोट देने वाली नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी। भाजपा नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही थी। लेकिन विपक्ष ने उनके इस मंसूबे को धूल चटा दी। हम महिला बिल के विरोध में नहीं थे, बस भाजपा के शोषणकारी तरीके के खिलाफ थे, जिसकी मंशा ख़राब थी। उन्होंने कहा कि जब गिनती (जनगणना) ही गलत होगी तो आरक्षण कैसे सही होगा? उन्होंने कहा कि जब भाजपा जनगणना नहीं करा सकती, तो महिलाओं को आरक्षण कैसे देंगे? अखिलेश ने कहा कि जब स्टूडेंड यूनियन तक के चुनाव नहीं होंगे तो राजनीत की नर्सरी ही खत्म हो जाएगी। हमारे पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को राजनीत में आने से रोकने के लिए तरह-तरह के षडयंत्र किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लागू करने के लिए पुख्ता तैयारी हो, सरकार से हमारा यही कहना था कि जब तक जनगणना नहीं, तब तक महिला आरक्षण नहीं।

# चरित्र, ज्ञान और धर्म के पथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं भगवान परशुराम : डॉ. राजेश्वर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ सरोजनी नगर में परशुराम जयंती पर भव्य आयोजन, 10 लाख सहायता की घोषणा, अगले साल से मनाया जाएगा भव्य परशुराम महोत्सव




लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने परशुराम जयंती के पावन अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम को नमन किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम तप, त्याग और तेज के प्रतीक हैं, जिनका जीवन समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा है।

इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाज की एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए 10 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की, जिससे ऐसे कार्यक्रमों को और अधिक भव्य रूप दिया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से इस आयोजन को और विस्तृत रूप में परशुराम महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उनके इस आश्वासन से उपस्थित लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन यह संदेश देता है कि विजय केवल शस्त्रबल से नहीं, बल्कि ज्ञान, संयम और विवेक से प्राप्त होती है। उनके जीवन प्रसंगों के माध्यम से कर्तव्य, करुणा और सत्यनिष्ठा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में भगवान परशुराम एवं उनके शिष्य कर्ण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए गुरु-भक्ति, सत्य और समर्पण के महत्व को रेखांकित किया गया। बताया गया कि असत्य और छल अंततः पराजय की ओर ले जाते हैं, जबकि सत्य और निष्ठा ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जब स्वार्थ की प्रवृत्ति बढ़ रही है और कर्तव्य बोध कमजोर पड़ रहा है, ऐसे में भगवान परशुराम के आदर्श और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। उन्होंने राष्ट्र, समाज और धर्म को सर्वोपरि बताते हुए अन्याय एवं अधर्म के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। डॉ. सिंह ने बताया कि सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं प्रसार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 56 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के दर्शन का अवसर प्रदान किया गया। साथ ही 41 सिख श्रद्धालुओं को अमृतसर से करतारपुर साहिब (पाकिस्तान) दर्शन हेतु भेजा गया, जो धार्मिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के 220 से अधिक मंदिरों में सुविधाओं का विस्तार एवं सौंदर्यीकरण कराया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं मिल रही हैं। गुरुकुल परंपरा को सशक्त बनाने के लिए गुरुकुल पहाड़पुर एवं गुरुकुल हरौनी में मूलभूत सुविधाओं का विकास कराया गया है। धार्मिक स्थलों के विकास हेतु प्रदान की गई आर्थिक सहायता का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्राचीन रेतेश्वर महादेव मंदिर के लिए 5.30 करोड़, झाड़ेश्वर महादेव मंदिर के लिए 1.05 करोड़, श्री महादेव शिव साईं नाथ शिवधाम के लिए 98 लाख तथा कबीर पंथी दाता साईं संत आश्रम एवं खालसा स्थल के लिए 1 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

# सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण, गुणवत्ता पर सख्ती



**एजेंसी**

वाराणसी। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड) के अंतर्गत औरंगाबाद क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का रविवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था से कार्य की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह योजना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सीएम ग्रिड योजना के तहत लगभग 1245.963 लाख रुपये की लागत से सिगरा चौराहा से औरंगाबाद तक करीब 1100 मीटर लंबी सड़क का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने मौके पर मौजूद इंजीनियरों के साथ तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की और कार्य में आ रही चुनौतियों को शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र के निवासियों और राहगीरों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से कार्य की समीक्षा करने और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# प्रशासन टीम ने आरवीएनएल को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी**



वाराणसी। मंडल क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दिनांक 19 अप्रैल 2026 को एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। यह मैच प्रशासन और आरवीएनएल की टीमों के बीच हुआ, जिसमें प्रशासन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से जीत दर्ज की।

मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी श्री बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरवीएनएल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 193 रन बनाए। टीम की ओर से चंचल यादव ने शानदार शतक जड़ते हुए 58 गेंदों पर 101 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। इसके अलावा ज्ञान वर्मा ने 25 रन और कार्तिकेय पाठक ने 18 रन का योगदान दिया। प्रशासन की ओर से गेंदबाजी में कलाम अली खान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में मात्र 24 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। वहीं राकेश, असलम और आशीष को एक-एक विकेट मिला। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 12.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 195 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से आशीष यादव ने 30 गेंदों पर 66 रन (7 चौके, 5 छक्के) और ऋषि कपूर ने 27 गेंदों पर 65 रन (6 चौके, 6 छक्के) की विस्फोटक पारियां खेलीं। इसके अलावा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव सिंह ने 7 गेंदों पर 21 रन और असलम ने 16 रन बनाए। आरवीएनएल की ओर से चंचल यादव और अमितोष राय को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशासन टीम के कलाम अली खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार आरवीएनएल के एजीएम सत्य प्रकाश यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस जीत के साथ प्रशासन टीम ने प्रतियोगिता में पूरे 2 अंक अर्जित किए और अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

## मारपीट के दौरान चली गोली, एक गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करछना थाना क्षेत्र के प्रधान गांव में देर रात आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां मारपीट के दौरान गोली चलने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई और इसी दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके से साक्ष्य जुटाकर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फरार अभियुक्तों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए पुलिस बल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है।

## घाट जमींदोज, मजदूरों पर रोज़गार का संकट

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनापार के करछना, लालापुर, घूरपुर, नैनी और बारा क्षेत्रों में यमुना नदी के किनारे अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ा अभियान चलाते हुए पूरे इलाके की तस्वीर बदल दी है। संयुक्त टीमों ने घाटों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया, रास्तों को काटकर बंद कर दिया और दर्जनों ट्रैक्टर, डंपर व मशीनें सीज कर दीं। खनन विभाग, पुलिस और राजस्व टीम की इस सख्ती से जहां अवैध गतिविधियों पर रोक लगी है, वहीं इलाके में सन्नाटा पसर गया है। करछना के कबरा घाट से लेकर लालापुर तक बीते पंद्रह दिनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। नैनी और घूरपुर में स्पेशल टास्क फोर्स ने कई वाहनों को जब्त कर मुकदमे दर्ज किए, जबकि बारा क्षेत्र में भी अवैध खनन से जुड़े नेटवर्क पर शिकंजा कसा गया। अधिकारियों का कहना है कि खनन कानूनों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी हाल में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। करोड़ों रुपये के जुर्माने की कार्रवाई भी सामने आई है। लेकिन इस कार्रवाई का सबसे बड़ा असर उन हजारों मजदूरों पर पड़ा है जिनकी रोजी-रोटी बालू खनन से जुड़ी थी। अचानक काम बंद होने से परिवारों के सामने भूख और बेरोजगारी का संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों का कहना है कि वे अवैध काम नहीं बल्कि मजदूरी कर रहे थे, अब उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा। महिलाओं ने बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च पर संकट की बात कही है, जबकि मजदूर संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द रोजगार या वैध खनन व्यवस्था नहीं बनी तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

## विज्ञापन के नाम पर खेल, सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के कोरांव, हंडिया, मेजा, बारा, करछना, फूलपुर और सोरांव सहित कई तहसीलों व ब्लॉकों में सरकारी विज्ञापनों और निविदाओं के नाम पर बड़े स्तर पर अनियमितताओं की शिकायत सामने आ रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार बाबुओं और अधिकारियों की मिलीभगत से बिना निर्धारित प्रक्रिया और मानकों का पालन किए समाचार-पत्रों में गुपचुप तरीके से विज्ञापन प्रकाशित कराए जा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई मामलों में सरकारी दरों और अधिकृत एजेंसियों के दिशा-निर्देशों की अनदेखी की जा रही है। नियमों के अनुसार विज्ञापन केवल उन्हीं समाचार-पत्रों में प्रकाशित होने चाहिए जिन्हें सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है, लेकिन आरोप है कि इस व्यवस्था को दरकिनार कर मनमाने ढंग से विज्ञापन जारी किए जा रहे हैं। इसके चलते योग्य ठेकेदारों और आम जनता तक सूचनाएं समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। सूत्रों का यह भी दावा है कि जिन कार्यों के लिए निविदाएं जारी की जाती हैं, उनमें जमीनी स्तर पर काम बेहद कम या नगण्य होता है, जबकि भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है। यदि जांच होती है तो बड़े स्तर पर घोटाले का खुलासा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## प्रयागराज में यार्ड रीमॉडलिंग, कई ट्रेनों का रूट बदला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर मध्य रेलवे के जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रयागराज जंक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों के संचालन में बड़ा बदलाव किया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण, रीशेड्यूलिंग और रेग्यूलेशन का निर्णय लिया है। यह बदलाव अलग-अलग तिथियों से प्रभावी होंगे।रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अहमदाबादऽदरभंगा, गोरखपुरऽलोकमान्य तिलक, रक्सौल-लोकमान्य तिलक, पुणेऽदरभंगा सहित कई प्रमुख ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। इन ट्रेनों को अब प्रयागराज के बजाय प्रयागराज छिवकी रेलवे स्टेशन, वाराणसी और जौनपुर के रास्ते संचालित किया जाएगा। इससे यात्रियों को अपने सफर की योजना पहले से तय करने की सलाह दी गई है ताकि असुविधा से बचा जा सके। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह बदलाव अस्थायी है और यार्ड रीमॉडलिंग कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य मार्ग से किया जाएगा। यात्रियों से अपील की गई है कि यात्रा से पहले संबंधित ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, जिससे किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## आधुनिक तकनीक से अमरूद उत्पादक बनेंगे प्रोफ़ेशनल वैज्ञानिक

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ में केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, रहमानखेड़ा द्वारा ''अमरूद उत्पादकों का तकनीकी उन्नयन'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संजय कुमार पचौरी, न्यायमूर्ति, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फीता काटकर किया। उन्होंने अपने संबोधन में किसानों को प्रोफ़ेशनल वैज्ञानिक बताते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक अपनाकर उत्पादन और आय दोनों बढ़ाई जा सकती हैं। साथ ही उन्होंने फसल अवशेषों को कम्पोस्ट में बदलकर भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने पर जोर दिया।

## प्रयागराज जंक्शन पर बनेगा आधुनिक होटल, रेलवे को होगा बड़ा फायदा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड (लीडर रोड) स्थित फाइव जी बिल्डिंग में जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होटल शुरू होने जा रहा है। रेलवे ने इस पांच मंजिला इमारत को 15 साल के अनुबंध पर दिल्ली की शिव शक्ति कंपनी को सौंप दिया है, जिससे अगले 15 वर्षों में करीब ?55.70 करोड़ का राजस्व मिलने की उम्मीद है। होटल में 68 कमरे और 8 हॉल बनाए गए हैं। ऊपरी मंजिलों पर लग्जरी सुइट्स तैयार होंगे, जबकि अन्य मंजिलों पर बजट होटल और डॉर्मिटरी की सुविधा मिलेगी। इससे आम यात्रियों से लेकर प्रीमियम यात्रियों तक सभी को ध्यान में रखकर व्यवस्था की जा रही है। यह होटल सिर्फ ठहरने तक सीमित नहीं रहेगा—यहां शॉपिंग सेंटर, रेस्टोरेंट और फूड आउटलेट्स भी होंगे।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कुलदीप गुप्ता पुत्र जानकी प्रसाद गुप्ता त्रुटि वश मेरे आधार कार्ड में दर्ज हो गया था, जबकि मेरे सभी अभिलेखों में सही और वास्तविक नाम राजू गुप्ता पुत्र जानकी प्रसाद गुप्ता है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

प्रार्थी-राजू गुप्ता पुत्र जानकी प्रसाद गुप्ता- ग्राम व पोस्ट बानेपुर वजीर गंज तहसील तरबगंज जनपद गोंडा, उत्तर प्रदेश।


## मलिहाबाद में ब्राइट कैरियर गर्ल्स कॉलेज का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

# छात्राओं के नृत्य, संगीत एवं नाटक की रंगारंग प्रस्तुतियों से मन मोह लिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मलिहाबाद/लखनऊ। ब्राइट कैरियर गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मलिहाबाद में रविवार को वार्षिक उत्सव-2026 का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक जय देवी कौशल रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रधान संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह अंजू, शुभाष पाल, अतीक प्रधान सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों की उपस्थिति रही। कॉलेज परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की चेयरपर्सन मिथिलेश द्विवेदी, प्रबंध निदेशक ऋषभ द्विवेदी, निदेशक श्वेता द्विवेदी, प्राचार्य डॉ. सरिता पांडेय एवं डॉ. अन्नपूर्णा पांडेय मौजूद रहीं। कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष सिंह, समन्वयक अब्बास और अमान का विशेष योगदान रहा। उत्सव के दौरान छात्राओं ने नृत्य, संगीत एवं नाटक की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रशासन ने अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अतिक्रमण नहीं हटा तो चलेगा अभियान : एसडीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



(कोरांव), प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव कस्बे में अतिक्रमण और जाम की समस्या गंभीर बनी हुई है। इस पर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) संदीप तिवारी ने जल्द ही व्यापारियों और नगर पंचायत के साथ बैठक करने की बात कही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि व्यापारी स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो प्रशासन अभियान चलाकर इसे हटवाएगा। कोरांव प्रयागराज की सबसे बड़ी बाजारों में से एक है। यहां के व्यापारियों ने नालियों के बाहर सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर रखा है। इसके कारण बाजार में सुबह से शाम तक भीषण जाम लगा रहता है। हनुमान सोनौरी, मध्य प्रदेश जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग यहां खरीदारी करने आते हैं, जिन्हें जाम के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम की समस्या के कारण आपातकालीन सेवाओं पर भी बुरा असर पड़ रहा है। हाल ही में कोरांव कस्बे में आग लगने की घटना के दौरान दमकल की गाड़ी घंटों जाम में फंसी रही, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। इसी तरह, गर्भवती महिलाओं और दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर सीएचसी कोरांव तक पहुंचाने में एंबुलेंस को भी दिक्कतें आती हैं।स्थानीय लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर काफी असंतोष है। आरोप है कि चौराहों और तिराहों पर पुलिसकर्मी अक्सर नदारद रहते हैं या ड्यूटी के दौरान दुकानों पर बैठे रहते हैं। जाम की शिकायत या ट्वीट करने पर ही पुलिस जाम खुलवाने आती है। जनता ने प्रयागराज पुलिस आयुक्त से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। एसडीएम संदीप तिवारी ने बताया कि वे ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस से भी पत्राचार कर रहे हैं, ताकि यातायात प्रबंधन की एक प्रभावी योजना बनाई जा सके।

# रायनेट सॉल्यूशन ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



(कोरांव), प्रयागराज। रायनेट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 19 अप्रैल 2026 को द फ्लेवर हाउस झलवा में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के बैंक मित्रों का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रायनेट प्रतिनिधि रजनीश कुमार के संचालन में हुई, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार और उप क्षेत्रीय प्रमुख आशीष रॉय उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अनिल कुमार ने भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं और बैंक से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी दी। उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री आशीष रॉय ने बैंक मित्रों को वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव, बैंकिंग सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में रायनेट कंपनी के सभी बैंक मित्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रमुख और उप क्षेत्रीय प्रमुख ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक मित्रों को प्रमाण पत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

इनमें मनीष यादव को प्रथम, रिजवान उल्ला को द्वितीय और रामपूजन सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नारी शक्ति को बढ़ावा देने और बैंकिंग सुविधाओं को जन-जन तक पहुंचाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीमती रूपा देवी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में रायनेट रीजनल हेड रजनीश श्रीवास्तव, जिला प्रतिनिधि अरविंद कुमार (कौशांबी) और सुमित कन्नौजिया (प्रयागराज), तथा बीसी कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार की उपस्थिति ने बैंक मित्रों का उत्साह बढ़ाया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी ने एकजुटता का आह्वान किया

# परशुराम जयंती पर ब्राह्मणों की भव्य रैली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



(कोरांव), प्रयागराज। हर वर्ष की भांति इस बार भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम शानदार और ऐतिहासिक रहा। हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए। उन्होंने अपने आराध्य भगवान परशुराम के नारे लगाए, पूजा-अर्चना की और उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान समाज में खूब एकजुटता देखने को मिली।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हमें एकजुट होना पड़ेगा, अन्यथा आने वाली स्थिति बहुत खतरनाक होगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए पूरे विप्र समाज और आयोजन समिति को बधाई दी और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का वादा किया।

नगर निगम के पार्षद सोनू पाठक विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में भगवान परशुराम से न्याय और अन्याय के रास्ते को अपने अंदर उतारने की बात कही। उन्होंने सभी से समाज के भीतरी कलह को खत्म करने और एकजुट रहने की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिल पांडेय ने की, जिन्होंने इसमें भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम के संयोजक पिंटू चौबे ने आए हुए अतिथियों और सम्मानित जनता का स्वागत-अभिनंदन किया। उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में सम्मिलित होने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और अपने समाज की लड़ाई अंतिम समय तक लड़ने का वादा किया। कार्यक्रम का संचालन चर्चित समाजसेवी प्रमोद मिश्र पयासी ने किया। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा समाज जाग नहीं जाएगा, तब तक जगाने का काम करेंगे और इस कार्यक्रम की परंपरा को लगातार बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक नब्बे प्रतिशत समाज के लोग आने नहीं लगेंगे, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

मुख्य वक्ताओं में राजू चौबे, राजेश पांडेय, शशि दुबे, बबुआन द्विवेदी, अनिल मिश्रा, सदाशिव मिश्रा, सूर्य प्रकाश मिश्रा, रोहित तिवारी, काका प्रिंस तिवारी, मोनू शुक्ला, सुरेश तिवारी, अंकित पांडेय, राजा पांडेय, जितेन्द्र मिश्रा, विपिन शुक्ला और तुलसीदास शुक्ला शामिल थे।

# भवन व सार्वजनिक पुस्तकालय का लोकार्पण, शिक्षा व पठन-पाठन पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जानकीपुरम विस्तार क्षेत्र में (यूपीएलए) के भवन एवं सार्वजनिक पुस्तकालय का भव्य लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि विधायक बीकेटी योगेश शुक्ला सहित कई शिक्षाविदों, पदाधिकारियों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने कहा कि जो लोग पुस्तकों से प्रेम करते हैं, उनकी सोच सकारात्मक होती है और वही समाज में परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने पुस्तकालयों को ज्ञान और जागरूकता का केंद्र बताया। विशिष्ट अतिथि योगेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकालय बौद्धिक विकास और नैतिक मूल्यों के निर्माण का आधार हैं। उन्होंने कहा कि बिना सड़क के जीवन चल सकता है, लेकिन बिना पुस्तकों के जीवन अधूरा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. एम.पी. सिंह ने कहा कि एक अच्छा पाठक ही आगे चलकर अच्छा नेतृत्वकर्ता बनता है। वहीं महामंत्री विनोद कुमार मिश्र ने यूपीएलए की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था समाज के हित में लगातार कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने मुख्य अतिथि से उत्तर प्रदेश सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम-2006 को लागू कराने का आग्रह भी किया, जिससे प्रदेश में शिक्षा स्तर में सुधार हो सके। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. शीलवन्त सिंह और डॉ. आर.के. प्रजापति को सम्मानित किया गया। मंच संचालन उपाध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार बाजपेयी ने किया और अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुस्तकालय विज्ञान से जुड़े लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का महत्व और अधिक बढ़ गया।

# चेन्नई में मिला लापता युवक सौरभ का शव, महिंगवां में बवाल

## नौकरी के नाम पर केरल ले जाने का आरोप, हत्या की आशंका, चौराहा जामकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। महिंगवां थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव से 10 अप्रैल को लापता हुए युवक सौरभ (25) का शव तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया।

परिजनों के मुताबिक सौरभ 10 अप्रैल को नौकरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन अगले ही दिन उसका संपर्क टूट गया। काफी तलाश के बाद जानकारी मिली कि बाराबंकी के कुर्सी थाना क्षेत्र के पिलहटी गांव निवासी अखिलेश, उसके साथी कमलेश और एक महिला प्रीती उसे बेहतर नौकरी और अच्छी तनख्वाह का लालच देकर अपने साथ केरल ले गए थे।

बताया गया कि प्रीती के भाई विपिन ने सौरभ को रेलवे स्टेशन तक छोड़ा था। शुरुआती दिनों में आरोपियों ने युवक के सुरक्षित होने की बात कही, लेकिन दो दिन बाद उसका संपर्क पूरी तरह समाप्त हो गया। परिजनों द्वारा लगातार जानकारी मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे।चार दिन तक कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने महिंगवां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों को बुलाकर अखिलेश और कमलेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इसी बीच परिजनों को सूचना मिली कि सौरभ का शव चेन्नई में मिला है।



घटना से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार रात्रि को थाने का घेराव किया। रविवार सुबह कुम्हरावां चौराहे पर जाम लगाकर करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन किया गया, जिससे चारों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

सूचना पर पीएसी समेत महिंगवां, इटौंजा, बीकेटी, सैरपुर और महिला थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। बीकेटी के सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण आरोपी महिला की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक योगेश कुमार शुक्ला भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को चेन्नई जाने के लिए 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी तथा आने-जाने के टिकट की व्यवस्था कराई। साथ ही उच्च स्तर पर संपर्क कर चेन्नई पुलिस व रेलवे के सहयोग से शव को जल्द गांव लाने की प्रक्रिया तेज कराने का आश्वासन दिया।

थाना प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि शव को लाने के लिए पुलिस टीम चेन्नई भेजी गई है।घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 475 मरीजों ने उठाया लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कैंट रोड स्थित मुरली नगर में गर्ग होमियो स्टोर पर श्रद्धेय लाजपत राय अग्रवाल की स्मृति में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सकों ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया और मुफ्त दवाइयों का वितरण किया।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. राजेश्वर मिश्रा, डॉ. पी.एस. जयसवाल, डॉ. एच.के. शर्मा, डॉ. महेश मित्तल, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. मेघा गर्ग एवं डॉ. अनन्या पांडे सहित कई अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में एसबीएल प्राइवेट लिमिटेड के ज़ोनल सेल्स मैनेजर उमेश शुक्ला, लॉर्ड्स कंपनी के प्रभाष मिश्रा एवं एडवेन कंपनी के मयंक सिंह ने भी भागीदारी निभाई। उन्होंने अपनी-अपनी कंपनियों की दवाइयों का वितरण कर शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया। आयोजकों के अनुसार शिविर में लगभग 475 मरीजों का इलाज किया गया। मरीजों ने निःशुल्क परामर्श और दवाइयों की सुविधा मिलने पर संतोष व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविर समाज सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं, जो जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में मददगार साबित होते हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे जनसेवा आधारित कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

# अस्पताल पर 'किराए की कोख' का आरोप, वीडियो वायरल होने पर स्वास्थ्य विभाग की नोटिस

❒ दो दिन में अभिलेख पेश करने के निर्देश,जांच के बाद छापेमारी व सख्त कार्रवाई के संकेत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत महोना स्थित एक निजी अस्पताल पर कथित तौर पर 'किराए की कोख' (सरोगेसी) के जरिए बच्चा जन्म के बाद दूसरे दंपती को सौंपने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है और अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर सभी अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इटौंजा के अधीक्षक डॉ. किसलय वाजपेई ने बताया कि वायरल वीडियो में अस्पताल से जुड़े कर्मचारियों पर सरोगेसी के माध्यम से बच्चे को इच्छुक दंपती को सौंपने के




आरोप लगाए गए हैं। प्रथम दृष्टया मामला गंभीर प्रतीत होने पर अस्पताल के लाइसेंस, पंजीकरण, प्रसूति सेवाओं से जुड़े दस्तावेज और अन्य आवश्यक अभिलेख तलब किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में दस्तावेज संतोषजनक न मिलने पर टीम गठित कर छापेमारी की जाएगी और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई होगी।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सरोगेसी से जुड़े मामलों में केंद्र सरकार के कानून और निर्धारित गाइडलाइन का पालन अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर अस्पताल का पंजीकरण निरस्त करने तक की कार्रवाई की जा सकती है।उधर, अस्पताल संचालक डॉ. हयात ने आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वायरल वीडियो में दिख रहा व्यक्ति अस्पताल का पूर्व कर्मचारी है, जिसे पहले ही सेवा से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल सभी नियमों का पालन करता है और विभाग को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे।

## मामूली कहासुनी में मारपीट, चार घायल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट क्षेत्र के कमता इलाके में शनिवार को एक मामूली कहासुनी ने देर रात मारपीट का रूप ले लिया, जिसमें दोनों गुटों के चार लोग घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी मल्हौर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, 18 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ओमेक्स सिटी, निवासी दिव्यांश राय और सूरज गुप्ता जो की विधि के छात्र है कमता से गोरखपुर जाने के लिए एक प्राइवेट गाड़ी में बैठे थे। गाड़ी का चालक मोबिन, निवासी इंदिरा नगर और कंडक्टर गोविंद कुमार पुत्र फौजदार, निवासी सेक्टर-11 इंदिरा नगर द्वारा गाड़ी को चंदन हॉस्पिटल के सामने रोकने पर दिव्यांश ने आपत्ति जताते हुए जल्द चलने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों गुटों में कहासुनी हो गई। शाम के समय विवाद बढ़ने पर दोनों गुट चौकी कमता पहुंचे, जहां आपसी बातचीत के बाद मौखिक समझौता कर लिया गया, उस समय किसी भी गुट द्वारा कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई। हालांकि, रात करीब 10 बजे रोलेक्स अपार्टमेंट के सामने दोनों पक्ष फिर से बातचीत के लिए एकत्र हुए, जहां पुरानी बात को लेकर विवाद दोबारा भड़क गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में प्रथम पक्ष के परमवीर वर्मा, दिलदार, सूरज गुप्ता और दिव्यांश राय सहित द्वितीय पक्ष के गोविंद कुमार को चोटें आई हैं। घायलों को पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी मल्हौर भेजा गया। पुलिस के अनुसार तहरीर प्राप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## अक्षय तृतीया पर परशुराम मंदिर में पूजन सम्पन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर मण्डल चार द्वारा श्रीनगर कालोनी स्थित परशुराम मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन तथा भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। साथ ही उपस्थित जनों को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के महत्व से अवगत कराते हुए समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और धर्म की स्थापना का प्रतीक है जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में मण्डल महामंत्री विनोद अवस्थी, मण्डल मंत्री गीतेश मिश्र राहुल, अशोक द्विवेदी, भारतीय अवस्थी किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम अवस्थी, नैनशु मिश्रा, उमेशचंद्र मिश्रा, उमाकांत शुक्ला, अनुज बाजपेई, पुनीत मिश्रा, अंश दीक्षित, लखनऊ ब्राह्मण परिषद के जिलाध्यक्ष प्रमोद अवस्थी, अशोक शुक्ला शिवांग दिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार नैमिष पांडेय, सुनीत तिवारी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## महिला ने लगाया उत्पीड़न और धमकी का आरोप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में एक युवती ने हर्ष वैश्य नामक युवक पर मानसिक उत्पीड़न, धमकी और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस मे एफआईआर दर्ज करा सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, हर्ष वैश्य पिछले 6-7 महीनों से उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि वह गाली-गलौज करता है और युवती के निजी फोटो व वीडियो को उसके परिवार और दोस्तों के बीच साझा कर उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहा है। युवती का कहना है कि आरोपी कई बार उसके कार्यस्थल और हॉस्टल तक पहुंचकर उसे परेशान कर चुका है। साथ ही, डराने-धमकाने के जरिए उससे पैसे भी लिए गए हैं। पीड़िता के पास इन सभी घटनाओं के साक्ष्य के रूप में चैट के स्क्रीनशॉट, कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य प्रमाण मौजूद हैं। सबसे गंभीर आरोप यह है कि हर्ष वैश्य युवती को आत्महत्या करने की धमकी देकर उसे ही जिम्मेदार ठहराने की बात कह रहा है, जिससे युवती मानसिक दबाव में है। पुलिस के अनुसार मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है

## बंद घरों को निशाना बनाने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों के जेवरात व नकदी बरामद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बंद घरों में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यह सफलता पुलिस उपायुक्त पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मिली है। चिनहट थाना प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हिमांशु थारू और सुशांत गुप्ता को शिवशांति एनक्लेव से पहले मोड़ के पास घेराबंदी कर धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 1.5 लाख रुपये नकद और भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए, जिनमें अंगूठी, नथुनी, मांग टीका, चेन, कंगन और पायल शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। हाल ही में उन्होंने चिनहट के विकल्पखंड स्थित एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी की थी। चोरी के कुछ गहनों को बेचकर मिली रकम को उन्होंने मौज-मस्ती में खर्च कर दिया था, जबकि बाकी गहनों और पैसों के साथ फरार होने की फिराक में थे। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया वेल्डिंग कारीगर, गंभीर रूप से झुलसा

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के समेसी इलाके में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां टीन शेड निर्माण के दौरान एक वेल्डिंग कारीगर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, समेसी निवासी लगभग 35 वर्षीय मनोज पेशे से वेल्डिंग कारीगर है। रविवार को वह समेसी स्थित राजेश वर्मा उर्फ मुन्ना के फार्म हाउस पर टीन शेड बनाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में लोहे का एंगल आ गया, जिससे तेज करंट प्रवाहित हुआ और मनोज उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद मजदूरों के अनुसार, करंट लगते ही मनोज को जोरदार झटका लगा और वह नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। फार्म हाउस मालिक राजेश वर्मा और ग्राम प्रधान अशोक कुमार रावत ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर देखते हुए परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के मुताबिक, गंभीर जलन के चलते मनोज को गहन निगरानी में रखा गया है।

## घर में घुसकर चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने दबोचा

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी के निवासी गोकुल धाम सोसाईटी के रहने वाले राम चरित्र वर्मा द्वारा 13 अप्रैल.26 को दर्ज कराए गए चोरी के मुकदमे का खुलासा करते हुई पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक रविवार को मुखबिर की सूचना पर चोरी का तवा बेचने जा रहे बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपित विकास द्विवेदी निवासी युसुफनगर बगियामऊ व संजय रावत को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का तवा बरामद किया। पुलिस के मुताबिक तवा बेचने जा रहे थे। पकड़े गये आरोपितों ने पास से चोरों चोरी की साइकल भी बरामद किया।

# हर नागरिक को फायर से लड़ने की ट्रेनिंग जरूरी : मनोज वर्मा

## सिविल डिफेंस की फायर सेफ्टी ट्रेनिंग संपन्न 27 कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।एक अच्छे और सुरक्षित समाज के लिए हर नागरिक को फायर और उससे फाइटिंग करने की जानकारी होना बहुत जरूरी है। ये बात लखनऊ सिविल डिफेंस के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने एक ट्रेनिंग के समापन अवसर पर कही। गौरतलब है कि महानगर सेक्टर ए स्थित अनुभव दृष्टि हॉस्पिटल में गत 15 अप्रैल से नागरिक सुरक्षा और अग्नि शमन की ट्रेनिंग चल रही थी जो रविवार को समाप्त हो गई। जिसमें हॉस्पिटल के डॉक्टर सहित 27 कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। डिप्टी चीफ वार्डे न गुरप्रीत सिंह सेठी के कर कमलों से सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण के अंतिम दिन राष्ट्रपति पदक से अलंकृत लखनऊ सिविल डिफेंस के वरिष्ठ अधिकारी मनोज वर्मा ने फायर का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दरमियान हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने पेट्रोल की आग और लकड़ी की आग को क्रमशः कम्बल और रासायनिक उपकरण ड्राई केमिकल पाउडर से बुझाने का अभ्यास किया। जिसके बाद सभी ने गैस सिलेंडर में लगी आग को बाल्टी से ढककर (स्मुद्रिग विधि) काबू करने का तरीका सीखा और खुद में निपुणता लाने के लिए कई अभ्यास भी किए। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक रेखा पांडेय ने सिविल डिफेंस की जरूरत पर प्रकाश डाला और कहा कि युद्ध की संभावनाओं के मद्देनजर हर व्यक्ति को सिविल डिफेंस से जुड़ना चाहिए जिससे हमारा देश मजबूत होगा। डिप्टी चीफ वार्डे न गुरप्रीत सिंह सेठी ने अस्पताल प्रशासन से समय समय पर इस तरह की एक्टिविटी कराते रहने का अनुरोध किया।अंत में हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ हेमंत कुमार और डॉ ललिता कुमार ने सिविल डिफेंस के अधिकारियों का आभार प्रकट किया और ये आश्वासन दिया कि भविष्य में भी समय समय पर हॉस्पिटल के द्वारा सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।



# भगवान परशुराम जयंती पर गूंजे वैदिक मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के महुरा कला गांव स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर रविवार को भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पंडित मोहित शर्मा एवं दीपक शुक्ला के नेतृत्व में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमें ब्राह्मण समाज सहित क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित मोहित शर्मा द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात अनिल द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।



अपने संबोधन में पंडित मोहित शर्मा ने भगवान परशुराम को त्याग, तपस्या और न्याय का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सभी से शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभिषेक द्विवेदी, अनुज मिश्रा समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग व श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में भक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# टब में डूबकर दो वर्षीय मासूम की मौत, मातम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव में रविवार सुबह एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घर के बाथरूम में रखे पानी से भरे टब में डूबने से दो वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गढ़ा गांव के टेढ़िया मोहल्ला निवासी मजदूर सोनू रावत की सबसे छोटी बेटी तान्या (2 वर्ष) रविवार सुबह करीब आठ बजे घर के बाथरूम में खेलते-खेलते पानी से भरे टब के पास पहुंच गई। उस समय घर के अन्य सदस्य बरामदे में बैठे थे, जबकि बच्ची की मां रसोई में काम कर रही थी। बताया जाता है कि खेलते समय तान्या टब में रखे गिलास को धोने लगी। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह मुंह के बल पानी से भरे टब में गिर गई और डूब गई। कुछ देर तक किसी को इस घटना की जानकारी नहीं हो सकी।

काफी समय बीतने के बाद जब बच्ची नजर नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाथरूम में पहुंचने पर तान्या को टब में अचेत अवस्था में पाया गया। परिजन उसे तत्काल नगराम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।?मृतक बच्ची के पिता सोनू रावत ने बताया कि उनकी दो बेटियां थीं—तीन वर्षीय आन्या और दो वर्षीय तान्या। इस हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मां का विलाप सुनकर आसपास के लोग भी भावुक हो उठे।

# दहेज के लिए प्रताड़ना व जान से मारने की धमकी का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता द्वारा अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता कोमल पत्नी अनुराग चौरसिया, निवासी सरीपुरा, केतन विहार आलमनगर, लखनऊ ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।पीड़िता के अनुसार उसकी शादी बीते 15 अप्रैल 2025 को हुई थी, लेकिन विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया। कोमल का आरोप है कि उसके पति, सास और ससुर द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार परेशान किया जाता रहा। छोटी-छोटी बातों को लेकर मारपीट करना और गाली-गलौज करना उनके लिए आम बात हो गई थी।विवाहिता ने यह भी बताया कि उसके पति की पहले भी शादी हो चुकी थी, जिसकी जानकारी उसे विवाह से पहले नहीं दी गई। इस बात का विरोध करने पर उसके पति द्वारा उसे छोड़कर तीसरी शादी करने की धमकी दी जाती है। इतना ही नहीं, ससुराल पक्ष द्वारा उसे जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं, जिससे वह भय के साये में जीने को मजबूर है। पीड़िता का कहना है कि शादी के बाद से ही उसे लगातार मानसिक व शारीरिक यातनाएं दी जाती रहीं, लेकिन उसने पारिवारिक सम्मान के चलते काफी समय तक सहन किया। अब हालात असहनीय होने पर उसने न्याय की गुहार लगाई है।इस संबंध में मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में आगे की विधिक कार्यवाही जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे लाइन के किनारे मिला युवक का शव

लखनऊ। गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के कोडरा के पास रेलवे लाइन के किनारे 45 वर्षीय व्यक्ति शव पाया गया। मृतक की पहचान बसरहिया गांव निवासी धीरज वर्मा उर्फ कल्लू पुत्र ब्रह्मादीन के रुप में की गई। उसके मत्थे पर चोट लगी थी।जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगो के अनुसार कल्लू का शव प्रातः 6:00 बजे देखा गया। गांव के लोगों के अनुसार मृतक कल्लू वर्मा तीन दिन पहले गुजरात से? एक महिला को लाया था। गांव के लोगो को उसने उस महिला अपनी पत्नी बताया था। तीसरे दिन कल्लू वर्मा की कथित पत्नी नब्बे लाख रुपए लेकर घर से फुर्र हो गई। इसी के बाद उसका शव रेलवे लाइन पर पड़ा हुआ पाया गया।लोगों का मानना है कि कल्लू को सदमा लगा, और उसने अपनी जान गवा दी।

# सृजन पुस्तकालय में शिक्षाविद् राकेश शुक्ला का आयोजित हुआ विदाई समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर) । साहित्य सृजन संस्थान, बिसवां द्वारा शैक्षिक सरोकारों के लिए संचालित सृजन पुस्तकालय में श्री राम चंपा देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य और वर्तमान में सरस्वती विद्या मंदिर महोली के प्रधानाचार्य राकेश शुक्ला का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा उन्हें अंगवस्त्र स्मृतिचिह्न आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्थान के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस ने कहा कि राकेश शुक्ला जी का न केवल श्री राम चंपा देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के रूप में लगभग तीन दशक का कार्यकाल उल्लेखनीय है बल्कि बिसवां क्षेत्र में उनका सामाजिक साहित्यिक समर्पण भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। शिक्षाविद वृंदारकनाथ मिश्र ने कहा कि नगर की समस्त सांस्कृतिक गतिविधियों के आप सदैव केंद्र में रहे हैं। आपका स्थानांतरण केवल भौगोलिक दृष्टि से है, हृदय में आप बिसवां के बाशिंदों के सदैव बने रहेंगे। समाजसेवी आचार्य मुन्नालाल गुप्त ने उन्हें आने वाले समय के लिए शुभकामनाएं प्रदान की एवं गंगा स्वरूप मिश्र ने प्रधानाचार्य के रूप में उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुकवि आनंद खत्री ने कहा कि उनका नगर के शिक्षण संस्थान में उनका कार्यकाल चिरस्मरणीय रहेगा। हमें विश्वास है कि आप हम सभी से अपना संवाद बनाए रखेंगे। विदाई समारोह के अवसर पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए राकेश शुक्ला ने कहा कि बिसवां उनके हृदय में सदैव सम्मानित स्थान बना कर रहेगा। क्षेत्र के विभिन्न शैक्षिक सामाजिक साहित्यिक संगठनों से जुड़े लोगों का प्यार दुलार मान सम्मान हमें सदैव स्मरण रहेगा। आप लोग हमें जब भी स्मरण करेंगे हम आपके साथ होंगे। युवा कवि रजनीकांत दीक्षित और मुकुंद पांडेय के भावुक संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**स्थानांतरण केवल भौगोलिक दृष्टि से है, आप बिसवां के बाशिंदों के हृदय में सदैव बने रहेंगे : संदीप मिश्र सरस**

# गांव के ही युवक के द्वारा मुर्गी फार्म में आग लगा दी गई

**5400 सौ मुर्गी के बच्चें आग में जलकर मौतं हों गईं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिपरिया धनी खीरी। कौशल भारती पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी गांव पोखनापुर पोस्ट रेहरिया थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी का हैं कौशल कुमार का मुर्गी फार्म गांव पोखनापुर में हैं जिसमें लगभग 5400 सौ मुर्गी का बच्चा पड़ा था।जिसकीं कीमत लगभग 9 लाख रुपये थीं व मुर्गी फार्म की कीमत लगभग आठ लाख रुपये थें जिसको नौगवां मजरा पोखनापुर के पवन पुत्र राजपाल ने आग लगां दीं जिससें कौशल का मुर्गी फार्म जलकर खाक हों गया।कौशल को जब पता चला तो विरोध किया तब विपक्षी के पिता ने कौशल का गिरेबान पड़कर इस आग में धकेलने की कोशिश की एवं जातिसूचक गालियां देते हुएं मारा व पीटा वहीं कौशल के अनुसार लगभग 18 से 20 लाख रुपये का नुकसान हों गया।

# मिशन शक्ति के तहत काउंसलिंग से सुलझे पारिवारिक विवाद, 6 दंपत्तियों की हुई विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद खीरी में महिला सशक्तिकरण और परिवार परामर्श की दिशा में सराहनीय कार्य सामने आया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में महिला थाना द्वारा आयोजित काउंसलिंग में 6 परिवारों को टूटने से बचा लिया गया।

महिला थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला ने काउंसलर कय्यूम ज़रवानी और सुश्री कुसुम गुप्ता के सहयोग से घरेलू विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई की। इस दौरान दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और वैवाहिक मतभेद से जुड़े कुल 10 प्रकरणों में दोनों पक्षों को समझाकर सुलह कराने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि 6 दंपत्तियों के बीच आपसी सहमति बन गई, जिसके बाद उन्हें साथ विदा कर नई शुरुआत का अवसर दिया गया। वहीं, 4 मामलों में मतभेद अधिक होने के कारण पक्षकारों को सोचने और निर्णय लेने के लिए समय दिया गया। इस अवसर पर महिला आरक्षी सारिका सिंह चौहान और रेखा गौड़ सहित संबंधित परिवारजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं–जैसे कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना और निराश्रित पेंशन योजना–की जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिला थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न सिर्फ महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि पारिवारिक विवादों को संवाद और समझदारी के माध्यम से सुलझाकर समाज में सामंजस्य बनाए रखना भी है।

# ग्रामीण बेटियों ने तीन माह की कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर बढ़ी आत्मनिर्भरता की ओर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर । तीन महीने की निष्ठा और लगन से पूरी की गई कंप्यूटर प्रशिक्षण ने ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के जीवन में नया आत्मविश्वास भर दिया। दूर-दराज के गांवों से आयी उन बेटियों ने कंप्यूटर सीखा, जिन्हें पहले इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। अब वही बेटियां शानदार परिणाम के साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं। त्रैमासिक प्रशिक्षण के उपरान्त परिणाम बेहद उत्साहजनक रहे। 220 छात्राओं में से 3 छात्राओं ने अपनी मेहनत से 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि आधे से अधिक बेटियां 80-90 प्रतिशत अंक हासिल करने में सफल रहीं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिश्रम का प्रमाण है, बल्कि ग्रामीण शिक्षा में हो रहे सकारात्मक बदलाव को भी दर्शाती है। एम ट्रस्ट द्वारा संचालित डिजिटल लर्निंग सेन्टर रतहरा तथा लखीमपुर के लीला कुआं में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेटियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

लखीमपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुमन वर्मा और जिला पंचायत इंटर कॉलेज की शिक्षिका रेखा वर्मा उपस्थित रहीं। साथ ही रतहरा क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद उपस्थित रहे। संस्था निदेशक संजय कुमार व कार्यकारी निदेशक प्रीति उपाध्याय माया सिंह वार्डे न कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मितौली, प्रो0 संजय कुमार वाईडीपीजी कालेज ने बेटियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। यह तीन महीने का कंप्यूटर कोर्स सीआईआई फाउंडेशन, एम ट्रस्ट, ब्रेन कोड, ऑडिस और इन्फोसिस के सहयोग से संचालित किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बेटियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ जॉब के लिए तैयार करना था, ताकि वे भविष्य में नये अवसरो को प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्य अतिथि सलीम अहमद ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में बालिकाओं को शिक्षा को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण है मुझे बहुत ही अच्छा लग रहा है कि एम ट्रस्ट 25 वर्षो से लगातार बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा व पोषण पर कार्य कर रही एम ट्रस्ट की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए एक नई दिशा साबित हो रही है, जहां शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता का सपना भी साकार हो रहा है। जब बालिकाएं शिक्षित होती हैं, तो वे समाज की प्रगति में योगदान देती हैं। एक शिक्षित महिला स्वस्थ परिवारों का पालन-पोषण करेगी, आर्थिक विकास में योगदान देगी और गरीबी के दुष्चक्र को तोड़ेगी। आइए हम सभी अभिभावकों और समुदायों को प्रत्येक बालिका की शिक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करें। यह केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय विकास की दिशा में एक कदम है। मुझे उम्मीद है कि जिन लड़कियों को परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, वे मजबूत और आत्मविश्वासी बनेंगी और खुद पर भरोसा रखेंगी। जब आप अपनी शिक्षा जारी रखती हैं तो सब कुछ संभव है। कार्यक्रम में सोनम , रामचन्द्र , नाज, इदरीश, ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक व बालिकाओं ने प्रतिभाग किया ।

## तालाब में डूबकर दो बालकों की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

मानपुर (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता । मानपुर थाना अंतर्गत के बन्नीखरैला के मजरा खरैला मे मछली पालन के लिए बने तालाब मे नहाते समय डूबने से दो बालकों की मौके पर मौत हो गयी तालाब मे डूबता एक युवक देख गांव मे हल्ला मचाते हुए पंहुचा जहाँ पर गांव के लोग भारी संख्या मे इकठ्ठा होकर तालाब पर पहुंचें तब तक दोनों बालक तालाब मे डूब चुके थे गांव वालो की मदद से दोनों शवो को तालाब से बाहर निकला गया और शवो की पहचान कराई गयी तो दोनों बालक महमदापुर ग्राम पंचायत के रमईपुर गांव के बताये गए जिसमे एक बालक की पहचान कपिल पुत्र सुरेन्द्र यादव जिसकी उम्र करीब 12 वर्ष के रूप मे हुयी। वही पर दूसरे बालक की पहचान अर्पित पुत्र शिवकुमार जिसकी उम्र करीब 14 वर्ष के रूप मे हुयी बताते चलें कि अर्पित ग्राम भनवापुर थाना तालगांव का निवासी था और अपने ननिहाल में नाना के यहां रहता था दोनों बालक खरैला के एक मछली पालन के तालाब सलाह करके नहाने गए थे तालाब मछली पालन के लिए खुदाई करके बनाया गया है जिससे तालाब मे पानी समर सेबुल से भरा जाता है वही पर नहाने गए बालक पानी भरे गहरे खड्डे मे पहुंच गए जहाँ पर पैर न लगने से दोनों युवक की डूबने से मौत हो गयी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंची पुलिस नें शव को अपने कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर ले लिया गया वही पर परिजनों नें पोस्टमार्टम न कराने को लेकर कहा जिस पर लोगो की संतुष्टि बनी और पंचनामा भर कर नाबालिक दोनों बालको के शव परिजनों को सौंप दिए गए परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही पर गांव मे सन्नाटा पसर गया।

## वाराणसी में ग्रीष्मकालीन टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रशासन की टीम ने जीता मैच

वाराणसी। वाराणसी में रविवार को पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के मार्गदर्शन और मंडल क्रीड़ा अधिकारी बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में वाराणसी मंडल क्रीड़ा स्थल में अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रशासन और आर.वी.एन.एल के बीच खेले गए मैच में प्रशासन की टीम विजेता रही। पहले आर.वी.एन.एल की टीम ने बैटिंग किया और निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 193 रन बनाए। आर.वी.एन.एल की तरफ से चंचल यादव ने 58 बाल पर 11 चौके और 5 छक्के की मदद से 101 रन, ज्ञान वर्मा ने 25 और कार्तिकेय पाठक ने 18 रन बनाए। प्रशासन की तरफ से कलाम अली खान ने चार ओवर में 24 रन लेकर तीन विकेट लिए राकेश, असलम और आशीष को एक–एक विकेट प्राप्त हुआ। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रशासन की टीम ने 12.5 ओवर में दो विकेट पर 195 रन बनाकर आठ विकेट से मैच जीत लिया। वही, प्रशासन की तरफ से आशीष यादव ने 30 बाल पर 7 चौके और पांच छक्के की मदद से 66 रन, ऋषि कपूर ने 27 बाल पर छह चौके और छह छक्के की मदद से 65 रन, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव सिंह ने सात बाल पर दो चौके और दो छक्के की मदद से 21 रन और असलम ने 16 रन बनाए। आर.वी.एन.एल की तरफ से चंचल यादव और अमितोष राय को एक–एक विकेट प्राप्त हुआ। मैच के अंत में प्रशासन के कलाम अली खान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आर.वी.एन.एल के ए.जी.एम सत्य प्रकाश यादव द्वारा दिया गया।

## औरैया में निकली परशुराम शोभायात्रा, फूलों की वर्षा से हुआ भव्य स्वागत

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया शहर में रविवार को भगवान परशुराम की भव्य शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिलक नगर स्थित भूतेश्वर मंदिर से शुरू हुई इस यात्रा का शहरभर में जगह–जगह फूल वर्षाकर स्वागत किया गया। बैंड–बाजों की धुन और भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह मंदिर में भगवान परशुराम के विधि–विधान से पूजन के साथ हुई। इसके उपरांत फफूंद रोड स्थित उमा प्रेम सत्संग आश्रम में 20 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया गया, जिसमें आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जनेऊ संस्कार सम्पन्न कराया गया। शोभायात्रा को पूर्व ग्वालियर हाईकोर्ट अध्यक्ष एडवोकेट अनिल मिश्रा और सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने भगवान परशुराम का तिलक कर रवाना किया। यात्रा हाजी पेट्रोल पंप रोड, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संजय गेट, सुभाष चौक, सदर बाजार और लेडीज मार्केट होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई पुनः भूतेश्वर मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में रथों पर सजी भगवान परशुराम की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कई स्थानों पर शर्बत और शीतल पेयजल की व्यवस्था कर लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के तत्वावधान में परशुराम जयंती पर श्रद्धा का संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । भगवान श्री परशुराम जी की जयंती के पावन अवसर पर देवकली स्थान पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान परशुराम जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें उपस्थित आचार्यों द्वारा हवन-पूजन कर भगवान परशुराम जी की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर भगवान से सुख-समृद्धि एवं समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने की कामना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र, उनके अद्वितीय पराक्रम, न्यायप्रियता और धर्म रक्षा के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि ज्ञान, तपस्या और सत्य के प्रतीक भी हैं। उनके जीवन से हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और समाज में धर्म एवं मर्यादा बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष पुत्तन मिश्रा, ब्राह्मण परिवार सेवा समिति के अवधेश मिश्रा, हरि नाम शंकर अवस्थी, अखिलेश अवस्थी, राजीव बाजपेई, आचार्य एवं प्रमोद शास्त्री सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस दौरान उपस्थित लोगों को सामाजिक एकता, आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का संदेश दिया गया। साथ ही युवाओं से अपील की गई कि वे भगवान परशुराम जी के आदर्शों को अपनाकर समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और भक्ति का माहौल बना रहा, जिससे यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख का चेक वितरित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक राम सुमेर को 2 लाख का चेक वितरण किया गया । यह जानकारी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक जायसवाल व अलीगंज ग्रामीण बैंक शाखा के प्रबंधक विकास कुमार ने बताया कि रंकेडीह निवासी मृतक अरुण कुमार व अलीगंज रवनिया पश्चिम निवासी राम सुमेर के नाम प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत परिवारी जनों को शाखा में बुलाकर दो ?200000 का चेक प्रदान किया गया।इस अवसर पर अधिकारी पीटी कुशवाहा शालिनी श्रीवास्तव व भाई प्रदीप के अलावा बैंक कर्मचारी एवं अनूप शर्मा सहितअधिकारी का सहयोग प्राप्त रहा। चेक पर प्राप्त कर पारिजनों में खुशी व्याप्त है।

# एडीएम को फॉर्मर रजिस्ट्री न बनाने की मिली शिकायत, रात में ही पहुंचे गांव

**एडीएम ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, लापरवाही बरतने वाला लेखपाल निलंबित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री कराना सभी किसानों के लिए जरूरी है, इसके बिना पीएम किसान सम्मान निधि और सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री नहीं होगी। शासन के आदेश पर पंचायत भवनों में फार्मर रजिस्ट्री के कैम्प लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बीती देर शाम एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार को शिकायत मिली कि तहसील सदर के परगना कांट के गांव चंदौरा में फॉर्मर रजिस्ट्री का न तो कैम्प लग रहा है और ना ही किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की जा रही है। शिकायत मिलने पर रात करीब 08 बजे एडीएम गांव चंदौरा पहुंचे और पंचायत भवन में ही चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बताया फॉर्मर रजिस्ट्री का कैम्प 01 अप्रैल से चल रहा है और प्रत्येक दिन कैम्प लगाने के निर्देश हैं, लेकिन लेखपाल कैम्प में केवल एक ही दिन आए। इसके अलावा ग्रामीणों ने लेखपाल पर आय-जाति-निवास प्रमाण पत्रों को मनमाने तरीके से बनाने, कृषक दुर्घटना की फाइल रिपोर्ट लगाने, गौशाला की जमीन की पैमाईश ना करने आदि कई गंभीर आरोप लगाए। जिस पर एडीएम ने ग्राम चंदौरा बहादुर में तैनात लेखपाल आशीष कुमार यादव को निलंबन की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी। जिसके बाद एसडीएम सदर ने लेखपाल को निलंबित कर दिया। एडीएम ने बताया कि 30 अप्रैल तक पंचायत भवनों पर कैम्प लगाकर कर फॉर्मर रजिस्ट्री का काम किया जा रहा है। जहां लेखपाल, पंचायत सहायक, जनसेवा केंद्र के लोग बैठ रहे हैं तथा उनके सहयोग हेतु ग्राम प्रधान और कोटेदार को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेम-प्रसंग के चलते पत्नी ने बहनोई के साथ मिलकर की थी पति की हत्या, 06 साल बाद गिरफ्तार, 25-25 हजार का इनाम था

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। सर्विलांस सेल, एसओजी और थाना तिलहर पुलिस टीम की संयुक्त टीम ने प्रेम प्रसंग के चलते पति की जहर देकर हत्या करने वाली पत्नी और उसके प्रेमी बहनोई को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह दोनों आरोपी 06 साल से फरार थे। एसपी ने इनकी जल्द गिरफ्तारी के लिए 25- 25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। दरअसल, बीती 19 अक्टूबर 2020 को थाना तिलहर क्षेत्र के गांव पिपरा निवासी सतीश चन्द्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर मृतक की पत्नी सुनीता, उसके बहनोई कपिल गंगवार, प्रेमपाल और वीरावती पर मर्डर आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पाया कि सतीश की हत्या में अभियुक्त प्रेमपाल और वीरावती की संलिप्तता नहीं है। जबकि मृतक की पत्नी सुनीता गंगवार का अपने बहनोई कपिल गंगवार निवासी राजनपुर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी मिलने पर मृतक ने विरोध किया और पत्नी सुनीता ने कपिल गंगवार से मिलकर योजनाबद्ध तरीके से सतीश के भोजन में जहर मिलाकर दे दिया। जिसके बाद दोनों ने मिलकर सतीश की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद से दोनों अभियुक्त फरार चल रहे थे। एसपी ने इन पर 25-25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था। आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दोनों अभियुक्तों को सरयू पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिए हिमाचल प्रदेश के जनपद सोलन के थाना बद्दी क्षेत्र के गांव झारमांझरी में रहने लगे। जहां अभियुक्त कपिल गंगवार एक स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्य कर रहा था। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त कपिल गंगवार पर पूर्व में भी मर्डर आदि के मुकदमें दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# अपहरण कांड का खुलासा: अपहृत बच्चा सकुशल बरामद, पांच आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। इस्लामनगर क्षेत्र में एक बरातघर से अगवा किए गए एक साल के मासूम बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे को आगरा निवासी दंपती को बेचा गया था। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि इस्लामनगर थाना पुलिस ने शादी समारोह से अपहृत एक वर्षीय मासूम बच्चे को दो दिन के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने पांच अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इस घटना के खुलासे के लिए तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा के आदेश पर पुलिस की चार टीमें गठित की गईं थी। इन टीमों ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। कड़ी से कड़ी जोड़कर पुलिस आरोपियों तक पहुंची और गिरफ्तार कर लिया। तेजतर्रार एसएसपी अंकिता शर्मा ने रविवार को घटना का खुलासा किया। मासूम बेटे को सुरक्षित पाकर माता-पिता की खुशियां लौट आईं। ज्ञात हो कि 16 अप्रैल 2026 की रात करीब 12:30 बजे इस्लामनगर के मोनार्क फार्म हाउस में विवाह समारोह से भूखन प्रजापति का एक वर्षीय पुत्र सौरभ का अपहरण कर लिया गया था। वह कमरे में सो रहा था। उसे एक महिला उठा ले गई थी। थाना इस्लामनगर में अज्ञात महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जांच के दौरान एक संदिग्ध कार फार्म हाउस के बाहर दिखी। यह कार मुनेश पुत्र कुंवरपाल के नाम पर थी। पुलिस ने मुनेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की और अहम सुराग जुटाए। वहीं मुनेश ने बताया कि उसकी रिश्तेदार खुशबू के साथ वह इस्लामनगर आया था। खुशबू ने जयमाला कार्यक्रम के दौरान कमरे में सो रहे बच्चे सौरभ को उठा लिया। बच्चे को आगरा में खुशबू के मौसा दिनेश के घर ले जाया गया। दिनेश और खुशबू ने संतानहीन आगरा निवासी सोनू को बच्चा 70,000 रुपये में बेचने की साजिश रची थी। इसके लिए सोनू से 20,000 रुपये एडवांस ले लिए थे। खुशबू ने बच्चे के कागजात बनवाने का आश्वासन दिया था।वहीं पुलिस मुनेश के साथ दिनेश के घर पहुंची, जहां दिनेश और खुशबू ने बच्चे को सोनू और उसकी पत्नी बबली को बेचने की बात कबूली। इसके बाद पुलिस खुशबू और दिनेश को साथ लेकर सोनू के आगरा स्थित घर पहुंची। वहां सोनू की पत्नी बबली और उसकी रिश्तेदार पूजा बच्चे सौरभ के साथ मिलीं। पुलिस ने सौरभ को सकुशल बरामद कर खुशबू, मुनेश, दिनेश, बबली और पूजा को गिरफ्तार किया। घटना में कार जब्त की गई और प्राथमिकी में धारा 142/143(4)/3(5) बीएनएस जोड़ी गई है। अभियुक्त मुनेश का आपराधिक इतिहास भी है।

# शासन और प्रशासन को जमीनी हकीकत से रुबरु कराएगा कॉउन्सिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच

## व्यापारी दशा अभियान की बनी रणनीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। कॉउन्सिल ऑफ उद्योग व्यापार मंच की कोर कमेटी की मासिक बैठक शनिवार देर शाम जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता के निज निवास पे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बलदेव सिंह की उपस्थित में आयोजित हुई। ज़िला महामंत्री राजेश माहेश्वरी ने बिन्दुवार व्यापारियों की समस्याओं एवं संगठन को और अधिक सक्रिय करने का प्रस्ताव रखा जिसपर कोर कमेटी के सदस्यों में संगठन को गतिशील बनाये रखने के लिए व्यापारी संवाद कार्यक्रम व प्रत्येक गुरुवार को जिलामंत्री संतोष जायसवाल के संयोजन में नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने की सहमति बनी।

इस प्रस्ताव पर जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने नगर भ्रमण कार्यक्रम को ऌव्यापारी दशा अभियानॡ नाम देते हुए कहा कि व्यापारियों की स्थिति परिस्थिति को जमीनी स्तर पर समझने की जरूरत है साथ ही नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाकर एक स्वच्छ व्यापार की पृष्ठभूमि प्रदान करने का प्रयास करना होगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह ने कहा की इस वक़्त हर जगह व्यापारी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और प्रत्येक जिले में जिला प्रशासन के साथ बैठकें हो रही हैं जिसका परिणाम व्यापारी हित में सफल हो रहा है। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार बलदेव सिंह, जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश माहेश्वरी, संतोष जायसवाल, रवि सोनी, अश्विनी वर्मा, अरविंद द्विवेदी, विजय टंडन, राजीव श्रीवास्तव, मनोज जैन, विश्वनाथ बरनवाल, रितेश खेतान आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम की बैठक आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में विकास भवन में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत आ रही समस्याओं को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा आ रही समस्याओं का तत्परता से नियमानुसार निस्तारित कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक एवं सी0एल0 गुप्ता वल्ड स्कूल, पी0एम0एस0 इंटर कॉलिज एवं सेंट मीरा इंटर कॉलिज के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

# शोभा यात्रा का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल। आज बनिया खेड़ा ब्लॉक के ग्राम कैथल में संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड बाजे,डीजे के साथ अंबेडकर अनुयाई पूरे जोश के साथ बाबा साहब तथा भगवान तथागत बुद्ध की नारे लगाते हुए चल रहे थे, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ''भारत सरकार''के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया! सर्वप्रथम नारे लगाते हुए भगवान् तथागत बुद्ध व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए!

कार्यक्रम में मौजूद पूज्यनीय भंते जी ने पंचशील का पाठ कर सभी से धम्म के मार्ग पर चलने आवाह्न किया । मुख्यातिथि के रूप में श्री सतीश प्रेमी ने अंबेडकर अनुयाइयों को संबोधित करते हुए कहा की संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने देश में संविधान देकर दलितों,पिछड़ों तथा संपूर्ण महिला समाज की हजारों वर्षों की गुलामी बेड़ियों को अधिकार देकर बिना खून की एक बूंद बहाए काटा और सम्मान से जीने का अधिकार दिया। कार्यक्रम में सर्वश्री रामरूप सिंह रूपी,विमलेश कुमारी,योगेश कुमार,विनोद कुमार एड0 ,मुकेश गौतम,कपिलदेव,अमरपाल सिंह,हरिशंकर,कुमेश कुमार,दीपक कुमार,विजेंद्र सिंह,राहुल गौतम,प्रमोद कुमार,कैलाश चटवाल,राजू अनजान,सुरेश गौतम,दिनेश बाबू,प्रताव सिंह,प्रमोद कुमार, जगराम सिंह हरिशंकर भारती आदि मौजूद रहे।

## 21 नई बसें, 200 से अधिक गांवों के लोगों को मिलेगा लाभ

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं जिले के आठ रूटों पर 21 ग्रामीण बसों का संचालन किया जाएगा। इससे दो सौ से अधिक गांवों के लोगों को फायदा होगा। परिवहन निगम ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण बस सेवा शुरू करने की तैयारी है। योजना के तहत 21 नई बसें संचालित की जाएंगी, जिनसे 200 से अधिक गांवों के लोग लाभान्वित होंगे। इन बसों के माध्यम से ग्रामीण सीधे जिला मुख्यालय से जुड़ सकेंगे। इससे उन्हें आवागमन में काफी सुविधा होगी। कुल आठ रूटों पर ये बसें दो-दो फ़ेरे लगाएंगी। जिले के कई ऐसे गांव हैं, जहां अब तक जिला मुख्यालय के लिए सीधी बस सेवा उपलब्ध नहीं है। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना का उद्देश्य ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों को बस सुविधा से जोड़ना है। ये बसें 15 से 28 सीटों वाली होंगी, जो ग्रामीण मार्गों पर आसानी से चल सकेंगी। प्रत्येक बस आठों रूट पर प्रतिदिन दो-दो चक्कर लगाएंगी, जिससे यात्रियों को आवागमन में अधिक सुविधा मिलेगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश पाठक ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद बस संचालकों को 15 दिन का समय दिया जाएगा, जिसके बाद चयनित रूटों पर बसों का संचालन शुरू हो जाएगा।बदायूं-वजीरगंज-सैदपुर-बगरैन-बिसौली-आसफपुर रूट पर एक बस चलेगी।बदायूं-सराय-डहरपुर-दातागंज-समरेर रूट पर नौ बसें संचालित होंगी, जो इस क्षेत्र की उच्च मांग को दर्शाती है।बदायूं-सतेती-बिल्सी-नरैनीचौराहा-सहसवान-नाधा-इस्लामनगर रूट पर चार बसें चलेंगी।बदायूं-वजीरगंज-सैदपुर-बगरैन-करेंगी-बिसौली-दबतोरी (दो बसें), बदायूं-सराय-दातागंज-डहरपुर-म्यांऊ-उसैहत-जलापुर-खेरे (दो बसें), बदायूं-सराय-दातागंज-डहरपुर-सैंजनी म्यांऊ-उसैहत (एक बस), बदायूं-ककराला-उसैहत-म्यांऊ-उसैहत-गौंतरा-हजरतपुर (एक बस) और बदायूं-ककराला-उसैहत-हरेण्डी-कादरचौक-भूड़ाभदरौल-कछला-जुनैरा-सहसवान (एक बस) शामिल हैं। इन बसों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार आएगा। गांव के लोगों को अब जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए कई वाहनों को बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। यह सीधी बस सेवा उनके समय और धन दोनों की बचत करेगी। विशेष रूप से उन गांवों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी, जहां परिवहन के सीमित साधन उपलब्ध हैं। इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# मातृत्व और नारी सम्मान के मुद्दे पर शिवसेना का प्रहार, महिला विधेयक पर विपक्ष को घेरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। मातृत्व और नारी सम्मान के मुद्दे को लेकर शिवसेना ने एक बार फिर अपनी मजबूत राय रखी है। पार्टी का कहना है कि राजनीति भले ही दलगत हो सकती है, लेकिन देशहित सबसे ऊपर होना चाहिए। भारतीय नारी की महानता का उदाहरण देते हुए पार्टी ने बताया कि इतिहास गवाह है जब भी देश पर संकट आया, महिलाओं ने अपने गहने ही नहीं बल्कि अपना मंगलसूत्र तक देश के नाम कर दिया।

रानी पद्मावती और रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उन्होंने अपने राज्य की आन-बान-शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी, लेकिन कभी गुलामी स्वीकार नहीं की। ऐसे बलिदानों से भारतीय इतिहास भरा पड़ा है। शिवसेना ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के सहयोगी दलों द्वारा लाए गए महिला विधेयक को लोकसभा में पारित करने का प्रयास किया गया, लेकिन कंग्रेस और उसके सहयोगी दलों के विरोध के कारण यह संभव नहीं हो सका। पार्टी का मानना है कि भारतीय परिवार व्यवस्था में महिला ही केंद्र बिंदु होती है, जो पूरे परिवार को संभालती और जोड़कर रखती है। परिवार से समाज और समाज से देश का निर्माण होता है, इसलिए महिलाओं को सम्मान और उचित भागीदारी मिलना बेहद जरूरी है। शिवसेना ने विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या माताओं और बहनों को लोकतंत्र के इस पवित्र मंच में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलना चाहिए? पार्टी ने इस मुद्दे पर विपक्ष के रुख की कड़ी निंदा की और कहा कि राष्ट्रहित के विषयों पर पक्ष और विपक्ष दोनों को एकमत होना चाहिए। अंत में शिवसेना के जिलाध्यक्ष अजयकंात त्रिपाठी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि विपक्ष को सद्बुद्धि मिले और वे राष्ट्रहित के मुद्दों पर सकारात्मक राजनीति करें।

## नशे में धुत मासूम बेटी से दुराचार करने वाला कलयुगी पिता गिरफ्तार

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के चौबेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नशे में धुत एक कलयुगी पिता ने अपनी ही मासूम सगी बेटी के साथ दुष्कर्म कर खून के रिश्ते को शर्मसार कर दिया। शर्मनाक कृत्य के बाद मुम्बई भाग रहे आरोपित को चौबेपुर पुलिस ने रविवार को सारनाथ रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर दिया। पुलिस ने आरोपित का मेडिकल कराया। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि होते ही आरोपित को जेल भेजने के लिए पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई। पीड़ित बच्ची के मां ने पूछताछ में पुलिस अफसरों को बताया कि बीते 18 अप्रैल की देर रात गर्मी की वजह से वह छत पर सो रही थी। उसकी 08 वर्ष की बेटी कमरे में अकेले सो रही थी। इसी दौरान शराबी पति वहां पहुंचा और बेटी के साथ दुष्कर्म करने लगा। बेटी जब दर्द से चीखी तो मैं नीचे कमरे में आयी तो पति दुष्कर्म कर रहा था। वह मुझे देखकर घर से रात में ही भाग निकला। अगले दिन सुबह बेटी को लेकर मैं थाने पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। चौबेपुर थाना प्रभारी के अनुसार पीड़ित बच्ची का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराया गया। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

## सचिव तपस्या त्रिपाठी द्वारा किया गया जिला कारागार, मुरादाबाद का निरीक्षण

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद सय्यद मऊज़ बिन आसिम के कुशल निर्देशन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद के तत्वावधान में सचिव तपस्या त्रिपाठी द्वारा दिनांक 18 अप्रैल 2026 को जिला कारागार, मुरादाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, जिससे कारागार की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाया जा सके। इस अवसर पर जिला कारागार, मुरादाबाद में एक विधिक जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुछ बंदियों द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रार्थना की गयी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित बंदियों को त्वरित रूप से निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराये गये। साथ ही, शिविर के माध्यम से बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त, बंदियों को मादक पदार्थ (ड्रग्स) के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जेलर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ तथा पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर में 'बाल कुंभ' का भव्य आयोजन, उत्साह और अनुशासन की मिसाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में 'बाल कुंभ' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम का उद्देश्य भैयाओं के सर्वांगीण विकास एवं उनकी प्रतिभा को निखारना रहा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रचारक दुष्यंत जी, नगर प्रचारक देवेश जी, नगर कार्यवाह आशीष जी एवं खंड शारीरिक प्रमुख दीपक पाल जी द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया बाल कुंभ' में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बालकों से लेकर वरिष्ठ वर्ग के स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया इस अवसर पर जिला प्रचारक दुष्यंत जी ने बौद्धिक सत्र में संघ के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के जीवन एवं उनके योगदान को विस्तार से बताया उन्होंने भैयाओं को राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा भाव को जीवन में अपनाने का संदेश दिया मैदान में आयोजित पारंपरिक एवं शारीरिक खेलों ने सभी का मन मोह लिया। बोरा दौड़, बाधा दौड़, संख्या खेल, राम-श्याम, सुदर्शन चक्र और शेर-बकरी जैसे खेलों में प्रतिभागियों के बीच उत्साहपूर्ण प्रतिस्पर्धा देखने को मिली सभी प्रतिभागियों ने अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था मोहित अवस्थी द्वारा संभाली गई, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी आशीष जी ने निभाई आयोजन को सफल बनाने में पुनीत, साकेत, प्रदीप अग्निहोत्री, रवि गुप्ता, जितेश, सुधीर, वैभव एवं प्रवेश सहित कई कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर स्थानीय कस्बे में भगवान परशुराम जयंती डा आशुतोष तिवारी के संयोजन में मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। डा आशुतोष तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम के जीवन में समर्पण था। उनके आदर्शों का सबको मनन करना चाहिए। क्षेत्र के हरिहरपुर केवटिली में परशुराम जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के महामंडलेश्वर व संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतों ने अपने उद्बोधन में भगवान परशुराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए धर्म, सत्य, शिक्षा और संस्कारों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया तथा समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन गंगा प्रसाद तिवारी व अध्यक्षता डॉ. आशुतोष तिवारी ने की। कार्यक्रम में शामिल हुए संतों का भव्य स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर महामण्डलेश्वर ब्रह्म श्रृषि स्वामी आलोक पुरी जी महराज, जगतगुरू स्वामी अरूणानंद सरस्वती, महामण्डलेश्वर स्वामी राजेश गिरी, महामण्डलेश्वर प्रमोदानंद गिरी, स्वामी रमणपुरी निरंजनी अखाड़ा,भानुपुरी महराज एसडीएम प्रवीण कुमार,सीओ आशुतोष कुमार, भाजपा नेता अखिलेश तिवारी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु साधु संत उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र पांडे व राजू तिवारी ने किया। अंत में भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# भगवान परशुराम के आदर्श पर चलना ही मिलता है सन्मार्ग : स्वामी अरुणा नंद जी महराज

## बल्दीराय क्षेत्र के केवटली में अक्षय द्वितीय पर हुआ भव्य कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील के पूरे हरिहर तिवारी, केवटली गांव में रविवार को आयोजित इस समारोह में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय परशुराम सेना के तत्वावधान में किया गया, जिसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष जी.पी. तिवारी ने की। समारोह में ब्रह्मऋषि आलोक पुरी एवं स्वामी अरुणानंद सरस्वती सहित कई संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतों ने अपने प्रवचनों में भगवान परशुराम के जीवन मूल्यों, धर्म रक्षा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा को विस्तार से बताया। विशेष रूप से पिता की आज्ञा सर्वोपरि संदेश पर जोर देते हुए संतों ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें परिवार में अनुशासन, आज्ञाकारिता और सम्मान की सीख देता है, जो आज के समाज में अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना बल्दीराय प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## देवरिया में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

देवरिया । अग्निशमन तथा आपात सेवा जनपद-देवरिया द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक मनाए जा रहे अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत स्कॉलर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल राघवनगर, बीएन पब्लिक स्कूल, केडी पब्लिक स्कूल उमनागर, सेंट जेवियर्स स्कूल गौरीबाजार, सेंट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर, सेंट जेवियर्स स्कूल भाटपाररानी, एसबीटी पब्लिक स्कूल गौरीबाजार एवं आरएसएस अकैडमी सलेमपुर में ऌसुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज—आग की रोकथाम के लिए एक साथॠ विषय पर निबंध लेखन एवं चार्ट मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को गैस सिलेंडर और शॉर्ट सर्किट से होने वाली अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में सतर्कता, धैर्य और सूझबूझ से कार्य करने के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई। बच्चों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी विशाल यादव एवं उनकी टीम ने विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों को अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी और उनका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी कराया। कार्यक्रम के अंत में अग्निशमन विभाग एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# कप्तान साहब : नहीं बचा कानून, हर ओर हो रहा खून

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में बढ़ अपराधों पर वर्तमान में पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं रहा।अभी अप्रैल माह की 19 तारीख ही हुई है और जिले में पांच हत्याएं व एक लावारिस लाश मिलने की घटनाएं होने के बाद पुलिस महकमे पर सवाल उठना लाजमी है। पिछले 16 दिसम्बर 2023 में जिले की बागडोर संभालने वाले 2014 बैच के आईपीएस विनीत जायसवाल की हनक पर भी प्रश्नचिन्ह लगना लाजमी हैं। बता दें कि जिले में बीते एक वर्ष के अंदर हत्या, लावारिस लाशों का मिलना, दुष्कर्म, चोरी, लूट, छिनौती और साइबर अपराध की घटनाओं में सर्वाधिक इजाफा हुआ है। मंडल मुख्यालय होने के कारण सर्वाधिक संवेदनशील जिले में बैठे पुलिस अधिकारी पुलिसिंग में पूरी तरह से फ़ेल साबित हुए हैं। वहीं तरबगंज तहसील का थाना क्षेत्र नवाबगंज अपराध की घटनाओं का सबसे बड़ा गढ़ माना जाता रहा है,बीते पांच अप्रैल को थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा ग्राम पंचायत के पूरेअर्जुन गांव में 28 वर्षीय रामरंग उर्फ रिंकू की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। घटना रामरंग और गांव के ही भरतलाल यादव व राहुल यादव के बीच लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद का परिणाम है।दोपहर में ट्रैक्टर चालक राहुल यादव रामरंग के खेत से अपना ट्रैक्टर निकाल रहे थे। रामरंग ने जब इसका विरोध किया तो राहुल यादव ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।इस प्रारं भिक विवाद के बाद नवाबगंज थाने की पुलिस ने आरोपियों का शांति भंग में चालान किया था। हालांकि बाद में सभी आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया गया। जमानत मिलने के बाद आरोपी दो बार घर पहुंचे और फिर से खेत में ट्रैक्टर लेकर गए, इसी बात पर विवाद बढ़ गया। जिसके दौरान राहुल यादव ने रामरंग पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया था इस घटना से पूरा जिला थर्रा गया था। इसी तरह 22 फरवरी रविवार को सुबह करीब दस बजे अधिवक्ता खेत की जोताई कराने के लिए ट्रैक्टर ले कर गए थे। उसी समय हरिशरण मिश्र पक्ष के लोग वहां पहुंचे और जोताई का विरोध किया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे व धारदार हथियारों से हमला शुरू हो गया।जिसमें अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्र को गंभीर चोटें आई थी जहां उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। गंभीर हालात में सुभाषचंद्र मिश्र को मेडिकल कालेज से संबद्ध चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।उस समय पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच तीखी नोंकझोंक भी हुई थी। वही 18 अप्रैल को खरगूपुर के खनवापुर गांव के पास देर रात गेहूं मड़ाई के दौरान थ्रेशर चालक से लूट के प्रयास में पकड़े गए एक आरोपी की लोगों ने पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना में चाकू लगने से एक किसान भी घायल हो गया, जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मामले में दोनों पक्षों से प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। खनवापुर निवासी देवी प्रसाद शुक्ला देर रात खेत में गेहूं की मड़ाई कर रहे थे।

इसी दौरान हनुमान गोस्वामी अपने साथियों के साथ थ्रेशर लेकर वहां पहुंच रहे थे। आरोप है कि चौखड़िया गांव निवासी संजय चौबे अपने दो साथियों–दीपक यादव (परसरामपुर अहिरन पुरवा) और प्रशांत तिवारी (खनवापुर)–के साथ बाइक से पहुंचे और हनुमान से मोबाइल व नकदी छीनने का प्रयास किया।शोर मचाने पर देवी प्रसाद और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। इसी दौरान आरोप है कि संजय चौबे ने देवी प्रसाद पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद गुस्साए लो गों ने संजय की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई, जहां चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिया।वही बेहतर पुलिसिंग के लिए आए दिन अपराधियों की धरपकड़ कर शाबाशी लूटने वाले पुलिस अधिकारी यह कहकर अपना बचाव कर रहे हैं कि ज्यादातर घटनाएं पारिवारिक विवादों के का रण होती है। जनपद में शहर में ग्रामीण क्षेत्रों में बसे गांवों में पुलिस की पेट्रोलिंग जीरो है शायद यही कारण है कि छोटी- छोटी घटनाओं पर पुलिस की निगाह न होने के कारण बाद में वही बड़ी घटनाओं का रूप ले रही हैं। आईजी अमित पाठक पुलिस अफसरों के साथ की जाने वाली बैठकों तक सीमि त रह गए हैं। या फिर उनकी बातो को कोई पुलिस कर्मी सुनता नहीं है। मंडल मुख्यालय होने के कार ण संवेदनशील जिले में अब पुलिस अधिकारी केव ल अपनी उपलब्धियां गिना रहे हैं। पुलिस कप्तान कहते हैं ऐसे अपराधों को कैसे रोका जा सकता है, ज्यादातर घटनाएं पारिवारिक विवादों के कारण ही हो रही हैं।

# सावधान ! कही आप तो नहीं हो रहे हैं झोलाछापों का शिकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**सीएमओ आफिस के प्रभारी झोलाछाप के क्षेत्रों में पहुंचने के पहले ही लग जाती है भनक !**

गोंडा । जनपद मे आपको हर गली और मोहल्ले मे डाक्टरों के पैनल से सजे बोर्ड अस्पताल के बाहर मिल जायेगे,और उनमे से आते और इलाज कब करते है या सिर्फ कागजी मानक पूरा करके सीएम ओ आफिस से रजिस्ट्रेशन करवा कर बचने का रास्ता निकालते है जब कि हकीकत कुछ और ही है,जब कि इनका पूरा पैनल बनाने के लिए आफि स मे बाबू बैठे है जो कि सभी रास्ते के द्वार खोल देते है, बाकी वही बैठे बैठे डिग्री मानक और एन ओ सी सब मिल जाती है और झोलाछापों कि पौ बारह होने लगती है और जब भी कुछ छापे की भनक लगती है तो सीएमओ आफिस से टीम के निकालते ही झोलाछापों को पता हो जाती है और वह वहाँ से सब समान निकाल कर दूसरे स्थान पर या ताला डाल देता है फिर क्या टीम गयी और भ्रम ड कर वापस आ जाती है फिर सीएमओ आफिस में सम्बन्धित बाबू के पास भीड लगना शुरू हो जा ती है ऐसा मामला सीएमओ के पास अनेको बार आता है।झोलाछाप के खिलाफ सम्बंधित उच्चधि कारियों से शिकायत किया और आजतक झोला छाप के ऊपर कोई कार्यवाही नही की गयी जनपद मे बात करे तो अस्सी प्रतिशत मानकबिहीन अस्प ताल चल रहे है और फर्जी है सबसे बड़ी बात तो यह है कि हो न हो कुछ इलाज पर पैथोलॉजियो से जांच होने पर कमीशन तो मिलेगा ही और फिर म रीज के परिजन तीमारदार को लेकर जायेगे कहा, ऐसे ही झोलाछाप सर्जन जो कि मरीज को मौत के मुह तक ले जाने तक का काम करते है और समय समय पर सम्बंधित बिभाग के अधिकारी अपने उच्चधिकारियों को सब कुछ ठीक की मोहर लगाते रहते है जहाँ खुलेआम झोलाछाप डाक्टर चन्द पैसों के लिए मरीजो से खेलता रहता जिसमें झोलाछापों को चलवाने में सरकारी डाक्टरों की अ हम भूमिका होती है क्योकि या तो सरकारी डाक्ट र इलाज नहीं दे पाता और सरकारी अस्पतालों में लगने वाली रात्रि में इमरजेंसी ड्यूटी में फार्मासि स्टो के सहारे छोड दिया जाता है,और नही तो स रकारी अस्पताल बगल मे हो और आदमी झोला छाप के पास जाये क्यो,यह एक बडा और विचार णीय बिषय है और जब भी कोई पीडित इन झोला छापों कि शिकायत करता है तो उस शिकायत पत्र को रद्दी की टोकरी मे डाल दिया जाता है और झो लाछाप डाक्टर तक यह खबर पहुंच जाती है कि आपकी शिकायत हुई है,और फिर धीरे धीरे समय बीतता रहता है और फिर झोलाछापों का काम अ पने पुराने रास्ते मे आ जाता है।

# लहरपुर तत्कालीन एसडीएम व तहसीलदार समेत छह पर दर्ज हुआ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नाम और वल्दियत बदलकर सरकारी दस्तावेज बनवाने वाले पर दर्ज हुई एफआईआर, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, बाराबंकी के युवक ने खोली पोल**

सीतापुर लहरपुर ।तहसील में राजस्व अभिलेखों में हेरफ़ेर के आरोप में कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार, एआरटीओ व पूर्ति निरीक्षक समेत छह पर मुकदमा लिखा गया है। प्रकरण की शिकायत पीड़ित पक्ष ने अधिकारियों से की थी, सुनवाई न होने पर कोर्ट का सहारा लिया था। बाराबंकी के बड्डूपुर के पकरियापुर बड़ागांव निवासी विनय कुमार ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था कि उनकी मां रुक्मिणी देवी उर्फ अनीता लहरपुर के गिरगिटपुर पूरनपुर के सोहनलाल की बेटी हैं। सोहनलाल का निधन 1972 में हो गया था। उस समय मां रुक्मिणी दो वर्ष की थीं। उनकी नानी राजेश्वरी देवी ने अपने देवर ओम प्रकाश से विवाह कर लिया। दूसरी शादी से राजेश्वरी के एक बेटा मनोज कुमार का जन्म हुआ। शैक्षिक प्रपत्र में मनोज कुमार के पिता का वास्तविक नाम ओम प्रकाश दर्ज था। बाद में मनोज ने कूट रचित प्रपत्र तैयार कर प्रधान की मदद से चकबंदी विभाग से 1995 में आदेश पारित कराकर राजस्व अभिलेखों में मनोज कुमार पुत्र सोहन लाल दर्ज करा लिया। मतदाता सूची में भी यही नाम दर्ज कराया। आरोपित मनोज ने ड्राइविंग लाइसेंस, पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार व राशन कार्ड भी बनवा लिया। इसके आधार पर लहरपुर के तत्कालीन एसडीएम ने सामान्य निवास, तहसीलदार से आय प्रमाणपत्र बनवा लिया। मामला संज्ञान में आने के बाद मां रुक्मिणी देवी ने वर्ष 2020 में तहसील व जिला प्रशासन के अलावा शासन स्तर पर भी कई बार शिकायत कर प्रमाणपत्रों को निरस्त करने की मांग की। कार्रवाई न होने पर रुक्मिणी के पुत्र विनय कुमार ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने मुकदमा लिखने के आदेश जारी किए।

आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाया वादी के अनुसार, आरोपी ने अपनी बदली हुई पहचान के आधार पर परिवहन विभाग से ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बनवा लिए। इतना ही नहीं, आरोप है कि नवंबर 2020 में उसने कथित मिलीभगत से फर्जी आय और निवास प्रमाण पत्र भी जारी करवा लिए।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि इस मामले की शिकायत अगस्त 2020 से कई बार संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मजबूर होकर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। एसडीएम और तहसीलदार की हो चुकी है मौत कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद लहरपुर पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार के साथ-साथ तत्कालीन संभागीय परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, तहसीलदार और उपजिलाधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मनोज कुमार गुप्ता को सौंपी है। बताया जा रहा है कि जिन तत्कालीन अधिकारियों के नाम सामने आए हैं, उनमें से एसडीएम राधेश्याम और तहसीलदार रामदयाल की मृत्यु भी हो चुकी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है।

# मनरेगा बना लूट–योजना: भोरहा व मूसापुर प्रधान ने सरकारी सिस्टम को जूतों की नोक पर रखा

**भोरहा, पूरेनेवल पहाड़वां, मूसापुर में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में डीसी मनरेगा फ़ेल**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का ढिंढोरा पीट रही है,वहीं दूसरी तरफ गोंडा जनपद के मुजेहना विकास खंड अंतर्गत गाँव भोरहा,मूसा पुर,और पूरे नेवल पहाड़वां में इस नीति का सरे आम जनाजा निकाला जा रहा है।यहाँ ब्लॉक में बैठे जिम्मेदार अधिकारी बीडीओ,एपीओ और टीए कि तिकड़ी से खुली छूट से ग्राम प्रधान ने सरकारी सिस्टम को सीधी चुनौती देते हुए मनरे गा योजना को लूट का अड्डा बना दिया है।भोराहा गांव में 62, मूसापुर गाँव में 40,पूरे नेवल पहाड़वां गाँव में 42 गरीब मजदूरों के खून-पसीने की कमाई अब रोज गार सेवक और प्रधान की दबंगई से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है ।

**मजदूरों की मेहनत पर प्रधान का 'डाका'**

ग्रामीणों का आरोप है कि भोरहा,पूरे नेवलपहाड़वां मूसापुर गाँव में विकास कार्यों के नाम पर केवल कागजों के घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं।मनरेगा पोर्टल पर फर्जी मस्टररोल भरकर सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है। ऐसे मजदूरों का नाम सामने आया है जिन्होंने काम तो किया, लेकिन उनकी मजदूरी का पैसा या तो प्रधान के चहेतों के खातों में गया या उसे डकार लिया गया। सूत्र बता रहे है ज़ब पीड़ित मजदूर जब वे अपने हक की मांग करते हैं,तो उन्हें रसूख का डर दिखा कर चुप करा दिया जाता है।

**योगी सरकार में सिस्टम को बनाया बंधक**

सबसे हैरानी की बात यह है कि मनरेगा जैसी पा रदर्शी व्यवस्था को भी ब्लॉक में तैनात एपीओ से मिल रोजगार सेवक और ग्राम प्रधान ने अपने नि जी फायदे के लिए 'हैक' कर लिया है। बिना काम किए भुगतान निकालना और अपात्रों को लाभ प हुंचाना यहाँ की दिनचर्या बन गई है।यह खेल लंबे समय से चल रहा है, लेकिन मजाल है कि ब्लॉक स्तर का कोई अधिकारी इसकी सुध ले।इससे स्प ष्ट होता है कि इस भ्रष्टाचार की जड़ें कहीं न कहीं उच्चाधिकारियों के मौन समर्थन तक फैली हुई हैं।

**किसके रसूख पर फल–फूल रहा है 'फर्जीवाड़ा**

ब्लॉक और गांव में चर्चा आम है कि आखिर इस भ्रष्टाचार के खेल का असली मास्टरमाइंड कौन है ? आखिर किसके संरक्षण में ग्राम प्रधान योगी सर कार की साख को बट्टा लगा रहे है...? क्या जिला प्रशासन इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों को जेल भेजेगा,या फिर रसूखदार अ पनी पहुँच के दम पर इन गरीब मजदूरो की 'हाय' को क्या दबा देंगे...?...वही मजदूरो के नाम सिर्फ
हाजरी लगाई जाती है और ज़ब उनके खाते में पैसे आता है तो उनको हाजरी के बदले में हजार से पां च सौ रूपये मिलता है।वही अब देखना यह है कि गोंडा जिला प्रशासन इन गरीबों के आंसू पोंछता है या भ्रष्टाचार का यह गंदा खेल ऐसे ही चलता रहेगा

# प्रभारी मंत्री ने किया ओवर हेड टैंक का निरीक्षण, मिली खामियां, नहीं आए जल निगम एक्सियन, जवाब तलब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश**

शाहजहांपुर। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जल मिशन योजना के तहत तिलहर नगर पालिका ग्राउंड में बनाए गए ओवर हेड टैंक का निरीक्षण किया। जहां उन्हें तमाम खमियां मिली। निरीक्षण के दौरान मौके पर जल निगम के एक्सियन को भी आना था, लेकिन वो नहीं आए। जिस पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताते हुए जल निगम के एक्सियन का जवाब तलब करने के निर्देश दिए।

दरअसल, प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप रविवार को करीब 12 बजे तिलहर नगर पालिका हॉकी ग्राउंड पहुंचे और यहां बनाए गए 1875 केएल क्षमता वाले ओवर हेड टैंक की टेस्टिंग किए जाने के बारे में पूछा। जिस पर जल निगम के अधिकारी कोई जबाव नहीं दे सके। इस दौरान व्यापारी नेता सौरभ गुप्ता रवि ने प्रभारी मंत्री जी को बताया कि नगर की खोदी गई सड़कों हहुत दयनीय हालत है। आए दिन स्कूली बच्चों के रिक्शे और अन्य वाहन पलटने से लोग चोटिल हो रहे हैं। जिस पर प्रभारी मंत्री ने ओवर हेड टैंक का कार्य पूर्ण कर टेस्टिंग करने और पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बता दें कि जल मिशन योजना के तहत करीब 32 करोड़ रुपए की लागत से तिलहर नगर को बेहतर पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर तीन ओवर हेड टैंक के अलावा करीब 85 किलोमीटर पाइप लाइन डाले जाने का प्राविधान है। जिसमें पिछले दो सालों में अभी तक टैंक और पाइप लाइन का काम पूरा नहीं हो सका है। वहीं, राजनपुर रोड स्थित ओवर हेड टैंक निर्माण की गति बहुत धीमी है। इसके अलावा जलकर परिसर में भी टैंक निर्माण का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। इस दौरान तिलहर एसडीएम जीत सिंह राय, ईओ सत्येंद्र प्रकाश, सीओ ज्योति यादव, तिलहर कोतवाल जुगुल किशोर पाल, जल निगम के जेई हितेश गुप्ता सहित नगर पालिका का जलकल स्टाफ मौजूद रहा।

## जमीन के लिए बेटे ने पिता की कर दी हत्या, मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में थाना मेरापुर क्षेत्र में रविवार को जमीन के विवाद में बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी। छोटे भाई ने बड़े भाई के खिलाफ इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव नदोरा में बदन सिंह (75) की हत्या कर दी गई। मृतक के पुत्र नेकराम ने पिता की हत्या की रिपोर्ट अपने बड़े भाई मोहन के नाम दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में नेकराम ने कहा कि उसका बड़ा भाई मोहन पिता की जमीन अपने नाम कराना चाहता था। जिसको लेकर उसका पिता से कई बार झगड़ा हो चुका है। इसी को लेकर आरोपित मोहन ने आज पिता को मौत के घाट उतार दिया। एएसपी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# गैस लेने पहुंचे अधिवक्ता पर केजीएन भारत गैस एजेंसी कर्मचारियों ने किया हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**गैस एजेंसी पर युवक से मारपीट व बारह सौ रुपये छीनने का आरोप**

गोंडा । जनपद के खरगूपुर थाना क्षेत्र में स्थित केजी एन गैस एजेंसी पर एक युवक के साथ मारपीट और नगदी छीनने का मामला सामने आया है।पी ड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,खरगूपुर कटहरिया नि वासी चंदन तिवारी पुत्र प्रदीप तिवारी 19 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे केजीएन भारत गैस ए जेंसी पर गैस सिलेंडर लेने पहुंचे थे।आरोप है कि केजीएन भारत गैस एजेंसी पर गैस लेने के दौरान कहासुनी हो हुई थी,जिसके बाद एजेंसी संचालक लाल मोहम्मद के आधा दर्जनों गुर्गो ने चंद्र प्रकाश तिवारी पर लाठी डंडों से हमला कर दिया है,जिस से उन्हें चोटें आई हैं,पीड़ित का आरोप है कि मार पीट के दौरान ही उसके पास मौजूद 12,सौ रुपये नगद भी छीन लिया है और जान से मारने की धम की दी गई।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ,चंदन तिवारी ने अपने प्रार्थना पत्र में गैस एजेंसी संचालक पर गंभी र आरोप लगाते हुए कहा है कि आम उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध नहीं कराई जाती, जब कि सिलेंडरों को लगभग दुगने दामों ब्लैक में बेचा जाता है।पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।वहीं, पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी से अश्लील हरकतें करने का आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग किशोरी का पीछा कर उससे अश्लील हरकते करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना सदर बाजार क्षेत्र की एक महिला ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री का कोचिंग अथवा स्कूल जाते समय बाईबाग कालोनी की वाल्मीकी बस्ती का रहने वाला कुनाल पीछा करता है। उसकी पुत्री से अश्लील हरकतें करता है और तेजाब डालकर उसका चेहरा बिगाड़ देने की धमकी देता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्त कुनाल के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में आज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त कुनाल अशफाक नगर चैकी तिराहे पर खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और अभियुक्त कुनाल उर्फ कुन्नू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक नरगेश कुमार के साथ का. मनीष कुमार और मोनू कुमार मौजूद रहे।

## औरैया के अजीतमल में भीषण आग से 50 बीघा फसल जलकर राख

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के अजीतमल तहसील क्षेत्र में रविवार दोपहर अचानक मिश्रपुर, मनसुखपुर और कस्बा जाना में खेतों में अज्ञात कारणों से आग लगा गई। इस आग में करीब 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार करीब 1 बजे दोपहर का समय होने के कारण अधिकांश ग्रामीण खेतों से अपने घरों पर आराम करने चले गए थे। इसी दौरान खेतों से उठते धुएं और आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और तेजी से फैल रही थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अजीतमल कोतवाल ललितेश त्रिपाठी और मुरादगंज चौकी प्रभारी उपेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ राहत कार्य में जुट गए। हालांकि तेज हवा और खेतों की दूरी के कारण दमकल वाहन को मौके तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नहर की पटरी से दूरी अधिक होने के चलते एक फायर ब्रिगेड वाहन खेत में फंस गया, जिसे ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती, विप्र समागम में एकता पर जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जयंती पूरे जिले में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगह-जगह शोभायात्राएं निकाली गईं, भंडारे हुए और लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। शहर के परशुराम चौक पर परशुराम युवा वाहिनी मिशन द्वारा विशेष आयोजन किया गया, वहीं पयागीपुर चौराहे स्थित आरएस शॉपिंग मॉल में भव्य विप्र समागम का आयोजन हुआ, जिसमें जिले भर की अनेक प्रमुख विभूतियां शामिल हुईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर अभय चैतन्य मौनी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान परशुराम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि उनकी उपासना से व्यक्ति को बल, बुद्धि, विद्या और समृद्धि प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर जीवन के भय और नकारात्मकता को दूर किया जा सकता है तथा समाज को संगठित और सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे भगवान परशुराम के चरणों में आस्था रखते हुए कड़ी मेहनत करें और समाज में प्रेरणा का स्रोत बनें। ब्राह्मण समाज की भूमिका पर बोलते हुए मौनी महाराज ने कहा कि सनातन परंपरा में ब्राह्मण को विशेष स्थान प्राप्त है और समाज के कल्याण की जिम्मेदारी भी उसी पर है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज को चाहिए कि वह सबके हित की भावना से कार्य करे और समाज को एकजुट रखने में अपनी भूमिका निभाए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संतोष पांडेय ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीतिक सफलता समाज की एकता और समर्थन का परिणाम रही है। उन्होंने समाज के संगठन, मजबूती और आपसी सहयोग पर बल देते हुए सभी से एकजुट होकर आगे बढ़ने की अपील की। साथ ही उन्होंने कमजोर वर्गों की मदद करने के अपने संकल्प को दोहराया। करुणा शंकर द्विवेदी ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए आपसी एकता बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर एकजुट होकर समाज को मजबूत करने का संकल्प लें। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंडित जय नारायण तिवारी ने समाज के लोगों से आत्ममंथन के साथ-साथ समाज के उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए सत्ता और निर्णय प्रक्रिया के करीब पहुंचना जरूरी है। कार्यक्रम के संरक्षक पंडित राम शब्द मिश्रा ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने युवाओं से बुजुर्गों से सीख लेने और समाज में अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज में आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम का संचालन ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष पंडित सुभाष तिवारी ने किया। पूरे आयोजन में समाज की एकता, संगठन और जागरूकता का संदेश प्रमुख रूप से सामने आया।

# घुँघचिहाई चौराहे पर परशुराम चौक का भव्य लोकार्पण, श्रद्धा और उत्साह का माहौल

**नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने शहर को दी एक और सौगात**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया की पावन बेला पर पूरनपुर के घुँघचिहाई चौराहे पर भगवान परशुराम चौक का भव्य लोकार्पण पूर्व राज्य मंत्री डॉ. विनोद तिवारी द्वारा किया गया लोकार्पण के उपरांत भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजन-अर्चना किया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी सनातनी बंधुओं ने भगवान परशुराम के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित भव्य समारोह में संगठन के पदाधिकारियों ने इस चौक की स्थापना के लिए पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, आदर्शों एवं उनके छठे अवतार



स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए सभी को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं साथ ही घुँघचिहाई चौराहे का नाम भगवान परशुराम चौक होने पर हर्ष व्यक्त किया गया इस दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी, विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही प्रतिमा निर्माण करने वाले मूर्तिकार शैलेश चौरसिया एवं रवि मिश्रा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद मिश्रा, तहसील अध्यक्ष हर गोविन्द वाजपेयी, अश्वनी शुक्ला, रामअवतार शर्मा, निरंकार पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, गौरव पाण्डेय, सुनील मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में सनातनी बंधु उपस्थित रहे ।

# पारिवारिक पेंशन दिलाने की मांग को लेकर पीड़िता ने कुमाऊं मंडल आयुक्त से की मुलाकात

**कई सालों से पेंशन पाने को भटक रही है मृतक आश्रित पीड़िता उच्च अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं शुरू हुई पेंशन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। पारिवारिक पेंशन बंद होने से परेशान पीड़िता ने कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। पीड़िता ने बताया कि पारिवारिक पेंशन रुक जाने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आयुक्त से पेंशन को जल्द शुरू करवाने की मांग की।कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत ने पीड़िता की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभाग से तत्काल जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरण की जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़िता को राहत मिल सके।दीपक रावत 2007 बैच के उत्तराखंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं



और वर्तमान में कुमाऊं मंडल के आयुक्त के रूप में कार्यरत हैं। वे अपने सख्त मिजाज और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। औचक निरीक्षण कर सरकारी दफ्तरों और निर्माण कार्यों की हकीकत परखना उनकी पहचान है।आयुक्त दीपक रावत केवल कार्यालय में बैठकर ही नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जाकर समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके इस व्यवहार से आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। पीड़िता ने उम्मीद जताई कि आयुक्त के हस्तक्षेप से उनकी पेंशन जल्द बहाल होगी।

# बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ लाखामंडल में बिस्सू महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून।लाखामंडल एकता फिल्म के बैनर तले डायरेक्टर बाबूराम शर्मा एवं अनुज शर्मा के संयोजन से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाखामंडल में बिस्सू महोत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम के साथ किया गया।इस कार्यक्रम में पहुंची इंडियन आईडल बॉलीवुड सिंगर प्रियंका नेगी ने शिव मंदिर लाखामंडल में पूजा एवं जल अभिषेक किया है।इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड सिंगर एवं इंडियन आइडल फ़ेम प्रियंका नेगी रहीं है। जिन्होंने महासू देवता वंदना की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया है।इसके अलावा प्रसिद्ध गायक सनी दयाल, बादशाह, डब्ल्यू आर्य,



बाबू राम शर्मा, रोहन शर्मा, अजय चौहान, हिमाचल सुरेंद्र राणा,अंकित सेमवाल, रोहित मोडका सहित कई नामी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया है।इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्र वासियों ने भाग लिया और साथ में क्षेत्रवासियों एवं भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष बचना शर्मा ने सफल आयोजन के लिए एकता फिल्म के डायरेक्टर बाबूराम शर्मा एवं अनुज शर्मा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ईस्टमैन पावर एंड हैंड टूल्स' शोरूम का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। रविवार को अमहट के पास ईस्टमैन कंपनी के अधिकृत शोरूम जीआरएस ड्राइव शुक्ला पावर एंड हैंड टूल्स का समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया। फीता काटकर शोरूम का शुभारंभ कंपनी मालिक की बेटी रीमा जैन ने किया।

इस अवसर पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रीमा जैन ने कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया ईस्टमैन पिछले कई वर्षों से पावर टूल्स, हैंड टूल्स और इंडस्ट्रियल इक्विपमेंट के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है। हमारा उद्देश्य सुल्तानपुर और आसपास के जिलों के कारीगरों, मिस्त्रियों और उद्योगों को एक ही छत के नीचे अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाले औजार किफायती दामों पर उपलब्ध कराना है। रीमा जैन ने आगे कहा इस शोरूम में ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, कटर, वेल्डिंग मशीन से लेकर प्लंबिंग और



कारपेंट्री के सभी आधुनिक हैंड टूल्स उपलब्ध हैं। सभी उत्पादों पर कंपनी वारंटी और आफ्टर सेल्स सर्विस की सुविधा भी दी जाएगी। हम ग्राहकों को टूल्स के सही इस्तेमाल की ट्रेनिंग भी देंगे ताकि उनका काम और आसान हो सके।

लोकल रोजगार के अवसर मिलेंगें

रीमा जैन ने कहा इस शोरूम के खुलने से सुल्तानपुर के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। हम यहां लोकल लोगों को ही सेल्स, सर्विस और टेक्निकल सपोर्ट के लिए ट्रेन करके रखेंगे, ताकि ग्राहकों को तुरंत मदद मिल सके और क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि ईस्टमैन में हम 'मजबूती की गारंटी' के साथ काम करते हैं। हर टूल कई क्वालिटी चेक से गुजरता है। सुल्तानपुर के मिस्त्री भाइयों से वादा है एक बार ईस्टमैन का टूल इस्तेमाल करेंगे तो बार-बार यही मांगेंगे। शुरुआती महीने में हम विशेष उद्घाटन ऑफर और डिस्काउंट भी दे रहे हैं। उद्घाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य व व्यापारी लोग मौजूद रहे। मार्केटिंग डायरेक्टर रीमा जैन, डिस्ट्रीब्यूटर यूपी ईस्ट शांति प्रकाश शुक्ला (सीटू शुक्ला नारायण कॉंस्ट्रेशन अखिलेश सिंह, गौरीगंज से प्रदीप इंटर प्राइजेज प्रदीप सिंह, अम्बेडकर नगर से आदर्श तिवारी, गोरखपुर से सतेंद्र गौड़, लखनऊ से आलोक दुबे आजाद बिल्डिंग मटेरियल खलिक खान, साईं बिल्डिंग मटेरियल करौदीकला संजय चिरंजीवी हॉस्पिटल से डाक्टर डॉ संजीव पाण्डेय, शुक्ला बिल्डिंग मटेरियल से सिद्धि नारायण शुक्ल समेत बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बरसात से पहले जल निकासी दुरुस्त करने मैदान में उतरीं पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने रविवार को शहर में व्यापक भ्रमण कर आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों के साथ विभिन्न मोहल्लों और कॉलोनियों में पहुंचकर नालों और पुलियों की स्थिति का जायजा लिया और कई स्थानों पर तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।सुबह से शुरू हुए निरीक्षण के दौरान डॉ. अग्रवाल ने चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी कार्य मानक के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं।बल्लभनगर कॉलोनी में उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद कर रेलवे स्टेशन के पास पर सड़क निर्माण के बाद उत्पन्न जलभराव की समस्या को गंभीरता से लिया। रामलीला रोड स्थित चपटा तालाब के पास नाले को चौड़ा करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य आज ही से प्रारंभ किया जाए। इसके बाद छतरी चौराहा से रेलवे स्टेशन की ओर बड़े नाले के निर्माण का कार्य भी शुरू करा दिया गया। वहीं, गोदावरी स्टेट कॉलोनी में भी जलभराव की समस्या को देखते हुए पुलिया और नाले के निर्माण के निर्देश दिए गए। नगर पालिका पालिका अध्यक्ष ईदगाह रेलवे क्रॉसिंग के समीप पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से छात्रावास मार्ग पर चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचीं। यहां उन्होंने नाले की चौड़ाई बढ़ाने और कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बरसात शुरू होने में लगभग दो महीने का समय है, ऐसे में पूरे शहर की जल निकासी व्यवस्था एक महीने के भीतर दुरुस्त कर ली जाए।इसके अलावा वार्ड संख्या 26, 23 और 14 में निर्माणाधीन सड़कों और नालियों का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान सभासद साकेत सक्सेना, विपिन मिश्रा, मोनू मिश्रा, मुरली मनोहर अग्रवाल, अवर अभियंता निर्माण सत्येंद्र नाथ यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक साबिर अली, वरिष्ठ संपत्ति लिपिक संतोष सक्सेना सहित नगर पालिका के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांधी प्रेक्षागृह में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन सम्पन्न,नई कार्यकारिणी का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का एक दिवसीय अधिवेशन/सम्मेलन गांधी प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष हशमुद्दीन खाँ ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि को संजय कुमार तोमर द्वारा पगड़ी पहनाकर एवं रामकिशोर द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया साथ ही विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को भी क्रमशः पगड़ी एवं बैज लगाकर सम्मानित किया गया सम्मेलन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों– जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, पीडी डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, एआरसीएस, सिटी मजिस्ट्रेट आदि–को भी सम्मानित किया गया इस दौरान डॉ. अनीता तिवारी, हशमुद्दीन खाँ, रामकिशोर, अवनीश कुमार सहित कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं कर्मचारी हितों पर अपने विचार रखे अधिवेशन के दौरान प्रांतीय महामंत्री की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संजय कुमार तोमर को जिलाध्यक्ष, सुधीर कुमार को जिला मंत्री, धर्मपाल सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष अनीता तिवारी, राजकुमार पासवान, विजय राज, शिव शंकर मौर्य,राजवीर सिंह कोषाध्यक्ष तथा संयुक्त मंत्री विभा मिश्रा, उप मंत्री रोशनी वर्मा को चुना गया अपने संबोधन में हशमुद्दीन खाँ ने संगठन की एकता एवं अखंडता बनाए रखने पर जोर देते हुए नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं वहीं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया प्रांतीय अध्यक्ष एस.पी. तिवारी ने अपने उद्बोधन में हशमुद्दीन खाँ के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें जनपद कार्यकारिणी में संरक्षक नामित करने की घोषणा की तथा नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जिलाधिकारी ने कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की अपील की, जबकि मुख्य विकास अधिकारी ने सभी से अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया अधिवेशन के अंत में सभी अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया हैं।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद पीलीभीत में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया अभियान के तहत न्यूरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरि कृष्णापुर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा इसके कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जिसकी सूचना मिलने पर तत्काल 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) पर संपर्क किया जा सकता है कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों को बाल विवाह न होने देने एवं इसकी जानकारी मिलने पर संबंधित टोल फ्री नंबर पर सूचना देने की शपथ भी दिलाई गई इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं–जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई इस अवसर पर जनरल स्पेशलिस्ट जयश्री सिंह, श्रीकांत सहित ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत के मामले मे आईलेट्स संचालक ने दर्ज कराया मुकदमा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई थी घटना के संबंध में परिजनों द्वारा पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अमरैया खद निवासी इन्द्रजीत सिंह (पुत्र दर्शन सिंह) शनिवार सुबह करीब 8:28 बजे अपनी मोटरसाइकिल (संख्या ठघ 26 इ 9288) से पूरनपुर से अपने गांव जा रहे थे। तभी पीलीभीत रोड स्थित छीना मैरिज पैलेस के सामने पीछे से आ रही तेज रफ्तार हुंडई कार (संख्या 25 उक्र8726 ख्र) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि कार चालक इन्द्रजीत सिंह को काफी दूर तक घसीटता ले गया, जिससे उन्हें दोनों पैरों और सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे में उनकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई गंभीर हालत में परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल बरेली के लाइफ–लाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई मृतक के भाई जगजीवन सिंह (निवासी अशोक कॉलोनी, पूरनपुर देहात) ने कोतवाली पूरनपुर में तहरीर देकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अक्षय तृतीया पर गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर चला जनजागरूकता अभियान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिलाधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में अक्षय तृतीया के अवसर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत गौरीगंज रेलवे स्टेशन पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान का उददेश्य बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम भारत में बाल विवाह को रोकने, पीड़ितों को संरक्षण देने तथा दोषियों को दंडित करने का प्रमुख कानून है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस कानून का पालन करें और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने में सहयोग दें। चाइल्ड हेल्पलाइन की रुचि सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि बाल विवाह के लिये न्यूनतम आयु लड़कियों के लिये अठारह वर्ष तथा लड़कों के लिये इक्कीस वर्ष निर्धारित की गई है। इसका उल्लंघन करने पर दोषियों को दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान केस वर्कर बेबी सिंह ने उपस्थित लोगों को विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 181, 1098, 112, 1090 और 1076 की विस्तृत जानकारी दी तथा आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर गौरीगंज के बाल कल्याण दरोगा एवं आरपीएफ जवान भी मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

# भगवान परशुराम की जयंती पर निकाली विशाल शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अखंडनगर/सुल्तानपुर। क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में भगवान भगवान परशुराम की जयंती इस वर्ष अत्यंत भव्य और श्रद्धापूर्ण माहौल में मनाई गई। पूरा गांव भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया, जहां सुबह से ही धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हो गई थी। इस अवसर पर युवाओं के नेतृत्व में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा बड़गांव से प्रारंभ होकर आसपास के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई पूरे गांव का भ्रमण करती रही। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ल्लजय परशुरामङ्क के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। इस आयोजन में युवा शक्ति का उत्साह विशेष रूप से देखने को मिला। अनुराग त्रिपाठी, आकाश तिवारी, आदर्श शुक्ला, सनी तिवारी, ऋषभ तिवारी और



गौरव विश्वकर्मा सहित कई युवाओं ने पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभाली और इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि परंपराओं को आगे बढ़ाने में नई पीढ़ी भी पूरी तरह सजग है। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की भी उपस्थिति रही। करणी सेना के प्रदेश प्रवक्ता दीपक सिंह, भाजपा जिला मंत्री राजेश सिंह, रिंकू शुक्ला, बंटी सिंह और रोशन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा अर्पित की। अपने संबोधन में अतिथियों ने भगवान परशुराम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शस्त्र और शास्त्र दोनों का संतुलन सिखाया, जो आज के समाज के लिए भी प्रेरणादायक है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थाना अखंड नगर की पुलिस टीम शोभायात्रा के दौरान लगातार निगरानी में रही, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। पुलिस की मौजूदगी से श्रद्धालुओं में भी सुरक्षा का विश्वास बना रहा।

# दीक्षांत समारोह से पूर्व रिक्रूट आरक्षियों के साथ हुआ बड़ा खाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या सोमेन वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी की उपस्थिति में दीक्षांत परेड से पूर्व रिक्रूट आरक्षियों के साथ 'बड़ा खाना' का आयोजन किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या सोमेन वर्मा को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया तथा रिक्रूट आरक्षियों द्वारा स्वागत में लघु कविता का पाठ किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा स्वयं सभी रिक्रूट आरक्षियों को भोजन परोसा गया तथा उनके साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया गया। उन्होंने आरक्षियों से उनके प्रशिक्षण अनुभवों के बारे में चर्चा की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रशिक्षण की समाप्ति उनके नये जीवन की शुरुआत है तथा एक पुलिसकर्मी के रूप में जनता की सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता ही सर्वोपरि होनी चाहिये।यह आयोजन आगामी दीक्षांत परेड समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित एक महत्वपूर्ण परंपरा है जिसका उददेश्य रिक्रूट आरक्षियों का मनोबल बढ़ाना और उनमें अनुशासन के साथ साथ सामूहिकता व एक साथ मिलजुल कर काम करने की भावना को सुदृढ़ करना है।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, आरटीसी प्रभारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष और जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# दोहरा तेल संकट और कमजोर भारतीय रुपया

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च 2026 के द्विमासिक पारिवारिक मुद्रास्फीति अनुमान सर्वेक्षण के अनुसार अनुमानित मुद्रास्फीति 7.2 प्रतिशत है। यह फरवरी के आधिकारिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित 3.2 प्रतिशत के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक है। सीपीआई को हाल ही में वास्तविक मुद्रास्फीति के अधिक सटीक आकलन करने के लिए संशोधित किया गया था। आरबीआई सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले तीन महीनों में कीमतों में 8.5 प्रतिशत और पूरे वर्ष में 8.8 फीसदी वृद्धि का अनुमान है। यह कोई सांख्यिकीय विसंगति या लोकप्रिय निराशावाद नहीं है। यह जमीनी हकीकत है तथा राजनीतिक रूप से आधिकारिक आंकड़ों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर शायद ही कभी इतना संवेदनशील रहा हो। इस बीच भारत दोहरे तेल संकट से जूझ रहा है। पहला संकट ईंधन का है। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण मार्च में कच्चे तेल की कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई जिससे परिवहन और बिजली की लागत बढ़ गई है। लगभग सभी विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ रही हैं। आरबीआई खुद मानता है कि अगर संघर्ष फिर से शुरू होता है तो साल के लिए उसका 85 डॉलर प्रति बैरल का आधारभूत अनुमान आसानी से टूट सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका और ईरान के बीच घोषित युद्धविराम अस्थायी स्वरूप का है। शांति वार्ता विफल हो चुकी है। संघर्ष फिर से शुरू होने से तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा और इसके कारण भारत में महंगाई भी तेजी से बढ़ेगी। दूसरा तेल वह है जिसका उपयोग भारतीय नागरिक खाना पकाने में करते हैं। भारत अपने खाद्य तेलों का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है। पाम तेल इंडोनेशिया और मलेशिया से, सोया तेल अर्जेंटीना व ब्राजील से तथा सूरजमुखी तेल रूस एवं यूक्रेन से मंगाया जाता है। पश्चिम एशियाई संकट ने वैश्विक कमोडिटी बाजारों को हिलाकर रख दिया है और कच्चे तेल के साथ-साथ वनस्पति तेलों की कीमतों में भी उछाल आया है। खुदरा खाद्य तेल की कीमतें मात्र एक सप्ताह में 1 से 4 रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ गईं। कीमतों को लेकर चिंतित रिफाइनरों द्वारा आयात रोके जाने के कारण मार्च में भारत का पाम तेल आयात 19 प्रतिशत गिरकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। इससे आने वाले महीनों में घरेलू उपलब्धता और भी कम हो जाएगी। ये दोनों तेल घरेलू बजट पर भारी पड़ते हैं। ब्रेकप्वाइंट नामक एक नई पुस्तक में बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवा, दवा, शिक्षा, परिवहन और मकान किराए में मुद्रास्फीति का वास्तविक अनुभव कई वर्षों से उच्च रहा है। भारत की हाल ही में संशोधित सीपीआई बास्केट में अभी भी एक संरचनात्मक खामी है। यह उन मौजूदा किरायेदारों द्वारा भुगतान किए जाने वाले किराए को शामिल करता है जिनके पट्टे सालाना 5-10 प्रतिशत की दर से बढ़ते हैं जबकि नए किराएदारों से लिए जाने वाले बाजार किराए को अनदेखा करता है। भारत के शहरों में दलाल और किरायेदार नियमित रूप से किराए में दो अंकों की वृद्धि की रिपोर्ट कर रहे हैं जबकि आधिकारिक आवास मुद्रास्फीति दर कम बनी हुई है। सूचकांक गलत कीमत माप रहा है। आधिकारिक पद्धति सही स्थिति नहीं बता रही है। यह सब वास्तविक मजदूरी में ठहराव की पृष्ठभूमि में हो रहा है, खासकर ग्रामीण भारत में यह हो रहा है। जब हर चीज महंगी हो जाती है और मजदूरी उस अनुपात में नहीं बढ़ती तो परिवार पोषण में कटौती करते हैं, चिकित्सा देखभाल में देरी करते हैं और बच्चों को निजी स्कूलों से निकाल लेते हैं। हरियाणा के मानेसर और नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरी वृद्धि के लिए हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन केवल श्रम विवाद नहीं हैं।

# वैश्विक कनेक्टिविटी की डिजिटल जीवनरेखा की सुरक्षा

इंडो-पैसिफिक के विशाल जल के नीचे ऐसा नेटवर्क मौजूद है जो काफी हद तक नजरों से ओझल है, लेकिन आधुनिक दुनिया को संचालित करने में अपरिहार्य है। समुद्र के अंदर बिछे केबल, जिन्हें अक्सर सार्वजनिक विमर्श में नजरअंदाज कर दिया जाता है, वैश्विक कनेक्टिविटी, आर्थिक आदान-प्रदान और रणनीतिक समन्वय के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। समुद्र के अंदर बिछे केबल अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट ट्रैफिक का 95 प्रतिशत से अधिक वहन करते हैं, जो सीमा-पार भुगतानों से लेकर क्लाउड और एआई सेवाओं तक हर चीज में मदद करते हैं। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में एक आर्थिक अधिकारी कहती हैं, क्योंकि इतने सारे मार्ग इंडो-पैसिफिक के संकरे गलियारे से होकर गुजरते हैं, वहां किसी भी प्रकार की कटौती या समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटके दे सकता है। यही कारण है कि इन केबल की सुरक्षा अग्रिम पंक्ति का रणनीतिक मुद्दा बन गई है। अमेरिका और जिन अनेक देशों को ये केबल जोड़ते हैं, उनके लिए ये आर्थिक जीवनरेखाएं हैं। एशिया-केंद्रित मार्ग अमेरिकी डिजिटल व्यापार और सेवाओं के निर्यात के एक बड़े हिस्से में मदद करते हैं और एक हालिया अनुमान बताता है कि समुद्र के अंदर बिछे केबल सिस्टम के माध्यम से इस क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष लगभग 169 अरब डॉलर का योगदान देती है, अधिकारी कहते हैं। वे एआई और क्लाउड युग की महत्वपूर्ण रीढ़ भी हैं, वह जोड़ती हैं, यह इंगित करते हुए कि प्रमुख अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां गति, सुरक्षा और मजबूती बढ़ाने के लिए ट्रांस-पैसिफिक और क्षेत्रीय केबल प्रणालियों में निवेश कर रही हैं। रणनीतिक आयाम भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सैन्य दृष्टि से यही फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क अमेरिका के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और गठबंधन अभियानों के लिए अपरिहार्य हैं। वह कहती हैं हमें इन्हें भौतिक और तकनीकी खतरों से बचाने की आवश्यकता है क्योंकि ये केबल नेटवर्क इस बात पर वास्तविक प्रभाव डालते हैं कि इंडो-पैसिफिक में शक्ति का प्रयोग कैसे किया जाता है। इसके जवाब में, अमेरिकी नीति अब तेजी से समुद्र के अंदर बिछी केबल इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने और यह तय करने पर केंद्रित हो रही है कि इन नेटवर्कों का निर्माण और इनकी सुरक्षा कैसे की जाए। सरकारों और उद्योग के साथ साझेदारी के माध्यम से यह कार्यक्रम सर्वोत्तम प्रथाओं, मार्ग विविधीकरण और तोड़फोड़, निगरानी तथा अविश्वसनीय विक्रेताओं पर अत्यधिक निर्भरता जैसे जोखिमों से सुरक्षा को बढ़ावा देता है। इन प्रयासों को पूरक करते हुए केबल कनेक्टिविटी के लिए क्वाड साझेदारी- जो अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया को जोड़ती है—क्षेत्र में सुरक्षित कनेक्टिविटी का विस्तार करने और नेटवर्क की मज़बूती को बढ़ाने का प्रयास करती है। अधिकारी कहते हैं ये प्रयास विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं का समर्थन करते हैं, उच्च इंफ्रास्ट्रक्चर मानकों को बढ़ावा देते हैं और ऐसे नए केबल मार्गों को प्रोत्साहित करते हैं जो विफलता के एकल बिंदुओं से बचते हैं। इस विकसित हो रहे परिदृश्य में भारत एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में उभर रहा है। लगभग एक अरब इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और तेजी से विस्तार कर रहे डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर को रेखांकित करते हुए वह बताती हैं, भारत की डिजिटल खपत प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह 36 जीबी के साथ तेजी से बढ़ रही है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक में से एक है, इसकी भौगोलिक स्थिति इसकी महत्ता को और बढ़ाती है। इस परिवर्तन में अमेरिकी कंपनियां केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं। अमेरिकी हाइपरस्केलर भारत के डिजिटल इकोसिस्टम के केंद्र में बने हुए हैं, वह कहती हैं, नए निवेशों की ओर इशारा करते हुए जो लैंडिंग पॉइंट्स के विविधीकरण के माध्यम से भारत और क्षेत्र दोनों की कनेक्टिविटी को नया आकार दे रहे हैं। विशाखापट्टनम और मुंबई जैसे शहरों में हाल की परियोजनाएं भारत के सबसी गेटवे का विस्तार करने, मज़बूती बढ़ाने और देश की बढ़ती एआई-स्तर की डेटा और क्लाउड क्षमता की ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करेंगी। अधिकारी कहती हैं, अमेरिका-भारत सहयोग पारदर्शी खरीद, विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं और सुरक्षित केबल विकास के लिए उच्च

अमेरिका और जिन अनेक देशों को ये केबल जोड़ते हैं, उनके लिए ये आर्थिक जीवनरेखाएं हैं। एशिया-केंद्रित मार्ग अमेरिकी डिजिटल व्यापार और सेवाओं के निर्यात के एक बड़े हिस्से में मदद करते हैं और एक हालिया अनुमान बताता है कि समुद्र के अंदर बिछे केबल सिस्टम के माध्यम से इस क्षेत्र के साथ कनेक्टिविटी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष लगभग 169 अरब डॉलर का योगदान देती है, अधिकारी कहते हैं। वे एआई और क्लाउड युग की महत्वपूर्ण रीढ़ भी हैं, वह जोड़ती हैं, यह इंगित करते हुए कि प्रमुख अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां गति, सुरक्षा और मजबूती बढ़ाने के लिए ट्रांस-पैसिफिक और क्षेत्रीय केबल प्रणालियों में निवेश कर रही हैं। रणनीतिक आयाम भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सैन्य दृष्टि से यही फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क अमेरिका के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और गठबंधन अभियानों के लिए अपरिहार्य हैं। वह कहती हैं हमें इन्हें भौतिक और तकनीकी खतरों से बचाने की आवश्यकता है क्योंकि ये केबल नेटवर्क इस बात पर वास्तविक प्रभाव डालते हैं कि इंडो-पैसिफिक में शक्ति का प्रयोग कैसे किया जाता है। इसके जवाब में, अमेरिकी नीति अब तेजी से समुद्र के अंदर बिछी केबल इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने और यह तय करने पर केंद्रित हो रही है कि इन नेटवर्कों का निर्माण और इनकी सुरक्षा कैसे की जाए। सरकारों और उद्योग के साथ साझेदारी के माध्यम से यह कार्यक्रम सर्वोत्तम प्रथाओं, मार्ग विविधीकरण और तोड़फोड़, निगरानी तथा अविश्वसनीय विक्रेताओं पर अत्यधिक निर्भरता जैसे जोखिमों से सुरक्षा को बढ़ावा देता है। इन प्रयासों को पूरक करते हुए केबल कनेक्टिविटी के लिए क्वाड साझेदारी- जो अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया को जोड़ती है—क्षेत्र में सुरक्षित कनेक्टिविटी का विस्तार करने और नेटवर्क की मज़बूती को बढ़ाने का प्रयास करती है। अधिकारी कहते हैं ये प्रयास विश्वसनीय आपूर्तिकर्ताओं का समर्थन करते हैं, उच्च इंफ्रास्ट्रक्चर मानकों को बढ़ावा देते हैं और ऐसे नए केबल मार्गों को प्रोत्साहित करते हैं जो विफलता के एकल बिंदुओं से बचते हैं।

मानकों को बढ़ावा देकर क्षेत्रीय मानदंडों को भी आकार दे सकता है। अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, समुद्र के अंदर बिछे केबल कई तरह की कमजोरियों का सामना करते हैं, समुद्र के अंदर बिछे केबल के लिए सबसे आम खतरा आश्चर्यजनक रूप से साधारण है: आकस्मिक मानवीय गतिविधि, वह कहती हैं, यह बताते हुए कि मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर और जहाजों के लंगर हर साल रिपोर्ट होने वाली लगभग 150 केबल कटने की घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार होते हैं। भूकंप और समुद्र के नीचे भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं इन जोखिमों को और बढ़ा देती हैं। फिर भी, बढ़ती चिंता जानबूझकर किए गए व्यवधान को लेकर है किसी संकट की स्थिति में, शत्रुतापूर्ण लोग संचार और आर्थिक गतिविधि को पंगु बनाने के लिए केबलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, वह कहती हैं। तकनीकी कमजोरियां भी बनी रहती हैं, क्योंकि केबल निगरानी के लिए निशाना बनाए जा सकते हैं, जिससे जासूसी और डेटा अवरोधन को लेकर चिंताएं बढ़ती हैं। सीमित मार्ग विविधता जैसी संरचनात्मक कमजोरियां भी जोखिम को बढ़ा सकती हैं, क्योंकि इससे ट्रैफिक कुछ ही मार्गों पर केंद्रित हो जाता है। जब किसी केबल को काट दिया जाता है तो स्थान, अनुमति और मौसम के आधार पर मरम्मत में कई दिन या यहां तक कि कई सप्ताह लग सकते हैं, अधिकारी बताती हैं। दक्षिण चीन सागर या ताइवान जलडमरूमध्य जैसे विवादित क्षेत्रों में, केबल व्यवधान कनेक्टिविटी को धीमा कर सकते हैं, वित्तीय प्रवाह को बाधित कर सकते हैं, सैन्य संचार को जटिल बना सकते हैं और उन अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकते हैं जो डिजिटल व्यापार पर अत्यधिक निर्भर हैं। जुलाई 2025 में नई दिल्ली में आयोजित वेवलेंथ फ़ोरम ने कार्रवाई की तात्कालिकता को रेखांकित किया। एक प्रमुख निष्कर्ष यह है कि समुद्र के अंदर बिछे केबल को अग्रिम पंक्ति की रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में देखा जाना चाहिए, वह कहती हैं। प्रतिभागियों ने नियामकीय सुधारों की मांग की, जिसमें भारत में एक सुव्यवस्थित सिंगल-विंडो क्लियरेंस प्रणाली शामिल है, ताकि स्थापना और मरम्मत तेजी से हो सके। उन्होंने कुछ तटीय शहरों से परे लैंडिंग स्टेशनों के विविधीकरण और आंतरिक कनेक्टिविटी को मज़बूत करने के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि प्रणालीगत कमजोरियों को कम किया जा सके। भारत में मरम्मत की तत्परता भी एक महत्वपूर्ण कमी के रूप में सामने आई। जहाजों को अक्सर खराबी वाले स्थलों तक पहुंचने में बहुत अधिक समय लगता है, जिससे व्यवधान लंबा खिंचता है और आर्थिक तथा सुरक्षा जोखिम बढ़ते हैं, अधिकारी बताती हैं। कुल मिलाकर, इस फोरम ने इस बात को मज़बूत किया कि केबल सुरक्षा आर्थिक सुरक्षा, डिजिटल मज़बूती और भू-राजनीतिक स्थिरता से अविभाज्य है। –गिरिराज अग्रवाल

# महिला आरक्षण पर राजनीतिक दलों की नीयत का खुलासा

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल राजनीतिक दलों की सियासी सोच के चलते पारित नहीं हो सका। यह पहला अवसर नहीं है, जब जब देश में लोकतांत्रिक सुधार की प्रक्रिया शुरू की जाती है, तब तक राजनीतिक दल अपने स्वार्थ की परिधि में अपने नफ़े नुकसान का आकलन करते हुए निर्णय लेते ही हैं। पक्ष और विपक्ष की दृष्टि में उस समय राष्ट्र सर्वोपरि की भावना नहीं रहती। बहरहाल महिला आरक्षण देने के तरीके तथा चुनाव क्षेत्र संबंधी परिसीमन पर सहमति इसलिए नहीं बनी, क्योंकि सत्ता के पास बिल पारित कराने हेतु अपेक्षित दो तिहाई बहुमत का अभाव था। ऐसा नहीं है, कि सत्ता पक्ष को इसकी जानकारी न रही हो, अपने पाँव तले की धरती का सभी को पता रहता है, फिर भी प्रयास किये जाते रहते हैं। कई बार अविश्वास प्रस्ताव भी इसलिए धराशायी होते हैं, कि अविश्वास व्यक्त करने वाले वाले के पास अपेक्षित मत नहीं होते। यहाँ भी यही हुआ सत्ता पक्ष को जानकारी थी, कि संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए पर्याप्त बहुमत नहीं है, फिर भी लंबी बहस हुई और राजनीतिक दलों के मंसूबों का खुलासा हुआ। एक सच यह भी है, कि आम आदमी राजनीतिक दलों के स्वार्थी मंसूबों को समझता तो है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा समाज में उत्पन्न की गई परिस्थितियों के सम्मुख राजनीतिक दलों को सबक सिखाने में सक्षम नहीं होता, जिसकी परिणति यही होती है, कि कभी उसे जातीय अलगाववाद का शिकार होना पड़ता है और कभी क्षेत्रीय या धार्मिक विघटनकारी विमर्श का। देश की बहुसंख्यक आबादी का अशिक्षित और लोभी होना देश को सशक्त राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ने नहीं देता। आम आदमी को मुफ्त राशन, मुफ्त बिजली, मुफ्त यातायात, मुफ्त की सुविधाएं मिल जाएं, बस इतना ही उसके लिए पर्याप्त रहता है। जिसका फायदा उठाना राजनीतिक दल बखूबी जानते हैं, तभी मुफ्तखोरी बढ़ाने वाले आश्वासन देकर जनता को गुमराह करते हैं। वैसे देखा जाए, तो देश में किसी भी प्रकार के आरक्षण का कोई औचित्य नहीं है। बरसों से महिला आरक्षण लागू है, मगर कितनी महिला जनप्रतिनिधि ऐसी हैं, जो अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम हैं। महिला ग्राम प्रधानों या महिला जनप्रतिनिधियों की वास्तविकता यही है, कि अधिकांश महिलाएं स्वयं अपने ही क्षेत्र की समस्याएं नहीं सुलझा पाती। उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं के निदान के लिए अपने प्रतिनिधि की जरूरत रहती है, प्रधान पति, प्रधान पुत्र, प्रधान प्रतिनिधि की तर्ज पर उन्हें बैसाखियाँ चाहिए होती हैं। जिस देश में मात्र एक वोट के अभाव में सरकारें तक गिर जाती हों तथा देश पर चुनाव का बोझ लद जाता हो, ऐसे देश में यदि 131 वे संविधान संशोधन विधेयक को अपेक्षित दो तिहाई बहुमत नहीं मिला, तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इतना अवश्य है, कि इस संशोधन विधेयक के गिरने से राजनीतिक दलों की महिलाओं के प्रति सोच की कलई खुल गई है। आवश्यक यही है, कि राजनीतिक दलों की महिला विरोधी तथा राजनीतिक स्वार्थ के चलते लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना करने वाले विमर्श पर व्यापक चर्चा हो, ताकि लोकतांत्रिक सुधारों की प्रक्रिया में बाधक बने तत्वों से आम आदमी परिचित हो सके।

देश की बहुसंख्यक आबादी का अशिक्षित और लोभी होना देश को सशक्त राष्ट्र बनने की दिशा में बढ़ने नहीं देता। आम आदमी को मुफ्त राशन, मुफ्त बिजली, मुफ्त यातायात, मुफ्त की सुविधाएं मिल जाएं, बस इतना ही उसके लिए पर्याप्त रहता है। जिसका फायदा उठाना राजनीतिक दल बखूबी जानते हैं, तभी मुफ्तखोरी बढ़ाने वाले आश्वासन देकर जनता को गुमराह करते हैं।

## सेहत मंत्र

# किसी चमत्कारी औषधि से कम नहीं है त्रिफला का चूर्ण, डायबिटीज से भी करता है बचाव!

आज के समय में कई ऐसे लोग हैं जो अंग्रेजी दवाओं पर भरोसा न रखकर फल या जड़ी बुटियों से बनी औषधियों का इस्तेमाल करते हैं। सरल भाषा में कहें तो वो अपने स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए घरेलू उपायों को अपनाना ज्यादा पसंद करते हैं। वहीं, आज हम आपको एक ऐसे गुणकारी चूर्ण के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपको डायबिटीज के अलावा अन्य बीमारियों से भी दूर रखने में बेहद मददगार साबित है। हम जिस गुणकारी चूर्ण के बारे में बात कर रहे हैं वो त्रिफला का चूर्ण है। इसे आंवला, हरड़ और बहेड़ा को मिलाकर तैयार किया जाता है। ऐसे में ये चूर्ण औषधीय गुणों से और भी भरपूर हो जाता है। आइए आपको उन बीमारियों के बारें में बताते हैं जिससे बचाने के लिए ये चूर्ण काफी लाभदायक साबित हो सकता है। डायबिटीज एक ऐसी समस्या है जिसे हर कोई दूर ही रहना चाहता है, लेकिन आजकल के बदलते खानपान के कारण भी ये बीमारी किसी को भी अपनी चपेट में ले लेती है। ऐसे में जरुरी है कि इस बीमारी से पहले ही खुद को बचाकर रखें। इसके लिए त्रिफला का ये चूर्ण काफी लाभदायक साबित हो सकता है, क्योंकि इसका नियमित सेवन करने पर रक्त में मौजूद ब्लड ग्लूकोज का स्तर बेहद कम हो जाता है। जिसके चलते ये डायबिटीज जैसी खतरनाक बीमारी से आपको बचाता है। त्रिफला चूर्ण का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। बता दें कि इस चूर्ण में इम्यूनिटी माड्यूलेट्री एक्टिविटी पाई जाती है, जिसकी मदद से रोग प्रतिरोधक क्षमता सेल्स को एक्टिव करके उन्हें मजबूत बनाता है। इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट एक्टिविटी भी है जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में सक्रिय तौर पर कार्य कर सकती है। सही खानपान न होने के कारण कब्ज की समस्या से बुजुर्ग ही नहीं बल्कि युवा भी काफी परेशान रहते हैं। ऐसे में त्रिफला का चूर्ण काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इस चूर्ण में गैलिक एसिड पाया जाता है जिसकी मदद से कब्ज की समस्या से राहत मिल सकती है। रोजाना इस चूर्ण को गर्म पानी के साथ सेवन करने से कब्ज की समस्या से राहत पाई जा सकती है।

## धर्म मंत्र

# मछलियों को दाना खिलाने पर माँ पूरी करती है हर मुराद

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के समीप टेकरी पर देवी के नौ स्वरूपों में विराजित प्राचीन बिजासन माता मंदिर काफी प्रसिद्ध है। यहां नवरात्री में तो भक्तों की भीड़ रहती ही है लेकिन आम दिनों में भी यहां माता के दर्शन हेतु भक्तों का आवागन लगा रहता है। पहाड़ी पर विराजीत बिजसान माता के दर्शन मात्र से ही कई प्रकार के रोग और कष्ट दूर होते है। पहाड़ी पर विराजीत होने से बिजासन माता को तेकरीवाली माता के नाम से भी जाना जाता है। बिजासन माता को पुत्रदायिनी भी माना गया है। माता सुनी गोद भी भरती है। टेकरी से इंदौर का नजारा देखने में इंदौर का मनोरम दृष्य दिखाई देता है जो मन को सुकुन देता है। हजारों वर्ष पुराने बिजासन माता के मंदिर का निर्माण महाराजा शिवाजीराव होलकर ने करवाया था। देवी दुर्गा बिजासन माता के रूप में 9 देवियों के स्वरूप में विराजित है। नवरात्री में बिजासन माता के दर्शन करने की काफी मान्यताएं है। मंदिर पर नवरात्री में अनेक आयोजन होते है। साथ ही इंदौर नगर से चुनरी यात्रा निकालकर माता को चुनरी भी ओढ़ाई जाती है। मंदिर का इतिहास हजारों साल पुराना है। मंदिर के इतिहास के बारे में बताया जाता है कि एक जमाने में बिजासन टेकरी पर काले हिरणों का जंगल था। तंत्र- मंत्र और सिद्धी के लिए उन दिनों मंदिर ने अपनी पहचान बनाई थी। चबूतरे पर विराजीत बिजासन माता से महाराजा ने रण जितने की मन्नत ली थी। महाराजा की शिवाजीराव होलकर ने मन्नत पूरी होने पर 1760 में मंदिर का निर्माण करवाया था। जैसे-जैसे समय बीतता गया वैसे-वैसे बिजासन माता मंदिर पर अनेक चमत्कार हुए और आस्था बढ़ती गई।

## पर्यटन



# सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है चाय के बागानों का शहर मुन्नार

भगवान का अपना देश कहे जाने वाले केरल की खूबसूरती इस दुनिया में सबसे निराली है। यहाँ का प्रसिद्ध हिल स्टेशन मुन्नार देशी ही नहीं विदेशी सैलानियों को भी अपनी ओर आकर्षित करता है। यह सही है कि कश्मीर की खूबसूरती की चर्चा दुनिया भर में होती है लेकिन अगर आप एक बार यहाँ आएंगे तो कहेंगे कि यह जगह कश्मीर से बढ़कर नहीं तो उससे कम भी नहीं है। यहाँ की एक और खासियत यह है कि आप भले यहाँ तीन या चार दिन का कार्यक्रम बना कर आये हों लेकिन यहाँ से जाने का मन नहीं करता और अकसर पर्यटक अपना स्टे यहाँ बढ़ा लेते हैं। समुद्रतल से 1,700 मीटर ऊँचाई पर स्थित मुन्नार का दक्षिणी?पश्चिमी मैदानी इलाका तरंगों जैसा लगता है। मुन्नार को चाय के बागानों का शहर भी कहा जाता है। यहां आपको बड़ी संख्या में चाय के बागान देखने को मिलेंगे। मुन्नार की देखने लायक जगहों की बात करें तो इनमें- राजमाला, चितीरापुरम और इकोपाइंट प्रमुख हैं। मट्टुपेटी बांध भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। मुन्नार की असली सुंदरता पोतैमेदु में है, जो एक महत्वपूर्ण बागान है। यहाँ की झीलें और घने जंगल यहां की खूबसूरती में तो चार चांद लगाते ही हैं साथ ही आपका मन मोहने की क्षमता भी रखते हैं। मुन्नार पहाड़ों से तीन तरफ यानी मुद्रापजा, नल्लतनी और कंडाला से घिरा है। किसी समय मुन्नार ब्रिटिश सरकार का दक्षिणी भारत का गर्मियों का रिजॉर्ट हुआ करता था। मुन्नार के पास ही स्थित है चाय का संग्रहालय जोकि टाटा टी संग्रहालय के नाम से मशहूर है यहां आपको कई दुर्लभ कलाकृतियां, चित्र और मशीनें देखने को मिलेंगी जो चाय के बागानों की उत्पत्ति और विकास के बारे में बताती हैं। कई प्रकार की चाय पत्तियां भी यहां मौजूद हैं जिन्हें चाहे तो खरीद भी सकते हैं। वैसे तो मुन्नार के आसपास कई झरने हैं लेकिन अधिकतर पर्यटक पल्लिवासल और चिन्नाकनाल को देखना पसंद करते हैं।

# संजय सेतु बंद, बदला ट्रैफिक रूट: महमूदाबाद मार्ग पर बढ़ा दबाव, ग्रामीणों ने की स्थायी बस सेवा की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। लखनऊ से बहराइच जाने वाले प्रमुख राजमार्ग पर स्थित संजय सेतु के मरम्मत कार्य के चलते इन दिनों यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। पुल बंद होने के कारण बहराइच, गोंडा, बलरामपुर और रुपईडीहा की ओर जाने वाली रोडवेज बसों का संचालन फिलहाल वैकल्पिक मार्ग से किया जा रहा है। महमूदाबाद मार्ग बना नया रास्ता

वर्तमान में सभी बसें लखनऊ महमूदाबाद मार्ग से होकर अपने गंतव्य तक पहुंच रही हैं। अचानक हुए इस बदलाव से इस मार्ग पर यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है।



कुछ बसों से सैकड़ों तक पहुंची संख्या

जहां पहले इस मार्ग से रोजाना केवल एक से डेढ़ दर्जन बसें गुजरती थीं, वहीं अब डायवर्जन लागू होने के बाद सैकड़ों बसें दिनभर इस रास्ते से आ-जा रही हैं। इससे सड़क पर गतिविधि और रौनक दोनों बढ़ गई हैं।

**ग्रामीण इलाकों में दिखा उत्साह**

बसों की बढ़ती आवाजाही का असर मार्ग किनारे बसे गांवों और कस्बों में साफ दिखाई दे रहा है। लोग सड़क किनारे खड़े होकर बसों को देख रहे हैं और इस बदलाव को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

**''स्थायी स्टॉपेज की उठी मांग''**

ग्रामीणों और नियमित यात्रियों के बीच अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि यदि भविष्य में भी बसों का संचालन इसी मार्ग से जारी रखा जाए और प्रमुख स्थानों पर स्थायी स्टॉपेज बनाए जाएं, तो हजारों लोगों को सीधा लाभ मिल सकता है।

**''यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत''**

स्थायी बस सेवा शुरू होने से लोगों को दूर-दराज के बस अड्डों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक बनेगी।

**''एसी बसों से बदली सोच''**

इस मार्ग से एसी बसों का गुजरना ग्रामीणों के लिए नया अनुभव साबित हो रहा है, जिससे उन्हें बेहतर सुविधाओं की उम्मीद जगी है।

**''जनमानस की बढ़ीं उम्मीद''**

मुनीमपुर बरतरा निवासी नीरज कुमार, नारायणपुर निवासी आदेश यादव, कुंडवा चौराहा निवासी रामस्वरूप चौहान और जुम्मन पुरवा निवासी सतीश यादव सहित अन्य लोगों का कहना है कि यदि यह व्यवस्था स्थायी हो जाए तो क्षेत्र के विकास को नई गति मिल सकती है।

# अनुदेशक समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष से हुई महत्वपूर्ण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी गांधी द्वारा अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के साथ एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक कर अनुदेशकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने अनुदेशकों के नियमितीकरण, महिला

**मुद्दों पर विचार विमर्श**

अनुदेशकों को बाल्य देखभाल अवकाश प्रदान किए जाने, कैशलेस चिकित्सा योजना की राज्यज्ञा जारी होने के बाद उसके अतिशीघ्र क्रियान्वयन तथा मानदेय बढ़ोतरी के एरियर भुगतान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को विस्तार से रखा। जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से अनुरोध किया कि इन सभी समस्याओं को शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाए, ताकि प्रदेश के हजारों अनुदेशकों को राहत मिल सके।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें शासन तक पहुंचाने एवं सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला आई टी सेल मीडिया प्रभारी दिलीप तिवारी , आनंद शुक्ला , कार्यालय प्रभारी संजय पाण्डेय जी उपस्थित रहे।

# राजस्व प्रशासन से क्षुब्ध महंत जिंदा समाधि की चेतावनी पर कायम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेहीघाट बाराबंकी : रामसनेही घाट क्षेत्र में श्री राम जानकी मठ भवनियापुर किठैया में मठ की जमीन के स्वामित्व को लेकर राजस्व प्रशासन की शिथिल कार्यशैली से नाराज़ नागा साधु महंत ने जिंदा समाधि लेने की चेतावनी से हड़कंप मचा हुआ है। मामले की जानकारी होने के बाद भी समय नजदीक आते ही राजस्व प्रशासन हरकत में आया और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर महंत को मनाने का प्रयास किया, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही।

बताया जा रहा है कि महंत का आरोप है कि उनकी धार्मिक संस्था/मठ से जुड़ी जमीन के मामले में राजस्व विभाग द्वारा नामांतरण व स्वामित्व को लेकर राजस्व प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है। कई बार शिकायत और प्रार्थना पत्र व वाद दाखिल करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आक्रोशित होकर उन्होंने यह कठोर कदम उठाने की चेतावनी दी। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने महंत मुकुंद पुरी से वार्ता कर उन्हें समझाने का प्रयास किया और आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके महंत अपनी मांगों पर अड़े रहे और स्पष्ट कहा कि जब तक लिखित आदेश और ठोस कार्रवाई नहीं होती, वे पीछे नहीं हटेंगे।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी सतर्क हो गई है और क्षेत्र में स्थिति पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन अब उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर समाधान निकालने की कोशिश में जुटा है।

स्थिति संवेदनशील बनी हुई है, प्रशासन के लिए चुनौती

स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि समय रहते मामले का समाधान नहीं निकाला गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। फिलहाल प्रशासन महंत को मनाने और किसी अप्रिय घटना को टालने के प्रयास में लगा हुआ है। इस मौके पर साधु संत समाज सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे

# रामनगर में धूमधाम से मनी भगवान परशुराम जयंती, भव्य आयोजनों में उमड़ा जनसैलाब





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर इस वर्ष विशेष उत्साह देखने को मिला। नगर पंचायत रामनगर में अलग-अलग भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।टाउन एरिया रामनगर में जिनमें सैकड़ों लोगों की सहभागिता रही।रामशरण पाठक की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ अधिवक्ता राम लखन शुक्ल के संयोजन में आयोजित अनुपम कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बनी । नगर पंचायत रामनगर के हाल में आयोजित समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलना ही समाज के लिए कल्याणकारी है, क्योंकि वे न्याय के पक्षधर थे और अन्याय करने वालों का कभी साथ नहीं दिया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और भगवान परशुराम को प्रेरणा स्रोत बताया। कार्यक्रम के आयोजक रविकांत पांडेय और पवन कुमार ओझा ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता भोलानाथ त्रिपाठी ने की तथा संचालन डॉ. संजय तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वन विभाग के दरोगा सचिन पटेल व उनकी टीम द्वारा लोगों को पौधों का वितरण किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता नजर आया। यह आयोजन रामनगर क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर हुआ, जिससे भारी भीड़ उमड़ी। वहीं टाउन एरिया रामनगर के सभागार में भी एक अन्य कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशरण पाठक ने की तथा संयोजन राम लखन शुक्ल द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रभाषा परिषद के अध्यक्ष अजय सिंह 'गुरु जी' ने कहा कि जो समाज अपने इतिहास और संस्कृति को भूल जाता है, उसका पतन निश्चित है। उन्होंने भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने का संदेश दिया। संयोजक राम लखन शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम किसी एक जाति के नहीं, बल्कि पूरे समाज के महापुरुष हैं, इसलिए सभी को मिलकर भेदभाव समाप्त कर न्याय के लिए आवाज उठानी चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने वरिष्ठ जनों और पत्रकारों को सम्मानित भी किया।

दोनों कार्यक्रमों में क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। रामनगर में पहली बार परशुराम जयंती पर इस तरह के जागरूकता का संदेश दिया।दोनों कार्यक्रमों में क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों, अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। रामनगर में पहली बार परशुराम जयंती पर इस तरह के व्यापक और संगठित आयोजन ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दिया।

**वन विभाग ! यादगार व्यापक स्वरूप**

परशुराम जयंती के अवसर पर अक्षय तृतीया तिथि में वन विभाग रामनगर के उपनिरीक्षक सचिन पटेल द्वारा महोगनी के पौधे व ट्री गार्ड वितरित किए गए।इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना शुभ रहा।इस दौरान जनप्रतिनिधियों व्यापार मंडल प्रतिनिधि व गणमान्य लोगों से पौधे लगाने की अपील की गई।

## भगवान परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में परशुराम संघर्ष समिति के तत्वावधान में रविवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार, ज्ञान, शील एवं शक्ति के प्रतीक भगवान परशुराम जी की जयंती विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम के आयोजक रजत शर्मा एवं समस्त ब्राह्मण युवा रहे। आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक मूल्यों एवं परंपराओं का संरक्षण एवं प्रसार करना रहा। शोभायात्रा का शुभारंभ एमडीए में कांठ रोड स्थित किले से किया गया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए काशीराम नगर, लाइनपार से गुजरकर परशुराम चौक, बुद्धि विहार पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं युवा बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सूर्य शर्मा, रजत श्रोत्रिय, विशाल शर्मा, राघव शर्मा, प्रणवीर शर्मा, शंकर शर्मा, अभिषेक शर्मा, रचित शर्मा, दुष्यंत कौशल, रोहताश शर्मा, प्रखर, त्रिभुवन सहित सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण युवा बंधु उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम सर्व समाज के देवता : हरगोविंद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर/फतेहपुर बाराबंकी। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सिरौलीगौसपुर के अतिथि गृह भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णानंद अवस्थी ने की, जबकि संयोजक की भूमिका राजेश द्विवेदी ने निभाई। इस अवसर पर अजय सिंह गुरुजी और राम लखन शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में हरगोविंद सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम को किसी एक जाति से जोड़ना उचित नहीं है, वे सर्व समाज के देवता हैं। उन्होंने कहा कि परशुराम जी का फरसा अन्याय और अधर्म के खिलाफ था, न कि किसी विशेष समाज के विरुद्ध। उन्होंने यह भी बताया कि परशुराम जी ने धर्म की रक्षा के साथ-साथ विवेक और संयम का संदेश दिया, जिसकी आज के समाज में अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से




आह्वान किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लें, अन्याय का विरोध करें। इस दौरान प्रधान दया शंकर शुक्ल, अमित पांडे, रामसागर कनौजिया, प्रहलाद कुमार विमल, अनिल कनौजिया, प्रेम शंकर तिवारी, शेषनारायण पांडे, संदीप वर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। जयकारों के मध्य आयोजन का समापन हुआ।

वहीं फतेहपुर कस्बे में भी परशुराम जयंती के अवसर पर बीएसएनएल टावर के पीछे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बार संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी ने भगवान परशुराम के जीवन को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि वे अपने पिता के आज्ञाकारी पुत्र थे और उन्होंने जीवनभर गरीबों तथा गौ माता की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि परशुराम जी ने दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों को दंडित कर समाज में न्याय की स्थापना की।

इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री डॉ. अंजू चंद्रा, गिरधर गोपाल गुप्ता, अनिल मिश्रा, हेमचंद्र जैन, सरदार सतनाम सिंह, अनुपम निगम, नीरज शर्मा, विजय गुप्ता, अशोक मिश्रा, ज्ञानू गौतम, रामलखन यादव, रंजीत यादव, सौरभ वर्मा, राजेश त्रिवेदी, कुलदीप कुमार वर्मा, ज्ञानू पाठक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 7 मई तक समाधान नहीं तो 8 मई को धरना: भाकियू टिकैत का अल्टीमेटम

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिबियापुर घाट में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन एडीओ (एसबी) को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 7 मई तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो 8 मई को पंचायत भवन पर धरना दिया जाएगा। ज्ञापन में गांव की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। इनमें अधूरे पड़े इंटरलॉकिंग कार्य को पूरा कराने, छुट्टा जानवरों से निजात दिलाने, चक मार्गों की पटाई कराने, बंद पड़े सार्वजनिक शौचालयों को चालू कराने और खराब इंडिया मार्का हैंडपंपों को दुरुस्त कराने सहित कुल नौ मांगें शामिल हैं।

भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना है कि इन समस्याओं की लंबे समय से अनदेखी हो रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर राहत दिलाने की मांग की है।

## पत्रकारिता सिर्फ पेशा नहीं, जिम्मेदारी : डॉ. अनुराग सक्सेना

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर में आयोजित कार्यक्रम में जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने कहा कि पत्रकारिता केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे निष्पक्षता, सत्यता और निर्भीकता के साथ जनसरोकार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज बनना चाहिए और किसी दबाव में आए बिना सत्य को सामने लाना चाहिए।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कुर्सी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा मोबाइल दिखाने के बहाने 10 वर्षीय किशोर को घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात सामने आई है।

## अग्निकांड पीड़ितों को मिली राहत सामग्री

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील क्षेत्र के डेरे राजा और बाराइन गांव में आग लगने से कई परिवार प्रभावित हो गए। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने पीड़ितों को तिरपाल और राशन सामग्री वितरित की। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि नुकसान का आकलन कर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

## दहेज के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

सूरतगंज बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । दहेज और शादी का सामान सस्ते में दिलाने के नाम पर एक महिला से 4.77 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोर्ट के आदेश से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इन घटनाओं के बीच जहां समाज में जागरूकता और जिम्मेदारी की आवश्यकता पर बल दिया गया, वहीं कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक तत्परता भी अहम मुद्दे के रूप में उभरे।

## औरैया में संदिग्ध अवस्था में किशोरी की मौत, परिजनों में कोहराम

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में अजीतमल क्षेत्र के ग्राम चकसत्तापुर में एक 18 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका की पहचान अंजली पुत्री शिशुपाल सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अंजली शनिवार को अपने घर के पास कुछ काम कर रही थी। इसी दौरान वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजनों ने जब यह स्थिति देखी तो घबराकर उसे किसी जहरीले कीड़े के काटने की आशंका जताई। इसके बाद परिवारजन उसे झाड़-फूंक कराने के लिए इधर-उधर ले जाने लगे, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। रविवार को परिजन गंभीर हालत में अंजली को चिचौली अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी की मौत की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**एजेंसी**

फर्रुखाबाद । भगवान परशुराम का जन्मोत्सव जिले में धूमधाम से मनाया गया। जिले में शोभा यात्रा निकाली गई। ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने सुबह ब्राह्मण समाज धर्मशाला में हवन यज्ञ व विचार गोष्ठी का आयोजन किया।वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण समाज जन सेवा समिति के बैनर तले साधु-संतों के संरक्षण में बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम हुआ।

ब्राह्मण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी, महामंत्री लाला राम दुबे , सदानंद शुक्ला, राजू गौतम, कैलाश मिश्रा, अभिषेक त्रिवेदी, कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर विनोद अग्निहोत्री एवं समाज के दर्जनों लोगों ने मौजूद रहकर हवन यज्ञ में आहुतियां दीं व भगवान परशुराम से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर गोष्ठी में ब्राह्मण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भगवान परशुराम किसी समाज विशेष के विरोधी नहीं हैं , बल्कि अत्याचारियों का अंत करने के लिए संकल्पबध्द रहे । अगर ऐसा न होता तो क्षत्रियों से सत्ता छीन कर क्षत्रियों को ही वापस क्यों कर देते। इस अवसर पर समाज के प्रमुख लोगों ने विचार किये। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को शाम 5 बजे पंडा बाग मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ प्रारंभ होकर ब्राह्मण समाज धर्मशाला तक निकाली गई। जिसमे ब्राह्मण समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की।

वहीं ,दूसरी ओर ब्राह्मण जन सेवा समिति के तत्वावधान में ही बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में हवन , पूजन, विचार गोष्ठी भंडारा इत्यादि किया गया,जिसमें संत समाज की मौजूदगी रही। इसके लिए संस्था के संस्थापक नारायण दत्त द्विवेदी, महिला अध्यक्ष प्रीति पवन तिवारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। नारायण दत्त द्विवेदी ने बताया कि सुबह से हवन-पूजन हुआ। विचार गोष्ठी हुई और भंडारा व प्रसाद वितरण हुआ । इस दौरान ईश्वर दास ब्रह्मचारी महाराज ,ओमकार दास ब्रह्मचारी महाराज ,कमल लोचन महाराज आदि ने पूजा-अर्चना कराई।

# कानपुर मंडल की टीम ने टाइब्रेकर में जीती अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप

**एजेंसी**

मुरादाबाद। अंडर-20 अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 का आज फ़ाइनल मैच कानपुर और आज़मगढ़ मण्डल की टीम के मध्य एमपीएस ग्राउंड पर खेला गया। इस मैच में कानपुर मंडल की टीम टाइब्रेकर में विजयी बनी। विजेता टीम को आज सम्मानित किया। वहीं रनर रही आजमगढ़ मंडल की टीम के खिलाड़ियों को भी टॉफी देकर सम्मानित किया गया।

ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि खेल का पहले मध्यांतर तक स्कोर 1-0 रहा, खेल मे दूसरे मध्यांतर में आजमगढ़ ने योजनाबद्ध तरीके से कानपुर के गोल पर आक्रमण कर खेल को आपने पक्ष मे करने का पूरा प्रयास किया परन्तु खेल के अंतिम क्षणों में आजमगढ़ के फारवर्ड ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। स्कोर बराबर होने पर निर्णायक ने नियमानुसार टाइब्रेकर का सहारा लिया जिसमें कानपुर के खिलाड़ियों ने अपओ सभी किक गोल किए परन्तु आजमगढ़ के एक खिलाडी की किक कानपुर के गोलकीपर ने रोक कर अपनी टीम को चैंपियन बनाया।

मुख्य अतिथि एमपीएस के एडमिस्ट्रेटर के पुत्र डॉ. आमिर आलम रहे। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद नासिर कमाल ने मुख्य अतिथि को बुके व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा विनर व रनर टीम को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

## मुंबई इंडियंस पर बने दबाव का फायदा उठाने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

एजेंसी

अहमदाबाद। पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है। गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है।

इसके बिल्कुल विपरीत मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सूर्यकुमार ने भले ही एक अर्धशतक लगाया है लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। दूसरी तरफ तिलक बेहद खराब फॉर्म में हैं और पांच पारियों में सिर्फ 43 रन ही बना पाए हैं। कप्तान हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन भी कुछ खास अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने चार मैचों में सिर्फ 81 रन बनाए हैं, जिससे मुंबई की बल्लेबाजी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मुंबई की समस्या केवल बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि उसके गेंदबाज भी नहीं चल पा रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी तक विकेट नहीं ले पाना उसके लिए बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने भले ही किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बल्लेबाज उनके सामने जोखिम लेने से बचते हुए उन्हें आसानी से खेल रहे हैं।




## मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को एक और साल का अनुबंध दिया गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है।

अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया, ''अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया। अगरकर के करीबी सूत्रों ने हमेशा यही कहा कि वह खुद अनुबंध बढ़वाने की मांग करने की जगह फैसला करने वालों को अपनी समिति के प्रदर्शन का आकलन करने देना अधिक पसंद करते हैं। पचास ओवर के विश्व कप से पहले निरंतरता बनाए रखना बोर्ड के इस फैसले के पीछे के मुख्य कारणों में से एक है। अपने कार्यकाल के दौरान समिति ने कई कड़े फैसले किए हैं जिनमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को देखना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना शामिल है। समिति ने एक साहसिक चयन फैसला भी लिया जिसमें टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी इशान किशन को टीम में शामिल किया गया।




## अंतिम ओवरों में हम उतने रन नहीं बना सके, जितना हम चाहते थे : दिनेश कार्तिक

एजेंसी

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद टीम के प्रदर्शन पर कहा कि अंतिम ओवरों में हम उतने रन नहीं बना सके, जितना हम चाहते थे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि मुश्किल पिच पर हमने अधिकांश समय अच्छा खेल दिखाया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट की 63 रन की पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम ने चार विकेट पर 179 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए केएल राहुल (57) और ट्रिस्टन स्टब्स (60) ने बेहतरीन बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी ओवर में डेविड मिलर ने 10 गेंदों में 22 रन की विस्फोटक पारी खेलकर मैच फिनिश किया। आरसीबी के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने टीम के प्रयासों पर बात करते हुए कहा कि बल्लेबाजी के लिए यह एक मुश्किल पिच थी और हमने पारी के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से में काफी अच्छा खेला। लेकिन आखिरी पांच ओवरों में हम उतने रन नहीं बना सके जितने हम चाहते थे। इसके बावजूद हमने बेहतरीन गेंदबाजी की और फील्डिंग में पूरी जान लगा दी।



## सीएसके को बड़ा झटका, म्हात्रे का आईपीएल में आगे खेलना संदिग्ध

एजेंसी

हैदराबाद। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे का चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए करारा झटका है। सीएसके के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान 18 वर्षीय म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने वाले म्हात्रे काफी असहज नजर आ रहे थे और उसके बाद वह लंबे समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाए। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''उसकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। अभी मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। हम कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए म्हात्रे का स्कैन किया जाएगा और उन्हें ठीक होने में कितना समय लगेगा यह अभी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबरने में छह महीने तक का समय लग सकता है। हसी ने कहा, ''दुर्भाग्य से स्थिति काफी खराब दिख रही है। उसका बाहर होना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में है। म्हात्रे ने इस सत्र में अभी तक 177.87 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए हैं। हसी ने हालांकि कहा कि यह टीम के अन्य खिलाड़ियों के लिए मौका होगा। उन्होंने कहा, ''वह एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है, लेकिन इससे किसी और को मौका मिलेगा। इसलिए यह भी रोमांचक है। हमारे पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जिन्हें अभी तक मौका नहीं मिल पाया है। इसलिए उनमें से किसी एक के लिए यह शानदार होगा। सीएसके फिलहाल छह मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। पांच बार की चैंपियन टीम अपने अगले मैच में 23 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी।




## युद्ध के कारण बीयर उद्योग 'गंभीर संकट' में : यूनाइटेड ब्रूअरीज सीईओ

एजेंसी

बेंगलुरु। यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड (यूबीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक विवेक गुप्ता ने कहा है कि युद्ध के कारण कच्चे माल की बढ़ती लागत, आपूर्ति की कमी और राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए मूल्य निर्धारण प्रतिबंधों के बीच भारतीय बीयर उद्योग गंभीर संकट का सामना कर रहा है। गुप्ता ने सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि पर्याप्त नियामकीय समर्थन नहीं मिलने से उद्योग की वृद्धि और नवाचार पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कच्चे माल, बोतल और अन्य कच्चे माल की लागत बढ़ गई है, जबकि कंपनियां बिना सरकारी अनुमति के कीमत नहीं बढ़ा सकती हैं। गुप्ता ने बताया कि बीयर उद्योग पर इसका असर अन्य उद्योगों की तुलना में अधिक पड़ा है। रुपये की कमजोरी, निर्यात में गिरावट और आपूर्ति की कमी से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि बीयर की कीमतें मुख्य रूप से राज्यों की आबकारी नीतियों के तहत नियंत्रित होती हैं और लगभग 75 प्रतिशत कारोबार सरकारी नियमों के अधीन है। गुप्ता ने सरकार से अनुरोध किया कि कंपनियों को उपभोक्ताओं पर बोझ डाले बिना सरकार को अपने बिक्री मूल्य में लगभग 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की अनुमति दी जाए। कैन की कमी के बारे में गुप्ता ने कहा कि सरकारी अधिसूचना के बावजूद अभी यह समस्या सुलझी नहीं है। यह आगे भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा, ''एल्युमीनियम की कीमतें बढ़ रही हैं। गैस की कमी की वजह से विनिर्माताओं ने अपरिहार्य स्थिति घोषित कर दी है। स्थानीय कैन विनिर्माता भी पूरी क्षमता से उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। कैन का आयात करना महंगा बैठ रहा है।

## एलपीजी में 20 प्रतिशत डीएमई मिलाने से सालाना 34,200 करोड़ रुपये की बचत संभव: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोयला गैसीकरण से उत्पादित 20 प्रतिशत डाइमिथाइल ईथर (डीएमई) को रसोई गैस (एलपीजी) के साथ मिलाने से एलपीजी आयात में सालाना लगभग 63 लाख टन की कमी आ सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार इससे प्रति वर्ष लगभग 34,200 करोड़ रुपये तक की विदेशी मुद्रा की बचत होगी। कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया में कोयले को सिनगैस में बदला जाता है, जिसे बाद में डीएमई में बदल दिया जाता है। डीएमई एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है, जो आयातित एलपीजी के स्वदेशी विकल्प के रूप में इस्तेमाल होता है। पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद से भारत को एलपीजी आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के मद्देनजर यह रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ईवाई-पार्थेनन और घरेलू कोयला गैसीकरण कंपनी न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन लिमिटेड की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार, ङ्ककोयला गैसीकरण से उत्पादित डीएमई, एलपीजी आयात को आंशिक रूप से प्रतिस्थापित कर सकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 20 प्रतिशत मिश्रण से सालाना लगभग 63 लाख टन एलपीजी आयात कम हो सकता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) पहले ही भारत में 20 प्रतिशत तक डीएमई-एलपीजी मिश्रण की अनुमति देने वाले मानकों को अधिसूचित कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, डीएमई स्वच्छ ईंधन के एक विकल्प के रूप में उभर रहा है। इस समय भारत में पायलट स्तर पर ही डीएमई उत्पादन किया जा रहा है। न्यू एरा क्लीनटेक के प्रबंध निदेशक बालासाहेब दराडे ने कहा, ङ्कनिवेश को आकर्षित करने और घरेलू डीएमई उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट मिश्रण नीति महत्वपूर्ण होगी।



## विवाद निपटान के लिए जीएसटी की तर्ज पर औद्योगिक भूमि परिषद स्थापित हो: सीआईआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने राष्ट्रीय मानक तय करने, राज्यों में भूमि संबंधी नियमों में सामंजस्य बिठाने, कार्यान्वयन की निगरानी करने और विवाद समाधान निकाय के रूप में काम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे की तर्ज पर राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि परिषद (एनआईएलसी) की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। यह सिफारिश 'सीआईआई भूमि मिशनः भारत में औद्योगिक भूमि प्रबंधन में सुधार का ढांचा' नामक रिपोर्ट का हिस्सा है। यह रिपोर्ट टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक और सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष टी वी नरेंद्रन की अगुवाई में तैयार की गई है। रिपोर्ट भारत के औद्योगिक भूमि परिवेश में संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करने का खाका तैयार करती है। रिपोर्ट की एक प्रमुख सिफारिश एकीकृत, जीआईएस-सक्षम राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक बनाना है, जो भूमि की उपलब्धता, क्षेत्रवार स्थिति, उपयोगिताओं, पर्यावरणीय बाधाओं और स्पष्ट मालिकाना हक पर ताजा जानकारी प्रदान करेगा। सीआईआई ने स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क में राज्यों के बीच बड़े अंतर की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है। उद्योग मंडल के अनुसार, इससे परियोजना की लागत काफी बढ़ जाती है और निवेश के फैसले प्रभावित होते हैं। इसलिए, रिपोर्ट में औद्योगिक भूमि के लिए एक समान राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशित स्टाम्प शुल्क अपनाने की सिफारिश की गई है। सीआईआई ने कहा कि विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और लॉजिस्टिक के लिए औद्योगिक भूमि एक मूल आधार है। हालांकि, राज्यों में इस समय हालात नियामकीय जटिलताओं, अस्पष्ट भूमि स्वामित्व और आवंटित भूखंडों के कम उपयोग जैसी चुनौतियों से भरे है।

## अमेरिका-ईरान तनाव, तेल कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशाः विश्लेषक

एजेंसी

नयी दिल्ली। इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने बताया कि विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है। देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की। एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की

### शेयर समीक्षा



चेतावनी भी दी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान वार्ता की दिशा पर रहेगा और वे अल्पकालिक खबरों के बजाय किसी स्थायी समाधान के संकेतों को अधिक महत्व देंगे, क्योंकि इसका असर वैश्विक निवेश, पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है और इससे वृहद आर्थिक स्थिति को भी सहारा मिल सकता है। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही काफी हद तक रोक दी थी, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है।

## शीर्ष 10 में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.87 लाख करोड़ रुपये बढ़ा, एयरटेल को सबसे अधिक लाभ

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497.45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत की तेजी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 58,831.52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,25,125.21 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 27,608.62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,691.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 20,731.64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका कुल मूल्यांकन 9,34,063.56 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,231.05 करोड़ रुपये बढ़कर 18,47,317.84 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का मूल्यांकन 18,577.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,63,314.50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,163.04 करोड़ रुपये घटकर 12,31,315.53 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में भी 9,769.3 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,65,437.17 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही, जिसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

# चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी सामग्री पर सख्ती की

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने 2026 में विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के दौरान सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी, भ्रामक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई) जनित सामग्री का उपयोग करने और चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त नियम लागू किए।




आयोग ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा, ''सभी संबंधित पक्षों को मौजूदा कानूनी प्रावधानों, जैसे कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के अनुसार सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से और नैतिक रूप से इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहिए। आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि एआई से बनाया गया कोई भी गुमराह करने वाला या गैर-कानूनी कंटेंट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट किए जाने के तीन घंटे के भीतर हटा दिया जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने कृत्रिम मीडिया से जुड़े राजनीतिक प्रचार में अधिक पारदर्शिता लाने का भी निर्देश दिया। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया है कि वे ऐसे कंटेंट पर साफ तौर पर 'एआई-जनित', 'डिजिटली परिष्कृत' या 'कृत्रिम सामग्री' का लेबल लगाएं और साथ ही यह भी बताएं कि यह सामग्री किसने बनायी है। आयोग ने कहा कि यह कदम तेजी से बढ़ते डिजिटल चुनावी माहौल में 'पारदर्शिता बनाए रखने और मतदाताओं का भरोसा जीतने' के लिए जरूरी है। यह निर्देश पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के बीच आया है, जहां अधिकारी ऑनलाइन कंटेंट पर बारीकी से नजर रख रहे हैं ताकि किसी भी नियम के उल्लंघन को रोका जा सके। आयोग के अनुसार जो पोस्ट आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं, चुनाव प्रक्रिया के बारे में गलत बातें फैलाते हैं या जिनसे कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा होता है, उन्हें आईटी ढांचे के तहत नियुक्त किए गए राज्य आईटी नोडल अधिकारी ट्रैक कर रहे हैं और उन पर कार्रवाई कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि 15 मार्च को चुनावों की घोषणा के बाद से 11,000 से अधिक सोशल मीडिया पोस्ट और यूआरएल की पहचान की गई है, जिन पर कार्रवाई की जानी है। इन कार्रवाइयों में कंटेंट हटाना, प्राथमिकी दर्ज करना और स्पष्टीकरण तथा खंडन जारी करना शामिल है। आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों विशेष रूप से धारा 126 को भी दोहराया। यह धारा मतदान समाप्त होने से पहले के 48 घंटे के दौरान चुनाव से संबंधित कंटेंट दिखाने पर रोक लगाती है। इसमें कहा गया है कि टेलीविजन, रेडियो, प्रिंट और सोशल मीडिया को इन नियमों का सख्ती से पालन करना जरूरी है।

# पश्चिम एशिया हालात के बीच ईंधन आपूर्ति सामान्य

## जहाजों पर गोलीबारी को लेकर ईरान से जताई चिंता : केंद्र

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है तथा नागरिकों को किसी प्रकार की घबराहट में खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही, दो भारतीय जहाजों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब कर गहरी चिंता व्यक्त की है। सरकार ने बताया कि ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री संचालन और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंधन किया गया है। मंत्रालय ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें, अफवाहों से बचें और एलपीजी बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें।

मंत्रालय के अनुसार, घरेलू एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है और देशभर में इसकी आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। 18 अप्रैल को 53.5 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति की गई। एलपीजी वितरकों के पास कहीं भी कमी की स्थिति नहीं है और ऑनलाइन बुकिंग का अनुपात बढ़कर 98 प्रतिशत तक पहुंच गया है।




सरकार ने बताया कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को पूर्व स्थिति के लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल किया गया है, जबकि अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम वाले छोटे सिलेंडरों की आपूर्ति को दोगुना किया गया है और इसके लिए देशभर में जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी आपूर्ति सामान्य है और घरेलू पीएनजी तथा परिवहन क्षेत्र के सीएनजी उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मार्च 2026 से अब तक 4.85 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन सक्रिय किए गए हैं, जबकि 39 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने एलपीजी कनेक्शन छोड़कर पीएनजी को अपनाया है। मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर कार्य कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल की खुदरा आपूर्ति सामान्य है तथा कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार ने उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती भी की है।

पश्चिम एशिया में समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर भी सरकार सतर्क है। भारतीय ध्वज वाला कच्चा तेल टैंकर 'देश गरिमा' 31 भारतीय नाविकों के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है और 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की संभावना है। वहीं, दो भारतीय जहाजों पर हुई गोलीबारी की घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब कर गहरी चिंता व्यक्त की है। सरकार ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देशभर में कार्रवाई जारी है। 18 अप्रैल को 2400 से अधिक छापेमारी की गई, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने कई एलपीजी वितरकों पर दंडात्मक कार्रवाई की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। 28 फरवरी से अब तक लगभग 10.97 लाख यात्री विभिन्न देशों से भारत लौट चुके हैं और भारतीय मिशन चौबीसों घंटे सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# महिला आरक्षण के नाम पर मोदी बहा रहे हैं घड़ियाली आंसू : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा हमेशा महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ रही है और यही वजह है कि इस बार उसने महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन लाने का षड्यंत्र किया, जिसके कारण संसद में पेश संविधान संशोधन विधेयक गिर गया और भाजपा को मुंह की खानी पड़ी।

पार्टी ने कहा कि भाजपा शुरू से ही महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। यह हमेशा महिला आरक्षण के विरुद्ध रही है और यही कारण था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1990 में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लेकर आए थे, तो भाजपा ने इसका विरोध किया था, जिसके कारण वह विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका था।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, इसलिए उन्होंने राष्ट्र के नाम शनिवार को 29 मिनट के संबोधन में 58 बार, यानी लगभग हर 30 सेकंड में कांग्रेस का नाम लिया। इससे साफ है कि श्री मोदी महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के अपने कथित षड्यंत्र के विफल होने के कारण देश के नाम संबोधन के दौरान घड़ियाली आंसू बहा रहे थे।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी को संविधान संशोधन विधेयक गिरने पर दुखी होने की बजाय 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए और कांग्रेस इस व्यवस्था का पूरी तरह समर्थन करेगी। उनका कहना था कि मौजूदा 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं को दे दीजिए और इसमें रोड़ा मत बनिए।

कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि देश में जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, वहां श्री मोदी कुछ नहीं बोलते। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी ने कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी के लिए 'कांग्रेस की विधवा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण की बात करने वाली भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि जब राजीव गांधी के शासनकाल में महिला आरक्षण विधेयक लाया गया था, तब भाजपा ने इसके खिलाफ मतदान किया था।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। पार्टी के अनुसार, ऐसे मामलों की संख्या 4 लाख से अधिक हो गई है और दुष्कर्म के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस ने यह भी कहा कि भाजपा के 1600 से अधिक विधायकों में केवल 167 महिलाएं हैं। देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकार होने के बावजूद केवल एक राज्य में ही महिला मुख्यमंत्री है।

पार्टी का कहना है कि इससे स्पष्ट है कि भाजपा महिलाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और यही कारण है कि उसे संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने में संसद में असफलता का सामना करना पड़ा।

# माकपा ने चुनाव आयोग से मोदी की शिकायत की

एजेंसी

नयी दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने चुनाव आयोग के समक्ष अपनी शिकायत में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौजूदा चुनाव अवधि के दौरान दूरदर्शन का इस्तेमाल 'पक्षपातपूर्ण राजनीतिक भाषण' के लिए किया, जो आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन है।

चुनाव आयोग को सौंपी गयी औपचारिक शिकायत में माकपा महासचिव एमए बेबी ने कहा कि 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री का टीवी पर संबोधन उस समय आया, जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों के कारण आचार संहिता लागू है। पार्टी ने तर्क दिया कि यह प्रसारण आधिकारिक संचार के दायरे से बाहर था और एक राजनीतिक प्रचार के समान था।

मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में श्री बेबी ने कहा, ''यह पत्र सार्वजनिक प्रसारक दूरदर्शन के दुरुपयोग और इसके जरिये राजनीतिक भाषण देने के कारण पैदा हुए आदर्श आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन की ओर आपका तत्काल ध्यान आकर्षित करने के लिए है। उन्होंने तर्क दिया कि 'संबोधन की विषय-वस्तु, स्वर और संदेश को किसी भी सूरत में सरकारी संवाद नहीं कहा जा सकता'। उन्होंने आरोप लगाया कि यह ''पूरी तरह से राजनीतिक'' था और चुनावी राज्यों में मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करते हुए विपक्षी दलों को निशाना बनाया गया था। माकपा ने आचार संहिता के प्रावधानों का हवाला दिया, विशेष रूप से सत्ताधारी दल के आचरण से संबंधित नियम, जो चुनाव के दौरान पक्षपातपूर्ण प्रचार के लिए सार्वजनिक धन और आधिकारिक मीडिया के उपयोग को रोकते हैं।

शिकायत में कहा गया है कि ''सत्ताधारी दल की संभावनाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से... चुनाव अवधि के दौरान पक्षपातपूर्ण कवरेज के लिए आधिकारिक मास मीडिया के दुरुपयोग से सख्ती से बचा जाना चाहिए। पार्टी ने कहा कि चुनावों के दौरान राजनीतिक संदेश के लिए सरकारी प्रसारक का उपयोग 'सभी के लिए समान अवसर' की स्थिति को खत्म करता है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के सिद्धांत को कमजोर करता है। पार्टी ने आयोग से आग्रह किया, ''वह इस उल्लंघन का संज्ञान ले और प्रधानमंत्री एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तत्काल उचित कार्रवाई शुरू करे।'

## पंच परिवर्तन से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव : वी. सुरेंद्रन

**पश्चिमी सिंहभूमि।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित जन गोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री वी.सुरेंद्रन ने कहा कि 'पंच परिवर्तन' की अवधारणा के माध्यम से समाज में व्यापक और सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों के पालन को राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बताते हुए युवाओं से इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। रविवार को चाईबासा के माधव सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक,शैक्षणिक, राजनीतिक और व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हुए। अपने विस्तृत संबोधन में वी. सुरेंद्रन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ ने स्थापना काल से ही समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया है। सेवा, समर्पण और संगठन के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, ग्राम विकास, स्वावलंबन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में स्वयंसेवकों का योगदान उल्लेखनीय रहा है। संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और समाज के प्रति अपने दायित्वों को और बेहतर तरीके से निभाने का समय है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने संघ की विचारधारा और कार्यों पर गंभीरता से चर्चा की और मुख्य अतिथि के विचारों को सराहा।

## 61वें फ़ेमिना मिस इंडिया में 'विश्व सूत्र' ने 30 देशों की कला को भारतीय धागों में पिरोया

**नई दिल्ली।** भारतीय हथकरघा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में कदम उठाते हुए, ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित 61वें फ़ेमिना मिस इंडिया के मंच पर 'विश्व सूत्र - दुनिया के लिए भारत की बुनाई' नामक एक विशेष डिजाइनर संग्रह का अनावरण किया गया। वस्त्र मंत्रालय (विकास आयुक्त-हथकरघा कार्यालय) और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) की इस अनूठी पहल ने पारंपरिक भारतीय बुनाई को समकालीन वैश्विक डिजाइन के साथ पेश किया है। 'विश्व सूत्र' संग्रह की सबसे बड़ी विशेषता इसका अंतरराष्ट्रीय स्वरूप है। इस पहल के तहत भारत के 30 अलग-अलग राज्यों की विशिष्ट हथकरघा शैलियों को 30 विभिन्न देशों की सांस्कृतिक प्रेरणाओं के साथ जोड़ा गया है। वैश्विक फैशन के नजरिए से तैयार किए गए इस संग्रह में भारतीय बुनाई को विशिष्ट सांस्कृतिक आकृतियों के साथ जोड़ा गया है। इनमें ओडिशा इकत को ग्रीक रूपों के साथ, कांचीपुरम को नॉर्वेजियन लाइनों के साथ, मूगा को मिस्र के तत्वों के साथ, पटोला को स्पेनिश प्रभावों के साथ और बनारसी को यूएई से प्रेरित परिधानों के साथ जोड़ा गया है। इस अवसर पर विकास आयुक्त (हथकरघा) डॉ. एम. बीना ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''गांव से वैश्विक'' दृष्टिकोण को साकार करती है। उन्होंने जोर दिया कि यह संग्रह न केवल भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करता है, बल्कि महिला नेतृत्व वाले उद्यमों और बुनकरों की आजीविका को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ता है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम'' पर कंाग्रेस ने किया 'पाप', सजा भुगतनी होगी: सर्वानंद सोनोवाल

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर विपक्ष ने जो रुख अपनाया है, वह महिलाओं के खिलाफ है और इसके लिए उन्हें राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ेगी। रविवार को रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सोनोवाल ने कहा कि कांग्रेस की नीतियां हमेशा महिलाओं को सीमित दायरे में रखती रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लिए महिला नेतृत्व केवल इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी तक ही सीमित है, जबकि अन्य महिलाओं को उचित स्थान नहीं दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने ॡसेवकॠ के रूप में देश की सेवा की है और हर वर्ग की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। ॡबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओॠ जैसी पहल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सोनोवाल ने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से विशेष सत्र बुलाया, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने इस प्रयास का विरोध कर महिलाओं का अपमान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का रवैया नारी समाज के प्रति अनादर दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के रहते देश में महिलाएं सुरक्षित हैं और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित है। उन्होंने विपक्ष पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब संवैधानिक अधिकार देने की बात आती है, तो विपक्ष पीछे हट जाता है। सोनोवाल ने परिसीमन के मुद्दे पर भी बात करते हुए कहा कि देश की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए संसदीय क्षेत्रों का पुनर्गठन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज एक सांसद को औसतन 26 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करना पड़ रहा है, ऐसे में परिसीमन समय की मांग है।

# पेज एक का शेष

### इंडी गठबंधन की...

राहुल गांधी परिवारवाद की राजनीति कर रहे हैं। इन्हें देश की जनता के हितों से कोई लेना देना नहीं है। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और टीएमसी जैसे दलों ने संसद में नारी हित के प्रस्ताव को गिराकर आधी आबादी के दिल को तोड़ा है। सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित न होने पर सपा समेत विपक्षी पार्टियों के सदस्य खुशी से तालियां बजा रही थी। नारी विरोधी इस आचरण का खामियाजा सपा व कांग्रेस को चुनाव में भुगतना पड़ेगा। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रविवार को यहां भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। पत्रकार वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ संजय निषाद उपस्थित रहे। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक व सामाजिक रूप से महिलाओं को सशक्त करने का काम किया। अब राजनैतिक रूप से सशक्त करने की बारी आयी और महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के लिए बिल लाया गया तो इंडी गठबंधन के दलों ने इसके विरोध में वोटिंग की। इंडी गठबंधन की महिला विरोधी मानसिकता उनकी आदत में शुमार है। इसके लिए आधी आबादी उन्हें माफ नहीं करेगी। नारी शक्ति अब जाग चुकी है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि देश में 50 वर्षों से ज्यादा समय कंाग्रेस की सरकार रही उस समय ओबीसी को अधिकार देने से किसने रोका था। कंाग्रेस आज ओबीसी के आरक्षण की बात करती है, जबकि मण्डल कमीशन की रिपोर्ट को वर्षों तक इन्हीं लोगों ने दबाकर रखा था। जबकि ओबीसी को संवैधानिक दर्जा देने का काम मोदी सरकार ने किया। सपा को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करती है। हम बाबा साहब के संविधान को मानने वाले लोग हैं। बाबा साहब ने धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था।

### सदियों के आक्रमणों ...

परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वही सांस्कृतिक चेतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और व्यापक रूप में दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का विकास, मां विंध्यवासिनी धाम का विस्तार और प्रयागराज के भव्य कुंभ आयोजन भारत की नई पहचान बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में काशी की जीवंतता, अयोध्या की मर्यादा, मथुरा-वृंदावन की भक्ति और प्रयागराज की समरसता दिखाई देती है। ये सभी तीर्थस्थल देश-दुनिया के लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सनातन शक्ति बिना डिगे, बिना रुके और बिना झुके निरंतर आगे बढ़ रही है। यही भारत का गौरव है और यही विश्व को दिशा देने वाली शक्ति है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश से एक हजार से अधिक श्रद्धालु भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए गुजरात रवाना हुए हैं। इनमें युवा, महिला उद्यमी, छात्र, शिक्षक और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हैं। श्रद्धालु अपने क्षेत्रों के तीर्थस्थलों का जल लेकर भगवान सोमनाथ का अभिषेक करेंगे। योगी ने कहा कि रेलवे की ओर से यात्रियों के लिए निःशुल्क ट्रेन सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जबकि अन्य व्यवस्थाएं पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा की गई हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री डॉ. संजय निषाद, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य पवन चौहान, मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल तथा अपर मुख्य सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग अमृत अभिजात उपस्थित रहे।

### राजस्व रिकॉर्ड पूरी...

बैठकों और निरीक्षण से अलग इसके लिए समय निकाला। आखिर में वेबसाइट की दिक्कत सामने आ गई नहीं तो 27 जनवरी को ही लॉन्च होना था। आखिरकार यह समस्या भी दूर हो गई और अब रिकॉर्ड ऑनलाइन हो गए।

### तकनीकी समिति...

तक रुपये (2 किलोवाट भार तक) विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 5-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा तथा डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त मंत्री ने निर्देश दिए कि रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नेगेटिव होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके। गर्मी के मौसम को देखते हुए मंत्री ने सभी डिस्कॉम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने में किसी प्रकार की देरी न हो तथा ढीले तारों और स्पार्किंग की समस्याओं को तत्काल ठीक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अनुरक्षण कार्यों में तेजी लाकर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जाए। इसके साथ ही मंत्री ने निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन डिस्कनेक्ट हुए हैं, उनसे फोन कॉलिंग के माध्यम से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि उपभोक्ता संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बैठक में ऊर्जा मंत्री ने दोहराया कि प्रदेश सरकार विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठाए जाते रहेंगे। इस बैठक में अपर मुख्य सचिव/ अध्यक्ष आशीष गोयल, डीजी विजलेंस जय नारायण सिंह, सभी डिस्कॉम के एमडी सहित अन्य सभी जनपदस्तरीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

### अमेरिका-ईरान के...

समीक्षा की जा रही है। हालांकि ईरानी उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका ने अपनी 'अतिवादी स्थिति' नहीं छोड़ी है, इसलिए नई आमने-सामने की बातचीत के लिए अभी माहौल तैयार नहीं है। खतीबजादेह ने स्पष्ट किया कि ईरान अपना 970 पाउंड (लगभग 440 किलोग्राम) समृद्ध यूरेनियम स्टॉक अमेरिका को नहीं सौंपेगा। उन्होंने कहा कि हम किसी भी चिंता का समाधान करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कुछ बातें बिल्कुल असंभव हैं। दूसरी ओर ईरान ने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर अपना प्रतिबंध बनाए रखने का फैसला किया है, जब तक अमेरिका अपनी नाकाबंदी नहीं हटाता। मध्यस्थ देश युद्धविराम को बढ़ाने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन दोनों पक्षों की नाकाबंदी के कारण पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थता प्रयास जटिल हो गए हैं। ईरानी संसद के अध्यक्ष और मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बगेर गालिबाफ ने राज्य टेलीविजन पर कहा कि जब हम होर्मुज से नहीं गुजर सकते, तो दूसरों के लिए इसे पार करना असंभव है। उन्होंने अमेरिकी नाकाबंदी को अज्ञानता में लिया गया नासमझी भरा निर्णय बताते हुए कड़ी आलोचना की। गालिबाफ ने कहा कि गहरे अविश्वास के बावजूद ईरान शांति की तलाश में है, लेकिन कूटनीति में पीछे हटने का कोई सवाल नहीं है। ईरान ने शुक्रवार को इजरायल-लेबनान युद्धविराम के बाद समुद्री मार्ग को फिर से खोलने की घोषणा की थी, लेकिन ट्रंप के अमेरिकी नाकाबंदी जारी रखने के बयान के बाद ईरान ने अपना प्रतिबंध बनाए रखा।

### गंगोत्री व यमुनोत्री...

सिंह धामी भी शमिल हुए। धामी ने मां गंगा के मंदिर में शीश नवाया और और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली विशेष पूजा-अर्चना की और देव डोली से आशीष भी लिया। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो रहा है। उत्तराखण्ड के चारधाम देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं और इन दिव्य धामों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने की इच्छा हर श्रद्धालु के हृदय में रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक और सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं। साथ ही, यात्रा मार्गों पर सुचारु यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखण्ड में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्य धामों का आशीर्वाद प्राप्त होने के साथ-साथ यात्रा का एक सुखद, सुरक्षित और अविस्मरणीय अनुभव मिले। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से ग्रीन और क्लीन चारधाम यात्रा के सफल आयोजन हेतु सहयोग की अपील करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, विधायक सुरेश चौहान, दायित्वधारी प्रताप पंवार, जिलाधिकारी उत्तरकाशी श्री प्रशान्त आर्य, एसपी कमलेश उपाध्याय, एडीएम मुक्ता मिश्रा, मुख्यमंत्री के गढ़वाल कोर्डिनेटर किशोर भट्ट,मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल सहित आदि उपस्थित रहे।

### टीएमसी महिलाओं...

उन्होंने कहा, ''बंगाल में भाजपा सरकार मुफ्त राशन और पीएम आवास योजना के तहत पक्के घरों के लिए 1.5 लाख रुपये देगी। महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा।'' उन्होंने 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' की भी घोषणा की, जिसके तहत महिलाओं को सालाना 36,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने जोड़ा, ''गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये मिलेंगे, उसके बाद प्रसव के बाद 5,000 रुपये और शिक्षा के लिए 50,000 रुपये की सहायता दी जायेगी। बुनियादी ढांचे की चिंताओं पर श्री मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल का 'सिंडिकेट राज' पाइप से होने वाली पानी की आपूर्ति में बाधा डाल रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा की डबल इंजन सरकार हर घर तक पाइप से पानी पहुंचाना सुनिश्चित करेगी। सख्त चेतावनी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, मैं तृणमूल के गुंडों को आखिरी मौका दे रहा हूं- 29 अप्रैल से पहले थानों में आत्मसमर्पण कर दें, वरना आपको बख्शा नहीं जायेगा। शासन के मॉडल की तुलना करते हुए श्री मोदी ने कहा, ''तृणमूल का 'भय काल' समाप्त होगा, और भाजपा का 'भरोसा काल' शुरू होने वाला है।

# बापू टावर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्थायी विरासत और प्रदर्शों का प्रमाण है: सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज गर्दनीबाग में बापू टावर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भूतल, प्रथम, द्वितीय, तीसरा तल, चौथा एवं पांचवें तल पर जाकर विभिन्न दीर्घाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने बापू टावर पहुँचकर वहां स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने भूतल पर ही बनाये गये ओरियेंटेशन हॉल में टर्न टेबल थियेटर शो (रोटेटिंग पर्दे) का जायजा लिया। बापू टावर के विभिन्न तलों एवं निर्मित 5 रैम्पों के निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को गांधी जी के जीवन से संबंधित सभी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भवन निर्माण विभाग के सचिव ने बताया कि बापू टावर में भ्रमण हेतु स्कूली बच्चे और ग्रुप में आनेवाले लोगों को निःशुल्क प्रवेश की अनुमति है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने विभिन्न डिजिटलाइज्ड प्रदर्शों का भी अवलोकन किया। शिक्षा विभाग के द्वारा सभी विद्यालयों में वाचन हेतु तैयार किताब 'बापू की पाती' एवं 'मोहन से महात्मा' को भी डिजीटल रूप में बच्चों की सुलभ जानकारी हेतु प्रदर्शित किया गया है जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के प्रदशों का अवलोकन करते हुये कहा कि गर्दनीबाग में बनाये गये बापू टावर महात्मा गांधी के स्थायी विरासत और प्रदर्शों का प्रमाण है। बापू टावर बहुत ही अच्छा बना है, यह लोगों के लिये दर्शनीय और उपयोगी है। बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी एवं देश के अन्य हिस्सों से आए लोग यहां आकर बेहतर ढंग से चीजों को जान सकेंगे। यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव तथा बापू के आदशों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया बापू टावर परिसर एवं इसके आसपास हरियाली को और अधिक विकसित करायें।

# पंजाब में बेअदबी पर सख्त कानून का रास्ता साफ, राज्यपाल ने बिल को दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून का रास्ता साफ हो गया है। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने 'जागृत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) बिल, 2026' पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।



मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को कहा कि यह बड़ा कदम है और उन्होंने वाहेगुरु का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें यह सेवा करने का अवसर मिला, इसके लिए वह कृतज्ञ हैं और समूची सिख संगत का धन्यवाद करते हैं। हालांकि, फिलहाल यह कानून केवल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी के मामलों पर ही लागू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य धर्मों के लोगों से बातचीत कर जल्द ही उनके लिए भी इसी तरह का कानून लाया जाएगा। नए कानून के तहत बेअदबी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को अपराध की श्रेणी में रखा गया है, जैसे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 'स्वरूप' (पवित्र ग्रंथ) को जानबूझकर फाड़ना, जलाना या किसी भी तरह से खंडित करना, पवित्र ग्रंथ पर थूकना, उसे गंदे हाथों से छूना या किसी ऐसी जगह रखना जहां उनकी गरिमा भंग होती हो, गुरु साहिब के स्वरूप को सार्वजनिक रूप से फेंकना या गलियों/नालियों में लावारिस छोड़ देना, पवित्र स्वरूप को चोरी करना या उसे मर्यादा के विरुद्ध अपने पास रखना, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की उपस्थिति में शराब, तंबाकू या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन करना या लेकर जाना, सोशल मीडिया या किसी अन्य माध्यम से पवित्र बाणी या गुरु साहिब के प्रति अभद्र टिप्पणी या अपमानजनक फोटो-वीडियो बनाना। इस कानून में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें 5 साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा और 20 लाख रुपये तक का जुर्माना शामिल है। इन अपराधों को गैर-जमानती बनाया गया है और इसमें सहयोग करने वालों को भी बराबर दोषी माना जाएगा। यह बिल 13 अप्रैल को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया था। इसे राज्य में धार्मिक सद्भाव बनाए रखने और बेअदबी के मामलों पर सख्ती से रोक लगाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# संगम विहार में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 68 भारत गैस सिलेंडर बरामद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राजधानी में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगम विहार इलाके में अवैध गैस भंडारण और रिफिलिंग रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान 68 भारत गैस सिलेंडर बरामद किए हैं और इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने रविवार को बताया कि क्राइम ब्रांच (मध्य रेंज) को संगम विहार इलाके में गैस सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी और रिफिलिंग की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसीपी सतेंद्र मोहन की निगरानी में इंस्पेक्टर महिपाल सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने जी-2 ब्लॉक, संगम विहार स्थित एक मकान पर छापा मारकर दीपक (37) और श्याम (45) को रंगे हाथों पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 68 एलपीजी सिलेंडर बरामद किए, जिनमें 36 भरे हुए, 29 खाली और 3 टूटे सील वाले सिलेंडर शामिल हैं। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाला मोटर, दो नोजल वाली पाइप और इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किए गए। जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपित अधिकृत भारत गैस एजेंसी के डिलीवरी मैन हैं और संगम विहार इलाके में गैस सप्लाई की जिम्मेदारी निभाते थे। आरोप है कि ये लोग एजेंसी से सिलेंडर लेने के बाद उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाने के बजाय अपने घर के पास जमा कर लेते थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपित भरे हुए सिलेंडरों से 1-2 किलो गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरते थे और फिर इन्हें बाजार में अधिक कीमत पर बेचते थे। इस तरह वे कृत्रिम रूप से गैस की कमी पैदा कर मोटा मुनाफा कमा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा हैं।

# मुख्यमंत्री धामी का ऐलान, शिक्षा बोर्ड का पाठ्यक्रम न पढ़ाने वाले मदरसे होंगे बंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में एक कार्यक्रम के दौरान मदरसा शिक्षा को लेकर बड़ा और सख्त संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य में संचालित सभी मदरसों में अब उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के निर्धारित पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। जो मदरसे इस पाठ्यक्रम को नहीं अपनाएंगे, उन्हें बंद कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही राज्य का मदरसा बोर्ड भंग कर नया प्राधिकरण लागू करने बात कही है।

मुख्यमंत्री धामी रविवार को यहां अखण्ड परम धाम में स्वामी परमानंद गिरि के संन्यास दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्षों से संचालित मदरसा बोर्ड को भंग कर दिया गया है। अब उसकी जगह उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसके तहत सभी मदरसों को प्राधिकरण से मान्यता लेना अनिवार्य होगा और उत्तराखंड बोर्ड से संबद्धता भी जरूरी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 1 जुलाई



2026 से बोर्ड का पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा और जो मदरसे इस पाठ्यक्रम को नहीं अपनाएंगे, उन्हें बंद कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सभी बच्चों को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, जिसमें आधुनिक विषय भी शामिल हों। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा और सुगमता पर विशेष ध्यान दिया गया है। पिछले अनुभवों के आधार पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया गया है। महिला आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व की केंद्र सरकार की ओर से संसद में लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों को नुकसान पहुंचाया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने 1 जुलाई 2026 से उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड को भंग करने का फैसला लिया गया है, जिसमें सभी जिले शामिल हैं। इस फैसले के तहत अब मदरसों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड से जुड़कर निर्धारित पाठ्यक्रम लागू करना होगाऔर राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के नियमों के तहत काम करना होगा। मुख्यमंत्री धामी के राज्य के मदरसा बोर्ड भंग करने के फैसले का संत समाज ने समर्थन किया।

## किशनगंज में 7023 से अधिक एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध, घबराने की जरूरत नहीं : डीएम

किशनगंज। जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और सुचारू है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। रविवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति की स्थिति पूर्णतः सामान्य बनी हुई है। वर्तमान में जिले में 7023 से अधिक गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी व्यवस्था भी नियमित रूप से संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता घर बैठे गैस बुकिंग कर सकते हैं और पूर्व की तरह 2 से 3 दिनों के भीतर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती बनी खतरा, 13 साल की बच्ची को दिल्ली पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक अहम मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटीयू) यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर उसके परिवार से मिलवा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई ने न सिर्फ एक संभावित गंभीर अपराध को टाल दिया, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के खतरों को भी उजागर किया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने रविवार को बताया कि यह मामला शाहबाद डेयरी थाना क्षेत्र का है, जहां 22 जनवरी को एक 13 वर्षीय बच्ची लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर 25 जनवरी को अपहरण का मामला दर्ज किया गया। बच्ची के लापता होने से परिवार और पुलिस दोनों के लिए चिंता बढ़ गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएचटीयू की टीम ने तत्काल जांच शुरू की। इंस्पेक्टर मनोज दहिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल प्रदीप, कांस्टेबल अशोक और महिला कांस्टेबल मिंटू की टीम ने तकनीकी सर्विलांस और फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए बच्ची की तलाश शुरू की। जांच के दौरान टीम ने राजस्थान के सीकर इलाके में कई जगह छापेमारी की। आखिरकार पुलिस ने बच्ची को दिल्ली के सराय काले खां आईएसबीटी इलाके से बरामद कर लिया। जांच में सामने आया कि बच्ची की एक युवक से इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच संपर्क बढ़ा और 22 जनवरी को युवक दिल्ली आकर बच्ची को अपने साथ लेकर राजस्थान के सीकर चला गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला सोशल मीडिया के खतरों को लेकर एक बड़ा संकेत है, जहां अनजान लोग बच्चों का भरोसा जीतकर उन्हें गलत दिशा में ले जा सकते हैं। समय रहते पुलिस की सक्रियता से बच्ची को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली पुलिस ने इस घटना के बाद अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें और उनसे खुलकर बातचीत करें। वहीं बच्चों को भी सलाह दी गई है कि वे सोशल मीडिया पर अजनबियों से दूरी बनाए रखें, अपनी निजी जानकारी साझा न करें और बिना परिवार को बताए किसी से मिलने न जाएं।

# भारत की सभ्यतागत शक्ति का आधार नारी : विजेंद्र गुप्ता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नारी शक्ति, जिसे हमारी परंपरा में सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा के रूप में देखा जाता है, भारत की सभ्यतागत शक्ति का आधार है'' यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज किंग्सवे कैंप स्थित ब्रह्मा कुमारी, शांति भवन में आयोजित ह्लरन फॉर मदर अर्थह्व के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारतअ2047 का लक्ष्य महिलाओं की समान भागीदारी और नेतृत्व के बिना संभव नहीं है।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों से संवाद करते हुए उन्होंने इस पहल को पर्यावरण जागरूकता, नागरिक उत्तरदायित्व और सामाजिक चेतना का एक सशक्त संगम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मंच युवाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप जागरूक, उत्तरदायी और उद्देश्यपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा महिलाओं की भागीदारी को उन्होंने सार्वजनिक जीवन में बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व की दिशा में एक सकारात्मक संकेत बताया। महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में गुप्ता ने संसद में हाल ही में प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में जाना जाता है, का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस विधेयक की प्रस्तुति महिलाओं के प्रतिनिधित्व को शासन व्यवस्था के केंद्र में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। हालांकि, लोकसभा में इस विधेयक के पारित न हो पाने को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की दिशा में ह्ललोकतांत्रिक प्रगति का एक काला दिनह्व करार दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विधायी और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलना संस्थागत सुधार की गति पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। गुप्ता ने जोर देते हुए कहा कि जब तक महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तब तक विकसित भारत अ2047 का लक्ष्य अधूरा रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला नेतृत्व केवल समानता का विषय नहीं, बल्कि संतुलित और प्रभावी शासन के लिए अनिवार्य आवश्यकता है। युवा सशक्तिकरण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि रन फॉर मदर अर्थ जैसे आयोजन एक जागरूक और जिम्मेदार पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं को अवसर, पहचान और नेतृत्व प्रदान करना एक सशक्त और भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण की कुंजी है।

## 'वज्रपात 1.0' ऑपरेशन: 1000 से ज्यादा शराब की बोतलें जब्त, कई आरोपित पकड़े

नई दिल्ली। शाहदरा जिला पुलिस ने अपराध पर नकेल कसने के लिए चलाए गए विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन वज्रपात 1.0 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब, हथियार और असामाजिक तत्वों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। 17 और 18 अप्रैल की दरम्यानी रात को विवेक विहार और सीमापुरी सब-डिवीजन में चलाए गए इस ऑपरेशन के दौरान 1000 से अधिक शराब की बोतलें और क्वार्टर जब्त किए गए, जबकि कई आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र मीणा ने रविवार को बताया कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य अवैध शराब तस्करों, हथियार रखने वालों, जुआरियों, नशा तस्करों और अन्य अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करना था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनकी निगरानी में यह ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें स्थानीय पुलिस के साथ स्पेशल स्टाफ, एंटी-नारकोटिक्स सेल, एएटीएस और तकनीकी सर्विलांस यूनिट्स ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया।

# केदारनाथ यात्रा का शुभारंभ : ओंकारेश्वर मंदिर से रवाना हुई पंचमुखी डोली, 22 अप्रैल को खुलेंगे कपाट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की वार्षिक यात्रा के तहत भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली रविवार को शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद धाम के लिए रवाना हो गई। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच डोली के प्रस्थान के साथ ही क्षेत्र 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। मंदिर परिसर को लगभग आठ कुंतल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा। पूर्व परंपरा के अनुसार शनिवार रात्रि को भैरवनाथ जी की पूजा-अर्चना भी संपन्न की गई। डोली यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और कई भक्त पैदल ही यात्रा में सम्मिलित हुए। निर्धारित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार डोली ऊखीमठ से



प्रस्थान कर गुप्तकाशी पहुंचेगी, जहां श्री विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन देने हेतु अल्प विश्राम किया जाएगा। इसके पश्चात डोली फाटा के लिए प्रस्थान करेगी, जहां रात्रि विश्राम निर्धारित है। आगामी 20 अप्रैल को डोली फाटा से प्रस्थान कर गौरीकुंड स्थित गौरीमाई मंदिर पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। अगले दिन 21 अप्रैल को केदारनाथ धाम पहुंचकर मंदिर भंडार में विराजमान होगी। इसके बाद 22 अप्रैल को प्रातः 08 बजे शुभ मुहूर्त में केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे, जिसके साथ ही यात्रा का औपचारिक शुभारंभ होगा। जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग और बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क एवं पैदल मार्गों का सुदृढ़ीकरण, बर्फ हटाने सहित सभी आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। केदारनाथ क्षेत्र की विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे यात्रा सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। पूरे क्षेत्र में आस्था और उत्साह का माहौल है, और लाखों श्रद्धालुओं के इस वर्ष यात्रा में शामिल होंगे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063